फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 28.3° | अधिक. 29.0° |
| न्यून. 15.0° | न्यून. 15.0° |

रांची, शुक्रवार
27 फरवरी 2026
वर्ष-27, अंक-28, पृष्ठ-12
मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर







## 72 रनों से जीती टीम इंडिया...

# भारत ने जिम्बाब्वे को दी करारी शिकस्त

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय टीम ने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 में मिली पिछली हार को भुलाते हुए जिम्बाब्वे के खिलाफ हुए मुकाबले को 72 रनों से अपने नाम करने के साथ नेट रनरेट में भी भारी सुधार किया है। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टीम इंडिया ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में चार विकेट के नुकसान पर 256 रनों का विशाल स्कोर बनाया था। इस टारगेट का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम 20 ओवर्स में 6 विकेट के नुकसान पर 184 रनों के स्कोर शेष पेज 11 पर

**अभिषेक और हार्दिक के बल्ले से देखने को मिली अर्धशतकीय पारी :** टीम इंडिया की तरफ से इस मुकाबले में उस तरह का बल्लेबाजी प्रदर्शन देखने को मिला जिसकी उम्मीद उनसे पहले मुकाबले से की जा रही है। अभिषेक शर्मा जो पिछले चार मैचों में कुछ खास नहीं कर सके थे, उनके बल्ले से इस मैच में 30 गेंदों में 55 रनों की शानदार पारी देखने को मिली। हार्दिक पांड्या ने फिनिशर की भूमिका को काफी बखूबी अदा करते हुए 23 गेंदों में 50 रनों की पारी खेली।

## एक नजर

### उषा मार्टिन विश्वविद्यालय में छात्रा ने की आत्महत्या

**रांची।** राजधानी रांची स्थित उषा मार्टिन विश्वविद्यालय में बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार, छात्रा अपने कमरे में मृत अवस्था में पाई गई। साथ रहने वाले छात्रों ने दरवाजा काफी देर तक बंद रहने पर संदेह होने पर इसकी सूचना प्रशासन को दी। दरवाजा खोले जाने पर छात्रा को फंदे से लटका हुआ पाया गया। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन और स्थानीय पुलिस को तुरंत सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जेपीएससी सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के आवेदन की तिथि बढ़ी

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग ने झारखंड असैनिक संयुक्त सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा 2025 के लिए आवेदन की तिथि को बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 9 मार्च की शाम पांच बजे तक आवेदन कर सकेंगे। 10 मार्च की शाम पांच बजे तक आवेदन शुल्क जमा कर सकेंगे। जेपीएससी द्वारा जारी सूचना में राज्य सरकार द्वारा उम्र सीमा में की गयी बढोत्तरी को शामिल किया गया है। स्पष्ट किया गया है कि इस प्रतियोगिता परीक्षा के लिए अधिकतम उम्र सीमा एक अगस्त 2022 एवं न्यूनतम उम्र सीमा एक अगस्त 2026 होगी।

## जमशेदपुर में मंदिर का भूमिपूजन कर बोलीं राष्ट्रपति

# आज से भगवान जगन्नाथ हो गए हैं जमशेदपुर बिहारी

भगवान जगन्नाथ जल्दी नहीं आते, उनके आने का करना पड़ता है इंतजार : द्रौपदी मुर्मू

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** 'श्री श्री जगन्नाथ मंदिर की जमशेदपुर में स्थापना का यह सही समय है। भगवान जगन्नाथ जल्दी नहीं आते, उनके आने का इंतजार करना पड़ता है। 'आज से भगवान जगन्नाथ जमशेदपुर बिहारी हो गए हैं। उक्त बातें भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कदमा स्थित मरीन ड्राइव में श्री श्री जगन्नाथ मंदिर एवं जगन्नाथ आध्यात्मिक धर्मार्थ केंद्र की आधारशिला रखने के अवसर पर कहीं।

भूमि पूजन के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भावनात्मक अंदाज में कहा कि अब भगवान जगन्नाथ जमशेदपुर में विराजमान होने जा रहे हैं और 'आज से भगवान जगन्नाथ जमशेदपुर बिहारी हो गए हैं।'राष्ट्रपति ने रांची में स्थापित जगन्नाथ मंदिर का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां मंदिर बनने के बाद भगवान 'निड़ाचढ़ बिहारी' कहलाए और अब झारखंड में व्यापक रूप से पूजे जा रहे हैं। जमशेदपुर में मंदिर निर्माण के साथ उनकी कृपा इस शहर पर भी बरसेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह आध्यात्मिक एवं धर्मार्थ केंद्र न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि समाज सेवा और सांस्कृतिक चेतना का भी महत्वपूर्ण स्थल सिद्ध होगा। इसके पूर्व कदमा मरीन ड्राइव स्थित कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पहुंचते ही पूरे परिसर में उत्साह का माहौल बन गया।

वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के बीच भूमि पूजन संपन्न हुआ और मंदिर निर्माण की औपचारिक शुरुआत की।

**भगवान जगन्नाथ का आगमन प्रतीक्षा और भक्ति का प्रतीक :** अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने भगवान जगन्नाथ की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि वे सर्वसुलभ और सर्वप्रिय भगवान हैं, जिनकी लोकप्रियता पूरे विश्व में है। शेष पेज 11 पर



### सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना केंद्र बनेगा श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक केंद्र : मुख्यमंत्री

**जमशेदपुर।** कुछ संस्थाएं केवल भवन नहीं होतीं, वे स्वयं के साथ-साथ मानव जीवन को भी तराशती हैं। श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के निर्माण की नींव रखी जा रही है, जो आने वाले समय में सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक जागरण का प्रमुख केंद्र बनेगा। यह बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कदमा स्थित मरीन ड्राइव परिसर में आयोजित श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के भूमि पूजन समारोह को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने इस पहल को सामाजिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समन्वय का जीवंत केंद्र बताते हुए इसे राज्य के लिए गौरवपूर्ण और सराहनीय कदम बताया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शिलापट्ट का अनावरण कर केंद्र की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में स्थापित होने वाली संस्थाएं केवल संरचनाएं नहीं होतीं, बल्कि वे विचार, संस्कार और संस्कृति को आगे बढ़ाने का माध्यम बनती हैं। मुख्यमंत्री ने श्री जगन्नाथ स्पिरिचुअल एंड कल्चरल चैरिटेबल सेंटर ट्रस्ट की सोच और उद्देश्य की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि यह केंद्र एक अभूतपूर्व और भव्य स्वरूप में विकसित होगा। उन्होंने सभी संबंधित लोगों को बधाई देते हुए कहा कि यह पहल राज्य की सांस्कृतिक पहचान को और सशक्त करेगी। शेष पेज 11 पर

## चंपाई सोरेन के पौत्र की अंत्येष्टि में पहुंचे सीएम

# 'जवान पोते को कंधा देना असहनीय पीड़ा': हेमंत सोरेन



वीर सिंह सोरेन पंचतत्व में हुए विलीन

नवीन मेल संवाददाता

**गम्हरिया/राजनगर।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पौत्र वीर सिंह सोरेन गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड स्थित उनके पैतृक गांव झीलिंगगोड़ा में राजकीय सम्मान और पारंपरिक संताली रीति-रिवाजों के साथ उनकी अंत्येष्टि संपन्न हुई। इस दुखद घड़ी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत राज्य के कई दिग्गज नेताओं ने शिरकत की। वीर सोरेन का पार्थिव शरीर जैसे ही जमशेदपुर के टीएमएच अस्पताल से पैतृक निवास पहुंचा, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अपने चहेते युवा को अंतिम विदाई देने के लिए हजारों ग्रामीणों और समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। वीर को चंपाई सोरेन के आवास के समीप बाड़ी में दफनाया गया। शेष पेज 11 पर

# नगर निकाय चुनाव मतगणना आज, प्रशासनिक तैयारियां पूरी

नवीन मेल संवाददाता




- सबसे पहले वार्ड पार्षद के वोटों की गणना होगी
- रांची नगर निगम में पांच राउंड में होगी मतों की गिनती

**रांची।** राज्य की 48 नगर निकायों में 23 फरवरी को हुए मतदान का नतीजा शुक्रवार से आना शुरू हो जाएगा। शुक्रवार को सभी निकायों में सुबह आठ बजे से मतों की गणना शुरू होगी। बैलेट पेपर से चुनाव होने के कारण मतगणना कई दिनों तक होने की संभावना है।

सबसे पहले वार्ड पार्षद के लिए पड़े वोटों की गणना होगी, उसके बाद महापौर या अध्यक्ष पद के लिए पड़े वोटों की गणना होगी। ऐसे में पहले दिन वार्ड पार्षदों के चुनाव का ही नतीजा आने की संभावना है। शेष पेज 11 पर

## राष्ट्रपति ने बारीडीह में मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज का किया दौरा

# प्रोटोकॉल तोड़कर आम जनता से मिली

नवीन मेल संवाददाता



**जमशेदपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कदमा में आयोजित श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के भूमि पूजन के बाद बारीडीह पहुंचीं, जहां उन्होंने मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज में 'परिचय सम्मेलन' में भाग लिया। राष्ट्रपति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ फोटो सेशन किया, मेधावी छात्रों से संवाद किया और कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर पौधारोपण किया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब राष्ट्रपति कॉलेज परिसर से बाहर निकलीं, तो सड़क किनारे बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ मौजूद थी। लोगों का उत्साह देखकर उन्होंने अपना काफिला रुकवाया और वाहन से उतरकर पैदल ही जनता के बीच पहुंच गईं। राष्ट्रपति करीब 150 कदम तक आम लोगों के बीच चलीं और अभिवादन स्वीकार किया। शेष पेज 11 पर

### होलिका दहन के दिन साल का पहला चंद्र ग्रहण

**नई दिल्ली।** साल 2026 का पहला चंद्र ग्रहण 3 मार्च को होली से ठीक एक दिन पहले पड़ने वाला है। ऐसे में ये जानना बेहद जरूरी हो जाता है कि ग्रहण की सूतक अवधि कब से कब तक रहेगी और इस दौरान किन जरूरी सावधानियों को बरतना जरूरी है। होली से ठीक एक दिन पहले फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि पर होलिका दहन के दिन साल का पहला चंद्र ग्रहण लगने वाला है। चंद्र ग्रहण की शुरुआत मंगलवार दोपहर 3 बजकर 20 मिनट से होगी और 6 बजकर 46 मिनट पर समाप्त होगी। ग्रहण का प्रभाव पूरे 3 घंटे और 27 मिनट तक रहेगा।

# बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करेगी सरकार : शिल्पी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सदन में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को कहा कि रांची के कांके में एशिया का सबसे बड़ा और एकमात्र स्थापित सरकारी बेकन फैक्ट्री को खोलने पर कार्य किया जा रहा है। मंत्री झारखंड विधानसभा में बजट के कटौती प्रस्ताव पर जवाब दे रही रही थीं। उन्होंने कहा कि कभी देश दुनिया में रैनबैक ब्रांड की पहचान थी। यहां से निर्मित पोर्क, कबाब, सलामी और सॉसेज जैसे उत्पाद नॉर्थ ईस्ट के देशों तक भेजे जाते थे। उन्होंने सदन में विपक्षी सदस्य नवीन जायसवाल की ओर से लाए गए आंकड़ों को भ्रामक बताया। मंत्री ने कहा कि विभाग ने अब तक 67 प्रतिशत राशि खर्च कर ली है और वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक 80-90 प्रतिशत व्यय का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि धान खरीदारी के तहत 21,800 किसानों को 10 करोड़ रुपये यूपीआई माध्यम से सीधे भुगतान किए गए हैं। मिलेट मिशन योजना के आंकड़े भी सदन को उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देशी मांगुर मछली पर कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में कई एफआईआर दर्ज किए गए हैं। शेष पेज 11 पर



#### झारखंड विधानसभा में गरमाया ओबीसी स्कॉलरशिप मामला

### भुगतान में देरी पर सरकार से जवाब तलब

**रांची।** डुमरी विधायक जयराम महतो ने गुरुवार को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान ओबीसी छात्रों को अब तक छात्रवृत्ति राशि नहीं मिलने का गंभीर मामला सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति में हो रही देरी से हजारों विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। जयराम ने अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से सरकार से पूछा कि राज्य सरकार कबतक विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करेगी। शेष पेज 11 पर

## संबोधन

## इजरायल संसद में प्रधानमंत्री मोदी ने किया संबोधित, कहा

# इजरायल के साथ व्यापार बढ़ाएगा भारत

तेल अवीव (आईएएनएस)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत इजरायल के साथ व्यापार बढ़ाने, निवेश को मजबूत करने और संयुक्त बुनियादी ढांचा विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पिछले साल हस्ताक्षरित द्विपक्षीय निवेश संधि से दोनों देशों के कारोबारियों को भरोसा और स्थिरता मिलेगी।

इजरायल की संसद में अपने ऐतिहासिक संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने कई महत्वपूर्ण व्यापार समझौते किए हैं। उन्होंने कहा, "आपके पश्चिम में यूरोपीय संघ और यूके के साथ, और पूर्व में यूएई तथा ओमान के साथ हमने समझौते किए हैं। इजरायल के साथ हमारा द्विपक्षीय वस्तु व्यापार पिछले वर्षों में कई गुना बढ़ा है, लेकिन यह अभी भी संभावनाओं के पूरे दायरे को नहीं दिखाता। इसलिए हमारी टीमें एक महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर काम कर रही हैं। इससे हमारे व्यापार संबंधों की बड़ी संभावनाएं खुलेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, इजरायल, यूएई और अमेरिका के बीच आई2यू2 ढांचे और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे जैसे मंचों पर भी मिलकर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा, "इजरायल को अक्सर 'स्टार्ट-अप नेशन' कहा जाता है। हाल के वर्षों में हमने भी अपने युवाओं की नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया है। शेष पेज 11 पर

### नवाचार, कृषि और डिजिटल जुड़ाव को नई गति

उन्होंने कहा, "हमारी महत्वाकांक्षा इजरायल की इनोवेशन व्यवस्था से मेल खाती है। क्वांटम तकनीक, सेमीकंडक्टर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में सहयोग की बड़ी संभावनाएं हैं। हम डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए सीमा पार वित्तीय जुड़ाव बनाने पर भी काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इजरायल के रेगिस्तान में कृषि सफलता की सराहना करते हुए कहा कि सटीक सिंचाई और जल प्रबंधन में इजरायली विशेषज्ञता ने भारत में कृषि पद्धतियों को बदल दिया है। उन्होंने कहा, हमने मिलकर भारत में 43 उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए हैं, जिन्होंने पांच लाख से अधिक किसानों को प्रशिक्षण दिया है। अब हमें 100 केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य रखना चाहिए, ताकि लाखों किसानों और मछुआरों को लाभ मिल सके।

# डायन बिसाही के शक में वृद्ध महिला की टांगी से काटकर निर्मम हत्या

नवीन मेल संवाददाता

शादी में शामिल होने जा रही थी पीड़िता



**गुमला।** जिले के पालकोट थाना क्षेत्र में अंधविश्वास के नाम पर एक वृद्ध महिला की बेरहमी से हत्या कर दी गई। उमड़ा पंचायत के पंडरापानी गांव स्थित खेल मैदान के समीप जंगल के पास महिला का क्षत-विक्षत शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। महिला की टांगी (कुल्हाड़ी) से काटकर निर्मम तरीके से हत्या की गई है।

मृतका की पहचान बघिमा अम्बाटोली गांव निवासी मंगरी देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मंगरी देवी पंडरापानी गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही थीं। इसी दौरान जंगल के पास घात लगाकर उनकी हत्या कर दी गई।

**डायन होने का आरोप लगाकर दी गई हत्या की धमकी :** मृतका के पुत्र सुकरा लोहरा ने बताया कि गांव के ही गोविंदा खड़िया और जागुड खड़िया उनकी मां पर डायन होने का आरोप लगाते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि गोविंदा खड़िया की मां की तबीयत खराब रहने और जागुड खड़िया के लकवाग्रस्त होने के बाद दोनों उनकी मां को इसका जिम्मेदार ठहराते थे और जान से मारने की धमकी भी दी थी। इसी बीच जब उनकी मां शादी समारोह में जा रही थीं, तभी रास्ते में उनकी हत्या कर दी गई।

**जंगल से बरामद हुआ क्षत-विक्षत शव, पुलिस जांच में जुटी :** घटना की सूचना मिलते ही पालकोट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। शेष पेज 11 पर

# जापान ऑन कैनवास स्पर्धा में विवान को मिला अवार्ड

- जेवीएम श्यामली के चौथी कक्षा के छात्र है विवान शौर्य
- झारखंड से एकमात्र विजेता बनकर राज्य का नाम किया रोशन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 'एक्सपीरियंस जापान' द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता 'जापान ऑन कैनवास 2025-26' के परिणामों की घोषणा कर दी गई है। इस प्रतियोगिता में रांची के जेवीएम श्यामली के चौथी कक्षा के छात्र विवान शौर्य ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 'आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस अवार्ड' अपने नाम किया है।

### प्रतियोगिता का विवरण

साल 2013 में शुरू हुई यह प्रतियोगिता अब अपने 11वें संस्करण में प्रवेश कर चुकी है। इस वर्ष 'जापान ऑन कैनवास 2025-26' का आयोजन जापान दूतावास के 'जापान मंथ' उत्सव के तहत किया गया था। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पूरे भारत वर्ष से चयनित 206 स्कूलों से लगभग 4876 छात्रों ने भाग लिया था । विवान ने कैटेगरी-1 (कक्षा 4 से 6) में हिस्सा लिया था, जिसका विषय 'माउंट फुजी और चेरी ब्लॉसम' था।

### राज्य के इकलौते विजेता

कड़ी प्रतिस्पर्धा और कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद चुने गए पुरस्कार विजेताओं में विवान शौर्य झारखंड राज्य से एकमात्र विजेता हैं । उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल के प्राचार्य समरजीत जाना ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही, उनकी ड्राइंग शिक्षिका सपना दास, नीतू सिंह और कक्षा अध्यापिका शीतल कुमारी ने भी विवान की इस रचनात्मक सफलता पर गर्व व्यक्त किया है।

# राज्य में हो रहा चार्टर्ड एयर एंबुलेंस घोटाला : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एयर एंबुलेंस सेवा राज्य की बहुप्रचारित योजना के रूप में प्रस्तुत किया गया था, लेकिन हालिया दुखद हवाई हादसे ने इसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बताया गया कि एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनी द्वारा मरीज को 30% से अधिक बर्न इंजरी का हवाला देकर सरकारी सब्सिडी देने से इनकार कर दिया गया। बाद में उसी मरीज को 5 लाख के बजाय 8 लाख रुपये किराया तय होने पर दिल्ली ले जाने के लिए तैयार हो गए। न जाने कितने ऐसे बहाने बनाकर रोज गरीबों को लूटा जा रहा है।

श्री जगन्नाथ स्पिरिचुअल व कल्चरल चैरिटेबल सेंटर का भूमि पूजन कार्यक्रम

# समाज को जोड़ने और राष्ट्र की एकता को सुदृढ़ करती है आस्था : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/जमशेदपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को 'श्री जगन्नाथ स्पिरिचुअल एवं कल्चरल चैरिटेबल सेंटर', कदमा, जमशेदपुर के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि 'लौहनगरी' जमशेदपुर केवल उद्योगों का केंद्र नहीं, बल्कि अनुशासन, श्रम, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की परंपरा का जीवंत प्रतीक है। इस नगर की पहचान विश्वविख्यात औद्योगिक समूह टाटा ग्रुप तथा विशेष रूप से टाटा स्टील से जुड़ी है। जमशेदजी टाटा का स्वप्न केवल औद्योगिक उन्नति तक सीमित नहीं था, बल्कि राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा की व्यापक दृष्टि से प्रेरित था। यही कारण है कि जमशेदपुर एक आदर्श नगर के रूप में प्रतिष्ठित है, जहां उद्योग और मानवीय संवेदना का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है।

राज्यपाल ने कहा कि ऐसी पावन कर्मभूमि पर भगवान जगन्नाथ के नाम से आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना अत्यंत सार्थक है। 'जगन्नाथ' अर्थात समस्त जगत के स्वामी करुणा, समावेश और लोक-कल्याण की प्रेरणा देते हैं, साथ ही श्रद्धा और सेवा का संदेश प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ की महिमा देश-विदेश में सर्वव्यापी है। रथ यात्रा की परंपरा ओडिशा और झारखंड सहित पूरे भारत को आध्यात्मिक सूत्र में पिरोने का कार्य करती है। जगन्नाथ मंदिर, पुरी से आरंभ होने वाली विश्वविख्यात रथ यात्रा आस्था और सांस्कृतिक उल्लास का प्रतीक है। झारखंड के रांची, जमशेदपुर सहित विभिन्न हिस्सों में भी यह पर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के साथ मनाया जाता है।

राज्यपाल ने कहा कि आस्था सीमाओं में बंधी नहीं होती, बल्कि समाज को जोड़ने और राष्ट्र की एकता को सुदृढ़ करने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि इस आध्यात्मिक केंद्र की आधारशिला केवल एक भवन निर्माण का आरंभ नहीं, बल्कि सेवा, सद्भाव और संस्कारों की मूल्य-परंपरा की स्थापना है। यह केंद्र आने वाली पीढ़ियों को सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रेरणा देगा।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश विकास और विरासत, दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि 'श्री जगन्नाथ स्पिरिचुअल एवं कल्चरल चैरिटेबल सेंटर' आने वाले समय में भक्ति, संस्कृति और सेवा की त्रिवेणी बनकर समाज को नई दिशा देगा और जन-कल्याण की प्रेरणा का केंद्र बनेगा।



झारखंड दौरे पर पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट में अभिवादन और स्वागत करते हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

## राष्ट्रपति मुर्मु दिल्ली लौटीं

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार को दिन में विशेष विमान से रांची एयरपोर्ट पहुंचीं। उनका विशेष विमान दिन के 10.30 बजे रांची आया। यहां पर राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनक स्वागत किया। वह जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने आयी थीं। स्वागत के बाद वह हेलीकॉप्टर से लगभग 10.55 बजे जमशेदपुर से लिए रवाना हो गईं। जमशेदपुर के कार्यक्रम में भाग लेने के बाद वह 4.20 बजे हेलीकाप्टर से पुन: रांची एयरपोर्ट पहुंचीं। इसके बाद वह विमान में बैठकर शाम 4.55 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुईं। इस क्रम में एयरपोर्ट में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई थी। एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल से लेकर पूरी सड़क पर पुलिक बल की तैनाती की गई थी।

# करनाल से आई टीम ने बीएयू में गेहूं व जौ अनुसंधान कार्यों की सराहना की

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल, हरियाणा की एक मॉनिटरिंग टीम ने बृहस्पतिवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का दौरा किया तथा गेहूं एवं जौ संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत बीएयू में चल रहे शोध कार्यों की समीक्षा की।

मॉनिटरिंग टीम में करनाल से आये वरीय वैज्ञानिक (पौधा प्रजनन) डॉ संतोष बिश्नोई तथा डॉ रवीन्द्र कुमार (पौधा रोग) शामिल थे। बीएयू में परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ सूर्य प्रकाश ने बताया कि टीम ने प्रायोगिक प्रक्षेत्रों के भ्रमण के बाद शोध कार्यों की सराहना की तथा जौ की छिलका रहित किस्मों पर ज्यादा शोध कार्य करने पर बल दिया ताकि बेहतर लाभ के लिए किसानों के बीच छिल्का रहित जौ किस्मों को प्रसारित किया जा सके।

टीम ने कुलपति डॉ एससी दुबे तथा अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह से भी मुलाकात की तथा गेहूं और जौ के क्षेत्र में झारखंड के लिए शोध प्राथमिकताओं पर चर्चा की।

## श्री श्याम मंडल का रंगभरी एकादशी पर कार्यक्रम आज

**रांची।** श्री श्याम मंडल द्वारा आयोजित रंगभरी एकादशी का आयोजन आज को रात्रि 9 बजे से 1 बजे तक होगा। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्री श्याम प्रभु का नयनाभीराम भव्य श्रृंगार, केसरिया होली, छप्पन भोग एवं 22 वें भजन पुस्तिका का विमोचन चिन्मय मिशन के स्वामी परिपूर्णानंद जी द्वारा किया जाएगा। इसके पश्चात श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा भाव भरा संकीर्तन भजन का कार्यक्रम आयोजित है। 28 फरवरी द्वादशी के दिन प्रातः आरती के पश्चात सवामनी का भोग श्री श्याम प्रभु को भक्तगण द्वारा अर्पित किया जाएगा तथा संपूर्ण दिवस श्री श्याम प्रभु का दर्शन एवं खीर चूरमा का भोग भूतगणों के बीच वितरित किया जाएगा।

अपराध पीड़ितों को मिलेगा न्यूनतम मुआवजा

# झारखंड पीड़ित प्रतिकर योजना 2016 लागू

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड सरकार ने झारखंड पीड़ित प्रतिकर योजना 2016 के तहत किसी भी प्रकार के अपराध से हुई हानि या क्षति के लिए पीड़ित या आश्रित को यथोचित मुआवजा भुगतान का प्रावधान किया है । इसके लिए पीड़ित या उसके आश्रित को न्यूनतम राशि का भुगतान किया जाना है ।

### अपराध से हुई हानि या क्षति पर तय की गई है न्यूनतम राशि

विभिन्न प्रकार के अपराध यथा तेजाब हमला से घायल व्यक्ति को क्षति या हानि होने पर प्रतिकर की न्यूनतम राशि 3 लाख रुपये है। वहीं बलात्कार के लिए भी 3 लाख रुपए की मुआवजा राशि का प्रावधान है जबकि नाबालिग का शारीरिक शोषण के लिए 2 लाख, मानव तस्करी से पीड़ित का पुनर्वास के लिए 1 लाख , यौन प्रताड़ना (बलात्कार नहीं) के लिए 50 हजार ,किसी भी अपराध में हुई मृत्यु में 2 लाख ,स्थायी विकलांगता (80 प्रतिशत या अधिक )में भी 2 लाख , आंशिक विकलांगता(40 प्रतिशत से 80 प्रतिशत ) में 1 लाख रुपये, शरीर का 25 प्रतिशत से अधिक जलना (तेजाब हमला को छोड़कर) में 2 लाख रुपए, भ्रूण हानि में 50 हज़ार रुपए, प्रजनन क्षमता की हानि में 1.5 लाख रुपए, सीमा पर दो तरफा फायरिंग से पीड़ित महिला के स्थायी विकलांगता (80 प्रतिशत या अधिक) या मृत्यु होने पर 2 लाख रुपए और आंशिक विकलांगता (40 प्रतिशत या अधिक) पर 1 लाख रुपये की मुआवजा राशि का प्रावधान किया गया है साथ ही किसी भी अपराध में यदि शरीर के किसी भाग या अंग की हानि हो जिसके चलते 40 प्रतिशत से कम विकलांगता होने पर 50 हज़ार रुपए, बाल पीड़ित की साधारण हानि या क्षति 10 हज़ार रुपये और कोई अन्य पीड़ित का पुनर्वास पर 50 हजार रुपए की मुआवजा राशि का प्रावधान किया गया है ।

मुआवजा राशि का निर्धारण पीड़ित व्यक्ति को हुई हानि या क्षति, उपचार में हुए व्यय,अन्त्येष्टि में हुए खर्च आदि के रूप में अनुषंगिक व्यय सहित पुनर्वास के लिए अपेक्षित न्यूनतम रकम के आधार पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा किया गया है।

झारखंड पीड़ित प्रतिकर योजना 2016 के तहत मुआवज़ा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सक्षम आवेदन किया जा सकता है। योजना में यह भी प्रावधान है कि यदि पीड़ित व्यक्ति की उम्र 14 वर्ष से कम है तो प्रतिकर की रकम में विनिर्दिष्ट रकम से 50 प्रतिशत अधिक की बढ़ोतरी की जा सकेगी।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सिक्किम में 400 फीट सस्पेंशन ब्रिज का किया उद्घाटन

# मांगन जिले की विकास योजनाओं की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सिक्किम के पेगोंग स्थित आईटीबीपी परिसर में मांगन जिले की व्यापक समीक्षा बैठक की। बैठक में सिक्किम सरकार के मंत्री समदुप लेपचा, जिला कलेक्टर अनंत जैन, पुलिस अधीक्षक एल.बी. छेत्री, एसडीएम संदीप कुमार सहित सीमा सड़क संगठन और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के अधिकारी मौजूद थे। मंत्री ने विभिन्न विकास एवं अवसंरचना परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए समयबद्ध कार्यान्वयन, विभागीय समन्वय और योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद मंत्री ने उत्तर सिक्किम में 400 फीट लंबे बेली सस्पेंशन ब्रिज का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह पुल केवल ढांचा नहीं, बल्कि सीमावर्ती गांवों के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में साकार हो रहा है।

सीमा सड़क संगठन ने ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (2023), चक्रवात रेमल (2024) और 2025 के बादल फटने से क्षतिग्रस्त लाचेन अक्ष को पुनर्स्थापित किया। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में 96 भूस्खलन हटाए गए, चार पुलों का निर्माण और दो की मरम्मत की गई तथा आठ किमी नई फॉर्मेशन कटिंग की गई।

ताराम चू ब्रिज पर चंगथांग–लाचेन मार्ग की बहाली से उत्तर सिक्किम में आवागमन और आवश्यक आपूर्ति फिर से सुचारु हो सकी है। समारोह में सेना, बीआरओ, जिला प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**समझौता** डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल

# भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और गूगल के बीच एमओयू

- देशभर के लोग जल्द ही अपने नजदीकी सत्यापित आधार केंद्र का पता और उपलब्ध सेवाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रांची में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत गूगल और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के बीच गुरुवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। चाणक्य बीएनआर होटल में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आधार आधारित सेवाओं को अधिक सुरक्षित, सहज एवं नागरिक-केंद्रित बनाते हुए डिजिटल सेवाओं की पहुंच को व्यापक करना है।

इस पहल से देश भर के निवासियों के लिए अधिकृत आधार केंद्रों तक पहुंच में आसानी होगी और सुविधा में बढ़ोत्तरी होगी। इस पहल से नागरिकों को आधार केंद्रों की पहचान करने में सहायता मिलेगी। साथ ही वयस्क नामांकन, बाल नामांकन या केवल पता और मोबाइल नंबर अपडेट जैसी सेवाओं से संबंधित केन्द्रों की सटीक जानकारी उपलब्ध होगी। इसके अलावा, केंद्र की सुगमता से संबंधित जानकारी, जैसे दिव्यांग-अनुकूल बुनियादी ढांचा, पार्किंग सुविधा की उपलब्धता और संचालन समय संबंधी जानकारी को प्रदर्शित किया जाएगा जिससे नागरिकों को और अधिक सुविधा मिलेगी। यह सुविधा आने वाले महीनों में उपलब्ध होने की आशा है। इस सहयोग का उद्देश्य जनसुविधा को बढ़ाना, गलत सूचनाओं से बचना और यह सुनिश्चित करना है कि नागरिकों को देशभर में अत्याधुनिक आधार सेवा केंद्रों (एएसके) सहित 60,000 से अधिक आधार केंद्रों तक निर्बाध पहुंच प्राप्त हो। इससे यह सुनिश्चित होगा कि जब उपयोगकर्ता गूगल मैप्स पर खोज करेंगे, तो उन्हें सत्यापित आधार केंद्रों तक निर्देशित किया जाएगा।

गूगल इंडिया की रणनीतिक साझेदारी की कंट्री हेड सुश्री रोली अग्रवाल ने कहा कि यूआईडीएआई के साथ मिलकर सत्यापित आधार केंद्रों को एकीकृत करने से, हम लाखों निवासियों के लिए भरोसेमंद सेवाओं को विश्वास के साथ ढूंढना आसान बना रहे हैं और आवश्यक सरकारी बुनियादी ढांचे और उन लोगों के बीच के अंतर को पाट रहे हैं जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

## आधार धारकों के जीवन में सुगमता लाना है : भुवनेश कुमार

यूआईडीएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश कुमार ने कहा कि यूआईडीएआई का उद्देश्य हमेशा आधार नंबर धारकों के जीवन में सुगमता लाने पर केंद्रित रहा है। यह सहयोग सुनिश्चित करेगा कि अधिकृत आधार केंद्रों तक पहुंच अब आसान, तेज और अधिक पारदर्शी होगी। सहयोग के अगले चरण में, यूआईडीएआई केंद्र की जानकारी को प्रबंधित करने और लोगों की प्रतिक्रिया का सीधे जवाब देने के लिए गूगल बिजनेस प्रोफाइल का उपयोग करेगा, जिससे एक पारदर्शी और उत्तरदायी सेवा प्रणाली सुनिश्चित होगी। भविष्य में, यह साझेदारी गूगल मैप्स इंटरफेस के माध्यम से सीधे अपॉइंटमेंट बुकिंग की संभावनाओं का पता लगाएगी, जिससे निवासियों को अपनी यात्राओं की योजना और भी अधिक कुशलता से तय करने में मदद मिलेगी।

## न्यूज बॉक्स

### एआई गवर्नेंस व क्षमता निर्माण पर एमओयू



**रांची।** नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल) ने गुरुवार को साइबर पीस के साथ एमओयू किया। इसके तहत साइबर कानून, साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) गवर्नेंस, डिजिटल फॉरेंसिक, शोध, क्षमता निर्माण तथा सामुदायिक जागरुकता के क्षेत्रों में सहयोग किया जाएगा। यह समझौता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अशोक आर पाटिल और साइबर पीस के संस्थापक मेजर विनीत कुमार के बीच हस्ताक्षरित हुआ। अब दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग, संयुक्त शोध परियोजनाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम, राष्ट्रीय सम्मेलन, हैकाथॉन, साइबर मूट कोर्ट प्रतियोगिताएं और साइबर लीगल एड पहल जैसे कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। डॉ अशोक आर पाटिल ने कहा कि विश्वविद्यालय साइबर और एआई से संबंधित ऐसे पाठ्यक्रम तैयार कर रहा है, जो न केवल छात्रों बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पेशेवरों के लिए भी उपयोगी होंगे। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड आज एक गंभीर चुनौती है और इससे निपटने का सर्वोत्तम तरीका तकनीकी रूप से स्वयं को सशक्त बनाना है। समझौते की एक महत्वपूर्ण पहल विश्वविद्यालय के साइबर लीगल एड क्लिनिक को सुदृढ़ करना है।

### बीआईटी मेसरा में 2026-28 सत्र के लिए एमबीए में प्रवेश प्रारम्भ

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा (बीआईटी मेसरा) ने शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए अपने परिसर आधारित एमबीए तथा ऑनलाइन एमबीए कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है। दोनों कार्यक्रम अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दूरस्थ शिक्षा प्रकोष्ठ के अंतर्गत मान्यता प्राप्त हैं। चार सत्रों में संचालित ये कार्यक्रम परिणाम आधारित शिक्षण पद्धति तथा विकल्प आधारित अंक प्रणाली पर आधारित हैं। कार्यक्रमों में दो कार्यात्मक विशेषज्ञताओं का चयन करने की सुविधा दी जाएगी तथा अध्ययन के दौरान निरंतर मूल्यांकन प्रणाली लागू रहेगी। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास न्यूनतम तीन वर्षीय स्नातक उपाधि होना आवश्यक है, जिसमें सामान्य वर्ग के लिए कम से कम 50 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों के लिए 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं। वर्ष 2026 में स्नातक अंतिम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थी भी अस्थायी रूप से आवेदन कर सकते हैं। परिसर आधारित एमबीए कार्यक्रम (मेसरा मुख्य परिसर एवं लालपुर इकाई) में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रबंधन प्रवेश परीक्षाओं कैट, सैट, सीमैट या मैट में वैध अंक आवश्यक हैं। एक से अधिक परिसर के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को प्रत्येक परिसर हेतु अलग आवेदन करना होगा। परिसर आधारित एमबीए कार्यक्रम के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 14 मार्च 2026 है। ग्रुप डिस्कशन एवं पर्सनल इंटरव्यू 27 और 28 मार्च 2026 को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किए जाएंगे तथा परिणाम अप्रैल 2026 के प्रथम सप्ताह में घोषित किए जाएंगे। ऑनलाइन एमबीए कार्यक्रम के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों के व्यक्तिगत साक्षात्कार 11 और 12 मई 2026 को होंगे तथा परिणाम 20 मई 2026 को घोषित किए जाएंगे। अधिक जानकारी एवं आवेदन पत्र संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती समारोह में राज्यपाल को किया गया आमंत्रित



**रांची।** कुरमाली भाषा परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सरदार पटेल स्मृति समिति के अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो ने राज्यपाल संतोष गंगवार से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया। डॉ महतो ने बताया कि भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय के सौजन्य से सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर रांची स्थित आर्यभट्ट सभागार में 04 अप्रैल 2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर झारखंड के कला संस्कृति एवं सरदार पटेल के विभिन्न पहलुओं को दिखाया जाएगा एवं उनके राष्ट्रनिर्माण में योगदान, एकता और अखंडता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। राज्यपाल के अलावे झारखंड के मंत्री, विधायक, सांसद सभी को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही यहां के साहित्यकार कवि, लेखक, समाजसेवी सम्मानित किया जाएगा। राज्यपाल संतोष गंगवार ने आमंत्रण के लिए आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वाईसी कुटुम्ब के अध्यक्ष विंग कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह भी उपस्थित थे। मुलाकात के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई।

### अबुआ अधिकार मंच का होली मिलन 28 को



**रांची।** अबुआ अधिकार मंच रांची विश्वविद्यालय इकाई द्वारा होली मिलन समारोह सह रंगोत्सव का आयोजन 28 फरवरी को रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में किया जा रहा है। मंच के इंचार्ज ऑफ यूथ एंड स्टूडेंट्स अफेयर्स अभिषेक शुक्ला ने कहा के इस होली मिलन समारोह मे मुख्य आकर्षण का केंद्र लाइव डीजे एवं छात्र-छात्राओं के लिए 600 किलो अबीर होगा। रांची विश्वविद्यालय पीजी कैंपस समेत सभी महाविद्यालय एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश निशुल्क होगा। अभिषेक शुक्ला कहा के दोनों विश्वविद्यालय के छात्र- छात्राएं इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंच के इस होली मिलन समारोह रंग उत्सव के सफल आयोजन के लिए मंच के विशाल कुमार यादव, विपिन कुमार यादव, दिवाकर प्रजापति, अर्जुन महतो,अंकित कुमार,आयुष पाठक,राहुल यादव, सुदीप मिंज, सोनू राणा, विकास कुमार के अलावा कई सदस्य विगत 2 सप्ताह से तैयारी में जुटे हैं।

### राज्य सरकार दिव्यांगजनों के हितों के प्रति जागरूक : जटाशंकर चौधरी

**रांची।** पैरालंपिक कमिटी ऑफ झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष सह पूर्व आईएएस जटाशंकर चौधरी ने मोरहाबादी के पास शुक्रवार को पैरालंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के नए कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान पूजा-अर्चना के बाद समिति के अध्यक्ष जटाशंकर चौधरी ने झारखंड सरकार को कार्यालय उपलब्ध कराने के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार दिव्यांगजनों के हितों के प्रति जागरूक है। उनके उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जटाशंकर ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा सामने लानी चाहिए, उन्हें उचित मंच तक पहुंचाने की जिम्मेदारी समिति की है। प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयास जारी हैं। निकट भविष्य में झारखंड की पैरालंपिक टीम राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करेगी। मौके पर समिति के सचिव कुमार गौरव, उपाध्यक्ष शुभाशीष झा, सचिव हीरालाल टुडू सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी और गणमान्य लोग मौजूद थे।

# नीदरलैंड से एलएसडी मंगवा कर रांची में बेचने वाले दो गिरफ्तार

## डार्क वेब के जरिए करते थे ऑर्डर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नशे के सौदागरों को रांची पुलिस ने तीखी चोट दी है। पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का खुलासा किया है जो विदेश से खतरनाक और महंगा ड्रग्स मंगवा कर रांची में सप्लाई कर रहा था। पुलिस ने दो तस्करों को 100 एलएसडी पैच के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के नाम कुमार अभिषेक और अविनाश कुमार बताये गये। ये लोग एलएसडी को नीदरलैंड से कुरियर के जरिए रांची मंगवाते थे। ऑर्डर करने के लिए डार्क वेब का इस्तेमाल किया जाता था। इस बात का खुलासा आज रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने किया है। सिटी एसपी पारस राणा ने मीडिया को बताया कि बीते बुधवार की दोपहर करीब 1:30 बजे एसएसपी राकेश रंजन को पुख्ता जानकारी मिली कि नशे का सामान एक पार्सल के जरिए मंगाया गया है, जिसकी डिलीवरी हेसल स्थित ओझा मार्केट के पास होनी है। सूचना मिलते ही सिटी एसपी पारस राणा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस ने बताए गए लोकेशन पर घेराबंदी की। इसी दौरान एक लाल कपड़ा पहने हुए एक लड़का वहां पहुंचा। माल रिसीव किया और वहां से चल दिया। मोके पर मौजूद पुलिस की टीम ने उसे धर दबोचा। पूछताछ में उसकी पहचान कुमार अभिषेक के रूप में हुई।



### तलाशी में मिला विदेशी पार्सल

पुलिस ने जब कुमार अभिषेक की विधिवत तलाशी ली तो उसके पैंट की बाईं जेब से एक सफेद लिफाफा बरामद हुआ। लिफाफे पर "नीदरलैंड इंटरनेशनल" लिखा हुआ टिकट लगा था, जिससे साफ हुआ कि पार्सल विदेश से आया है। जांच के दौरान लिफाफे के अंदर से 100 एलएसडी पैच बरामद किए गए। ये रंग-बिरंगे कागज के छोटे टुकड़ों के रूप में थे, जिन्हें ड्रग्स के रूप में इस्तेमाल किया जाता है।

### क्रिप्टो करेंसी से किया गया भुगतान

कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि उसने अपने साथी अविनाश कुमार के साथ मिलकर डार्क वेब के जरिए इस ड्रग्स का ऑर्डर दिया था। इसके लिए क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से नीदरलैंड में भुगतान किया गया था। इसके बाद पार्सल को डाक के जरिए रांची मंगाया गया। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि पहले भी इस तरह के पार्सल मंगाए गए थे या नहीं।

# 27.24 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




पुंदाग ओपी क्षेत्र के भागलपुर लवातू टोला में पुलिस ने छापेमारी कर 27.24 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 253 पुड़िया मादक पदार्थ, नगद राशि, मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन बरामद की गई है।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भागलपुर लवातू टोला निवासी कृष्ण कुमार महतो अपने घर से ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर रहा है। सूचना वरीय पुलिस अधीक्षक को दी गई। उनके निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक, हटिया के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया।

दल ने आरोपी के घर पर छापेमारी कर कृष्ण कुमार महतो (41 वर्ष), पिता सुरेश महतो, को मौके से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान कागज की 253 पुड़िया में कुल 27.24 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ। संध्या गश्ती दल के पुंदाग ओपी के पुलिस पदाधिकारी द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर जगरनाथपुर (पुंदाग ओपी) थाना कांड संख्या 38/2026, दिनांक 25/02/2026 को धारा 21 (बी) एवं 22 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। बरामद सामान में 253 पुड़िया ब्राउन शुगर (27.24 ग्राम), मोटोरोला कंपनी का हल्का नीला स्मार्टफोन, 4600 रुपए नगद, सफेद रंग की इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल तौल मशीन शामिल है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित कर मादक पदार्थ की सप्लाई चेन की जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# आमलकी एकादशी पर श्रीतिरुपति बालाजी की होगी विशेष पूजा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में आमलकी एकादशी व्रत का मान शुक्रवार को है। इसे रंगभरी एकादशी भी कहते हैं। इस व्रत को ले परात्पर ब्रह्म परमात्मा श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का प्रातः वंदन सुप्रभातम् और नित्याराधन आदि के बाद महाभिषेक होगा। उपरांत श्रृंगार, महाआरती, नैवेद्य भोग और महास्तुति करके तदियाराधन, गोष्ठी, शठारी एवं तीर्थादि के पश्चात् प्रातः सात बजे मंदिर के गोपुरम फाटक खुल जाएंगे। इसके साथ ही श्रद्धालु भक्तों और व्रती प्रातः 7:00 से 12:00 तक एवं संध्या 4:00 बजे से 7:00 बजे तक दर्शन, पूजा- अर्चना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

## विज्ञान समाज को प्रगति की दिशा में करता है अग्रसर: संजय सर्राफ



**रांची।** हिंदी साहित्य भारती के उपाध्यक्ष सह झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि भारत में प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। यह दिवस महान वैज्ञानिक सी. वी. रमन द्वारा वर्ष 1928 में खोजे गए 'रमन प्रभाव' की स्मृति में मनाया जाता है, जिसके लिए उन्हें 1930 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था।उन्होंने बताया कि वर्ष 1986 में राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद की अनुशंसा पर भारत सरकार ने 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस घोषित किया था। इसका उद्देश्य समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तर्कशीलता और नवाचार की भावना को बढ़ावा देना है। संजय सर्राफ ने कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं, बल्कि कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, अंतरिक्ष और उद्योग जैसे क्षेत्रों की प्रगति का आधार है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की उपलब्धियां विज्ञान की शक्ति का उदाहरण हैं।

# फागण अमृत महोत्सव पर श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव पर गुरुवार को श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया गया। मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा ने के सानिध्य में बाबा का अद्भुत दिव्य श्रृंगार किया। मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि मुख्य यजमान ने 11.15 बजे पूर्वाहन में अखंड ज्योति प्रज्वलित की। इसके बाद आए हुए सभी श्याम भक्तों ने एक-एक करके अखंड ज्योति में आहुति देकर अपने इष्ट देव को रिझाया। कोलकाता से आए ज्योति खन्ना एवं उनकी टीम ने भक्तों को दिन भर झुमाए रखा। पाठ वाचक ने जब व्यास पीट से अखंड ज्योति है अपार माया श्याम देव की है प्रबल छाया से पाठ का प्रारंभ किया तो पूरा श्याम मंदिर हारे के सहारे की जय तीन बान धारी की जय अहिल्यावती की जय के जयकारों से गूंज रहा था। दोपहर में भोजन फलिहारी की सुंदर व्यवस्था श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा की गई थी।



अखंड ज्योति में बैठे सभी श्याम प्रेमियों के बीच फल प्रसाद का वितरन किया जा रहा था। रात्रि 8:00 बजे आरती के साथ अखंड ज्योति पाठ का समापन किया गया । इसके बाद सभी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आज के सहयोगियों में सलज अग्रवाल, उत्कर्ष लोहिया, अमित शर्मा , हेमंत जोशी, रोशन खेमका, सर्वेश अग्रवाल, अंकित सिंह, संकेत चौधरी, जयश्री शर्मा, ऋषभ चौरसिया आदि थे। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

# फाल्गुन रंगभरी एकादशी पर श्री धोली सती दादी जी का महोत्सव मना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- लड्डू गोपाल की मूर्ति दिव्य आभा बिखेर रही थी
- रातू रोड स्थित कृष्णा अपार्टमेंट में हुआ कार्यक्रम
- श्री धोली सती दादी महिला समिति ने किया कार्यक्रम का आयोजन

फाल्गुन मास की पावन रंगभरी एकादशी पर श्री धोली सती दादी महिला समिति द्वारा रातू रोड स्थित कृष्णा अपार्टमेंट में संदीप सर्राफ के आवास पर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। पूरा वातावरण भक्तिरस और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से दादी जी की ज्योत प्रज्वलित कर एवं अलौकिक श्रृंगार के साथ हुआ। सुगंधित पुष्पों, रंग-बिरंगी चुनरियों और आकर्षक आभूषणों से सुसज्जित दादी जी की प्रतिमा तथा श्रीकृष्ण लड्डू गोपाल की मूर्ति दिव्य आभा बिखेर रही थी। मंगल पाठ और सामूहिक स्तुति से आयोजन की शुरुआत हुई।

समिति की सदस्य शशि सर्राफ एवं सविता सर्राफ ने "दादी तेरे दरबार में आया हूँ", "रंग बरसे दादी के आंगन में" और "मेरी दादी की होली निराली" जैसे भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे।

रंगभरी एकादशी को होली के आगमन का प्रतीक मानते हुए महिलाओं ने दादी जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर अबीर-गुलाल एवं फूलों की होली खेली। जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा।अंत में सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता, आध्यात्मिक जागरूकता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश देते हैं।

# नीलू कोहली ने जेएफटीए के छात्रों को दिया सफलता का मंत्र



**नवीन मेल संलाददाता। रांची।** बॉलीवुड एवं टेलीविज़न जगत की चर्चित अभिनेत्री नीलू कोहली ने झारखंड फिल्म एंड थिएटर अकादमी (जेएफटीए) में विद्यार्थियों के साथ एक विशेष संवाद सत्र में भाग लिया। नीलू कोहली का रांची से गहरा जुड़ाव रहा है। लगभग 28-30 वर्षों के समृद्ध अभिनय अनुभव के साथ उन्होंने जेएफटीए के एक्टिंग विद्यार्थियों के साथ आत्मीय और प्रेरणादायी संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संघर्ष, अनुशासन, निरंतर अभ्यास और समर्पण की यात्रा साझा करते हुए विद्यार्थियों को कला के प्रति प्रतिबद्ध रहने का संदेश दिया। उन्होंने छात्रों के प्रश्नों का सहजता और स्पष्टता के साथ उत्तर दिया, जिससे उपस्थित सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन हुआ।कार्यक्रम के दौरान जेएफटीए स्टूडियो थिएटर में नाटक "खामोशी कब तक" का प्रभावशाली मंचन भी किया गया, जिसकी सराहना अतिथि कलाकार ने विशेष रूप से की। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा, मंच अनुशासन और प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए अकादमी के प्रयासों को सराहा। जेएफटीए प्रबंधन ने इस अवसर को संस्थान और विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। संस्थान का उद्देश्य केवल अभिनय सिखाना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को सही दिशा, सशक्त मंच और आत्मविश्वास प्रदान करना है।

# श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में 'रंग रंगीलो' होली मिलन का भक्तिमय आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में फाल्गुन मास पर 'रंग रंगीलो' होली मिलन कार्यक्रम का भव्य एवं भक्तिमय आयोजन किया गया। फाल्गुन की मधुर बेला में सुसज्जित मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। इस अवसर पर श्री राधा रानी का आकर्षक आभूषणों एवं रंग-बिरंगी पोशाकों से अलौकिक श्रृंगार किया गया, जिसने उपस्थित भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राधा-कृष्ण की जीवंत झांकियों ने ब्रज की होली की अनुपम छटा को साकार किया। गुलाल की सुगंध और पुष्पवर्षा ने वातावरण को आध्यात्मिक उल्लास से भर दिया।महिला समिति द्वारा आयोजित भजन संध्या में पारंपरिक होली एवं रसिया भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। "राधे-राधे" और "जय श्री श्याम" के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेलकर प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश दिया। मंदिर के पुजारी पंडित अरविंद पांडे ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर श्री विग्रह को महाभोग अर्पित किया। इसके पश्चात सामूहिक महाआरती संपन्न हुई, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का प्रतीक है। उन्होंने जानकारी दी कि 27 फरवरी को फाल्गुन रंगभरी आमलकी एकादशी के अवसर पर भी विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर-विद्या देवी अग्रवाल, प्रमिला पुरोहित, बिमला जालान, शोभा जालान, सीता शर्मा, बिमला मिश्रा, रश्मि जालान, कविता गाड़ोदिया, उर्मिला पाड़िया, दीपिका मोतिका, सरोज पोद्दार, मंगला मोदी, आशा मुंजाल, प्रमिला महलका, ललिता पोद्दार, ललिता अग्रवाल, रेखा पोद्दार, संतोष देवी अग्रवाल, सत्यभामा खेतान, नंद रानी पाठक, आशा मिश्रा, उमा पोद्दार, भगवती देवी सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

## आज / कल




# मारवाड़ी भवन में एक मार्च को कवि सम्मेलन, तैयारियां जोरों पर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



कवि सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा आगामी 01 मार्च को हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में भव्य कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पूर्णतः निशुल्क है, जिसमें शहर के सभी वर्ग के आम जनता सादर आमंत्रित है। उपरोक्त जानकारी महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मुख्य संयोजक पवन शर्मा ने दी। उन्होंनें कहा कि आयोजन की सफलता के लिए विभिन्न उपसमितियों का गठन किया गया है, जिसमें क्रमशः मंच सभागार एवं सुरक्षा व्यवस्था अनिल अग्रवाल एवं निर्भय शंकर हरित, स्वागत सत्कार- किशोर मंत्री एवं कमल जैन, अर्थ संग्रह- ललित पोद्दार एवं प्रकाश धेलिया, प्रशासनिक कार्य- अशोक नारसरिया एवं किशोर मंत्री, अल्पाहार- विनोद जैन एवं अनुप अग्रवाल, प्रेस एवं मिडीया प्रवक्ता मनोज बजाज को मनोनीत किया गया।

समिति में प्रवक्ता सह कोषाध्यक्ष मनोज बजाज ने कहा कि इस कवि सम्मेलन में देश के सुप्रसिद्ध व प्रख्यात कवि-कवित्रियों का आगमन होगा जिसमें ख्याति प्राप्त कवियों- श्रृंगाररस विष्णु सक्सेना (यू.पी), हास्यरस आदित्य जैन (कोटा), सुनील जोगी (नई दिल्ली) हास्यरस ख्याली शरण (राजस्थान) हास्यरस श्रद्धया सोर्या पीपुल (नागपुर), वीररस पार्थ नवीन (प्रतापगढ़) से पधार रहे है। हास्यरस, वीररस एवं श्रृंगाररस की त्रिवेणी गंगा के प्रवाह से श्रोताओं को रसपान करायेगें एवं शहरवासी होली के रंग में रंगकर, लोटपोट होगे एवं हास्यरस में डूबकी लगाएंगे।समिति के अध्यक्ष पवन पोद्दार ने कहा कि होली पर हास्य कवि सम्मेलन आयोजन का इंतजार रांची शहरवासियों को सालभर से रहता है। आयोजन समिति की व्यवस्था व कवियों का चयन व आतिथ्य देखते ही बनती है। आयोजन समिति के मंत्री अंजय सरावगी ने जानकारी देते हुए कहा कि कुछ खास अंदाज में मंच सजाया गया है। शहर में प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिग, पोस्टर, एस.एम.एस, सोशल मिडिया व समाचार पत्रों से लोगों को सूचना प्रेषित किया जा रहा है। आयोजन समिति में मुख्यतः अध्यक्ष पवन पोद्दार, सचिव अंजय सरावगी, कार्यक्रम संयोजक पवन शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सुरेश चन्द्र अग्रवाल, ललित कुमार पोद्दार, विनोद कुमार जैन, अशोक नारसरिया, कोषाध्यक्ष मनोज बजाज, कार्यकारिणी सदस्य रतन मोर, किशोर मंत्री, अनिल अग्रवाल, हरि कानोडिया, कमल जैन, पुनीत पोद्दार, निर्भय शंकर हारित, प्रकाश धेलिया, राजेश भरतीया, पुनीत अग्रवाल, अनुप अग्रवाल आदि आयोजन को मूर्त रूप दे रहे है।



### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में संत माईकल +2 स्कूल का बेहतर पदर्शन

# छात्रों को पदक देकर किया सम्मानित



- परीक्षा एक विशेष शैक्षिक पहल है जिसका उद्देश्य भारतीय संस्कृति और मूल्यों का पुनर्जागरण करना है : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** मुरी अखिल विश्व गायत्री परिवार, शान्तिकुञ्ज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025-26 में संत माईकल +2 स्कूल, मुरी के विजेता प्रतिभागियों में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को उनकी उत्कृष्ट समझ के लिए स्वर्ण पदक, रजत पदक काश्य पदक, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस परीक्षा में चौदह छात्रों को स्वर्ण पदक, नौ छात्रों को रजत पदक एवं नौ छात्रों को काश्य पदक दिया गया। इस कार्यक्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार के सदस्य कौशल्या देवी, लक्ष्मी देवी एवं अनीता देवी उपस्तिथ रही। विद्यालय के प्राचार्य सी. एल. प्रजापति ने कहा कि इस तरह के परीक्षा एक विशेष शैक्षिक पहल है जिसका उद्देश्य भारतीय संस्कृति नैतिकता और आध्यात्मिक मूल्यों का पुनर्जागरण करना है। यह परीक्षा विशेष रूप से विद्यार्थियों को भारतीय सभ्यता, इतिहास, धर्म, और जीवन मूल्यों से परिचित कराने के लिए आयोजित कराई जाती है। विद्यालय के निर्देशक डॉ. राकेश कुमार ने अखिल विश्व गायत्री परिवार को धन्यवाद देते हुए विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा केवल एक परीक्षा भर नहीं है बल्कि यह एक संस्कार निर्माण अभियान है जो विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, समाजसेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करता है।

इस कार्यक्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा प्राचार्य श्री सी. एल. प्रजापति, शिक्षक वि. वेंकट राव, शिक्षका मनीषा सिंह, मंजू कुमारी एवं ममता गोस्वामी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## बड़े बकाएदारों के यहां से कूड़े का उठाव होगा बंद

**नवीनं मेल संवाददाता**

**रांची।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में वेस्ट यूजर चार्ज संग्रहण में सुधार लाने और कर संग्रहण में अपेक्षित गति सुनिश्चित करने को लेकर अपर प्रशासक की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। रांची नगर निगम के अपर प्रशासक ने गुरुवार को यूजर चार्ज के बड़े बकाएदारों को अंतिम चेतावनी जारी कर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। अपर प्रशासक ने स्पष्ट तौर पर कहा कि बड़े बकाएदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कूड़े का उठाव बंद किया जाए। वेस्ट यूजर चार्ज की डिमांड राशि में किसी भी प्रकार की अनियमितता पायी गयी तो नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सहायक प्रशासक की अगुवाई में दो टीमें गठित करने का निर्देश दिया। नगर अभियान प्रबंधक, निगम के रेवेन्यू इंस्पेक्टर, कर संग्रहकर्ता व एजेंसी के सभी कर संग्रहकर्ता अपने-अपने आवंटित वार्डों में टीम के रूप में कार्य करेंगे। साथ ही प्रतिदिन जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। एजेंसी को सख्त चेतावनी दी गई कि बिना सक्षम प्राधिकार के डिमांड राशि में कोई बदलाव न किया जाए। उल्लंघन की स्थिति में एजेंसी पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। कंज्यूमर वेरीफिकेशन व डाटा डुप्लीकेसी पर दें विशेष ध्यान उन्होंने कहा कि कंज्यूमर वेरिफिकेशन एवं डाटा डुप्लीकेसी पर विशेष ध्यान दें, ताकि कर संग्रहण में गति लाई जा सके। वेस्ट यूजर चार्ज से संबंधित जन जागरुकता लाएं, ताकि आम नागरिकों को इससे संबंधित जानकारी मिल सके। अपर प्रशासक ने स्पष्ट किया कि इस वित्तीय वर्ष निर्धारित डिमांड लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### कांके में सरकारी जमीन पर भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई, बोर्ड लगाया गया



**पिठोरिया।** गुरुवार को उपायुक्त रांची के निर्देशानुसार कांके अंचलाधिकारी अमित भगत ने मौजा सुकुरहुट्टू, थाना नंबर 154, खाता नंबर 455, प्लॉट नंबर 1333, 1335, 1336 कुल रकबा 3.08 एकड़ गैर मजरूआ खास भूमि को बचाने के लिए बोर्ड लगवाया। इसकी जानकारी देते हुए सीओ कांके अमित भगत ने बताया कि भू-माफियाओं द्वारा खरीदार को गलत सूचना देकर सरकारी भूमि का क्रय विक्रय किया जा रहा है। अब सरकार द्वारा वैसे सरकारी भुमि पर बोर्ड लगाया जाएगा ताकि कोई खरीदार भु माफिया द्वारा दी गई गलत सुचना से गलत जमीन नही खरीद ले। सीओ कांके के अनुसार अभी भु माफियाओ द्वारा सरकारी जमीन की बिक्री के बाद जब अंचल कार्यालय में जमीन संबंधित कागजात पहुंचती है तो ग्राहक अपने को ठगा महससु करता है। इस तरह की ठगी से बचने के लिए ही सरकार द्वारा यह काम किया जा रहा है। गुरुवार को कांके सीआई चितरंजन टुडू और अमीन जितेंद्र साहू ने सुकुरहुट्टू मौजा पर बोर्ड लगाया. अन्य राजस्व ग्राम के गैरमजरुआ भूमि पर भी शीघ्र ही बोर्ड लगाया जाएगा।

### कांग्रेस नेता को पितृ शोक, आज अंतिम संस्कार जुमार नदी स्थित मुक्तिधाम में होगा



**पिठौरिया।** रांची जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष उनील महतो के पिता लक्ष्मण महतो 95 वर्ष का गुरुवार को घर पर ही निधन हो गया। स्वर्गीय लक्ष्मण महतो मेलाटांड़, तालाब रोड स्थित सुकुरहुटू गांव की निवासी थे। इनके पुत्र उनिल महतो ने बताया कि इनका अंतिम संस्कार जुमार नदी स्थित सुकुरहुटू मुक्तिधाम पर 27 फरवरी को सुबह 11 बजे किया जाएगा। इनके निधन पर विधायक सुरेश कुमार बैठा, उप प्रमुख अंजय बैठा, भाजपा कार्यकत्ता राज कुमार मह्तो, प्रभात भूषण, लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू व काग्रेस पार्टी के मुस्ताक आलम, रीता चौधरी, शालिग्राम महतो, अशोक महतो, मदन कुमार महतो, अर्जुन मुण्डा, गौरी शंकर महतो, महेश कुमार मनीष, विनोद साहू, लालचंद सोनी, अरविंद कुमार राम, दिलेश्वर महतो, संजर खान सहित कई ने गहरा शोक प्रकट किया हैं।

### महावीर नगर में सोलर जलमीनार खराब, पेयजल संकट गहराया



**खलारी।** प्रखंड के बुकबुका पंचायत अंतर्गत महावीर नगर में स्थापित सोलर जलमीनार पिछले कई दिनों से खराब पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी का मौसम शुरू होने वाला है और ऐसे में गांव में जल संकट गहराने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों के अनुसार जलमीनार का सोलर सिस्टम, स्टार्टर तथा अन्य आवश्यक उपकरण लंबे समय से खराब हैं। इस संबंध में कई बार पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित विभाग को सूचना दी गई, लेकिन अब तक मरम्मत की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। नतीजा यह है कि ग्रामीणों को घरेलू उपयोग के लिए दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की महत्वाकांक्षी पेयजल योजनाओं का लाभ तभी मिल पाएगा, जब समय पर मरम्मत और नियमित देखरेख सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से अविलंब सोलर जलमीनार की मरम्मत कर उसे पुनः चालू कराने की मांग की है, ताकि गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से राहत मिल सके।

### बीएससी व जीएनएम नर्सिंग छात्रों ने प्रस्तुत किए शैक्षणिक मॉडल



**मांडर।** सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के बीएससी एवं जीएनएम नर्सिंग छात्रों द्वारा संयुक्त रूप से भव्य मॉडल प्रेजेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की अध्यक्ष छवि सिन्हा, सचिव नितिन पराशर एवं शैक्षणिक सचिव डॉ. दीपाली पराशर द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। छात्रों ने इम्यूनाइजेशन शेड्यूल, लिम्फैटिक सिस्टम, स्पिल मैनेजमेंट, एनाटॉमिकल प्लेन्स, प्रसव प्रक्रिया तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य जैसे विषयों पर आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए।

निर्णायक मंडल ने छात्रों की प्रस्तुति, आत्मविश्वास एवं विषय ज्ञान की सराहना की। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### सीआईपी परिसर में 156 सुरक्षाकर्मियों का 24 दिनों से धरना जारी

**रांची।** सीआईपी परिसर में 156 सुरक्षाकर्मियों का पिछले 24 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना जारी है। प्रदर्शनकारी सुरक्षाकर्मियों का आरोप है कि उनकी समस्याओं पर न तो सीआईपी प्रशासन गंभीर है और न ही राज्य अथवा केंद्र सरकार कोई ठोस पहल कर रही है। धरना दे रहे कर्मी गुरुवार को प्रबंधन और नेताओं का पुतला लेकर प्रदर्शन कर रहे थे, वे नौकरी दो या मौत दो के नारे लगा रहे थे। उनका कहना है कि वे अपने रोजगार की बहाली और सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं, लेकिन अब तक किसी स्तर पर सुनवाई नहीं हुई।

## अबुआ दिशोम बजट टाय-टाय फिस्स : आशुतोष तिवारी



**रांची।** जिला परिषद सदस्य सह आजसू नेता आशुतोष तिवारी ने झारखंड सरकार द्वारा पेश बजट को निराशाजनक बताते हुए इसे "अबुआ दिशोम बजट टाय-टाय फिस" करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट किसान, मजदूर और आदिवासी समुदाय की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार नहीं किया गया है। आशुतोष तिवारी ने कहा कि सरकार यदि किसी बिंदु पर अपनी पीठ थपथपा सकती है तो वह केवल मईयां सम्मान योजना के लिए धन की व्यवस्था का प्रयास है, लेकिन इससे व्यापक जनहित की समस्याओं का समाधान नहीं होगा। उन्होंने राज्य सरकार से किसानों, मजदूरों और आदिवासी समाज के लिए ठोस और दीर्घकालिक योजनाएं लाने की मांग की।

## बच्ची से छेड़खानी के आरोप में तीन साल की सजा

**रांची।** पांच वर्षीय बच्ची के साथ छेड़खानी करने के मामले में अदालत ने आरोपी लक्ष्मण शर्मा को तीन वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने उस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। मामले में आरोपी लगातार अदालत में अनुपस्थित रहा। उसकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था और उसके तामिला के लिए जगन्नाथपुर व पुंदाग थाना पुलिस को कई बार नोटिस भेजे गए। कोर्ट ने पुलिस से स्पष्टीकरण भी मांगा, लेकिन न तो आरोपी गिरफ्तार हुआ और न ही संतोषजनक जवाब दिया गया। इसके बाद अदालत ने आरोपी की अनुपस्थिति में ही उसे दोषी ठहराते हुए सजा सुना दी। मोइन अंसारी के नव निर्मित मकान में हुई थी। बच्ची के पिता के बयान पर जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोपी को घटना के दिन ही गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, जिसे 23 अप्रैल 2019 को जमानत मिल गई थी। जमानत पर छूटने के बाद आरोपी कोर्ट में पेश नहीं हुआ। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से तीन गवाहों के बयान दर्ज कराए गए, जिनके आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी पाकर सजा सुनाई।

## सदर अस्पताल का यूनिसेफ व दिल्ली हेमेटोलॉजिस्ट्स की टीम ने किया निरीक्षण

- यूनिसेफ टीम ने विशेष रूप से पेडियाट्रिक वार्ड के एसएनसीयू की तारीफ की

**नवीन मेल संवाददाता**



सदर अस्पताल में गुरुवार को दो अलग-अलग टीमों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इनमें से एक टीम यूनिसेफ की थी, जबकि दूसरी टीम दिल्ली से आए हेमेटोलॉजिस्ट्स की थी। यूनिसेफ की टीम सबसे पहले पेडियाट्रिक और अन्य विभागों का दौरा किया। इस दौरान सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार भी मौजूद रहे। यूनिसेफ टीम ने विशेष रूप से पेडियाट्रिक वार्ड के एसएनसीयू की तारीफ की। डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि टीम ने कहा कि इस तरह का एसएनसीयू वार्ड किसी सरकारी अस्पताल में नहीं देखा गया। टीम के सकारात्मक फीडबैक ने अस्पताल कर्मचारियों को और बेहतर काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही वार्ड में नई मशीनें लगाई जाएंगी और जो मशीनें बंद पड़ी हैं उन्हें भी चालू किया जाएगा। दिल्ली से आई हेमेटोलॉजिस्ट्स की टीम ने थैलेसीमिया मरीजों और उनके परिजनों से भी मुलाकात की। टीम ने डे केयर और अन्य विभागों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं व दवाओं के बारे में जानकारी जुटाई।

डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि एक और हेमेटोलॉजिस्ट सदर अस्पताल के लिए चुना गया है, जिससे विभाग और मजबूत होगा। उन्होंने यह भी बताया कि अस्पताल में जल्द ही बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरू होने वाली है। सदर अस्पताल ने आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के सफल क्रियान्वयन में पूरे देश में विशेष पहचान बनाई है। इस अस्पताल ने अब तक सबसे ज्यादा मरीजों को योजना का लाभ दिलाया और करोड़ों रुपए के क्लेम के जरिए हजारों मरीजों का इलाज किया है।

### गेतलसूद में राज्य स्तरीय श्री रामकृष्ण किसान मेला शुरू, जैविक खेती पर जोर

अनगड़ा। रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोरहाबादी के मार्गदर्शन में गेतलसूद स्थित प्रत्यक्षण फार्म में गुरुवार को दो दिनी श्री रामकृष्ण किसान मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने किया। इस वर्ष से यह मेला राज्य स्तरीय हो गया है, मेले में लगभग 10 हजार किसान भाग ले रहे हैं। मेले में कुल 473 फसल और कुटीर उद्योग नमूनों का पंजीकरण कराया गया। मेले का मुख्य विषय (थीम) प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन द्वारा आय का सृजन है। कार्यक्रम की शुरुआत स्वदेश मंत्र से हुई। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखंड का विकास गांवों और खेतों से ही संभव है।

उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक तकनीक अपनाने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। मेले में विशिष्ट अतिथि रंजीत कुमार दत्ता, कृषि विभाग के विशेष सचिव गोपाल जी तिवारी, डॉ दिलीप घोष और अभिनव शाह मौजूद थे। तकनीकी सत्र में डॉ दिलीप कुमार घोष ने नींबू वर्गीय फसलों तथा सीए अभिनव शाह ने फसल बीमा और जैविक कृषि पर जानकारी दी। वहीं, बड़की गोड़ांग के किसान जगदीश भोगता को राज्य का सर्वश्रेष्ठ जैविक किसान का पुरस्कार मिला। किसान गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिक डॉ राजेश कुमार, डॉ मनोज, डॉ नेहा राजन और डॉ विशाखा सिंह ने किसानों की समस्याओं का समाधान किया। भारतीय सरसों अनुसंधान केंद्र, भरतपुर (राजस्थान) की ओर से आदिवासी उपयोजना के अंतर्गत 58 किसानों के बीच स्प्रेयर मशीन बांटी गई। 65 सेवा संघों का रहा अहम योगदान मेले के सफल आयोजन में अनगड़ा क्षेत्र के 65 विवेकानंद सेवा संघों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सर्वश्रेष्ठ सेवा संघ का पुरस्कार बरवाटोली सेवा संघ, नवागढ़ को प्रदान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष संतोष बेदिया, सचिव जगदीश भोगता, मुख्य संरक्षक भुवनेश्वर बेदिया, स्वामी भक्तिशानंद, स्वामी निशिचितानंद, कमल बेदिया, स्थानीय कार्यकर्ताओं और कृषि वैज्ञानिकों का विशेष योगदान रहा।

## श्री महावीर मंडल का 25वें अध्यक्ष बने मनोज सिंह

**नामकुम।** श्री महावीर मंडल नामकुम केंद्रीय समिति की बैठक अखाड़ा स्थल पर आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि केंद्रीय महावीर मंडल, रांची के अध्यक्ष जय सिंह यादव मौजूद थे। उन्होंने कहा कि श्री रामनवमी महोत्सव हर्षोल्लास का त्योहार है। वहीं मनोज कुमार सिंह को लगातार 25वीं बार अध्यक्ष चुने जाने पर केंद्रीय समिति रांची की ओर से हार्दिक बधाई दी। समिति के अध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि रामनवमी के दिन लगभग 25 अखाड़े, सैकड़ों महावीरी झंडे और दर्जनों आकर्षक झांकियों के साथ अखाड़ा स्थल पहुंचते हैं। बैठक को आरती कुजूर, बिरसा पाहन, बीकू सिंह, रमाकांत सिंह, बबलू सिंह, छोटू गोप, ललन ठाकुर और मुखिया अनिता तिर्की ने संबोधित किया।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की सश्रम कारावास

**रांची।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में अदालत ने कड़ा रूख अपनाते हुए 26 वर्षीय आरोपी अरविंद हेंब्रम को 20 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला पोक्सो के स्पेशल जज वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने सुनाई। अभियुक्त बोकारो के पेटरवार थाना क्षेत्र के भदवाजारा निवासी है। अदालत ने आरोपी पर 35 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त नौ माह की सजा भुगतनी होगी। सदर थाना में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, घटना 24 फरवरी 2021 को रिंग रोड स्थित एक पुल के पास हुई थी।

अभियुक्त पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर पुल के नीचे ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती की। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से छह गवाहों के बयान दर्ज कराए गए, जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह पेश किया गया। अदालत ने जुर्माने की राशि पीड़िता को चिकित्सा एवं पुनर्वास के लिए देने का निर्देश दिया है। साथ ही डालसा रांची को झारखंड विक्टिम कम्पेनसेशन स्कीम-2019 के तहत अतिरिक्त मुआवजा देने पर विचार करने को कहा है।

### डस्टबिन नहीं रहने पर निगम ने लगाया जुर्माना

**रांची।** रांची नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव के निर्देश पर स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत गुरुवार को भी निगम की टीम ने शहर में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान स्वच्छता मानकों व नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ निगम ने सख्त कार्रवाई की। निगम की विभिन्न टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था, अतिक्रमण, सीएनडी वेस्ट (निर्माण व विध्वंस अपशिष्ट) के उचित निष्पादन, नालियों एवं सार्वजनिक शौचालयों की सफाई को देखा। अवैध वेंडिंग व पार्किंग, सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग, अवैध होर्डिंग/पोस्टर/विज्ञापन सहित अन्य मानकों का भी निरीक्षण किया गया।

## होली को लेकर 28 फरवरी से सभी ट्रेनों में सीट फुल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** होली को लेकर ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। इसके कारण आरक्षित बर्थ मिलना मुश्किल हो गया है। विशेषकर बिहार, पश्चिम बंगाल और दिल्ली की ट्रेनों में आसानी से आरक्षित बर्थ नहीं मिल पाएगा। 28 फरवरी से सभी ट्रेनों में आरक्षित बर्थ फुल है। बिहार जाने वाली रांची-पटना वंदेभारत एक्सप्रेस के सीसी श्रेणी में 74, ईसी में 13, जनशताब्दी एक्सप्रेस में टू एस में 94, सीसी श्रेणी में 33 वेटिंग है। हटिया-इस्लामपुर एक्सप्रेस में स्लीपर में 98, थ्री ई में 31, थर्ड एसी में 54, सेकेंड एसी में 30, फर्स्ट एसी में सात और पाटलिपुत्र एक्सप्रेस में स्लीपर में 70, थ्री ई में 13, थर्ड एसी में 18, थर्ड एसी में चार प्रतीक्षा सूची है। जबकि, यूपी जाने वाली गोरखपुर एक्सप्रेस के स्लीपर में 33, सेकेंड एसी में 3, फर्स्ट एसी में तीन वेटिंग है। गोंदा-झारसुगुड़ा में थर्ड एसी में 11 वेटिंग है। रांची-हावड़ा वंदेभारत एक्सप्रेस में भी 28 से किसी भी श्रेणी में बर्थ नहीं है। हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस, क्रियायोग एक्सप्रेस में भी एक भी आरक्षित बर्थ उपलब्ध नहीं है। दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस, स्वर्ण जयंती, संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में 28 फरवरी से लेकर दो मार्च तक आरक्षित श्रेणी का बर्थ नहीं है।

### बैठक | विद्यालय विकास को लेकर प्रधानाचार्यों ने की बैठक, लिए कई फैसले

# शिशु वाटिका के आचार्यों का प्रशिक्षण वर्ग 11 अप्रैल को

- आचार्य परिवार के विकास को लेकर संकुल स्तरीय वार्षिक कार्ययोजना भी निर्मित की गई



**बेड़ो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेडो के प्रांगण में गुरुवार के दिन बेडो संकुल के अंतर्गत पांच अलग-अलग विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विद्यालय विकास हेतु संकुल स्तरीय अध्यापित विषय प्रमुखों का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसके अलावे भैया-बहन, आचार्य परिवार के विकास को लेकर संकुल स्तरीय वार्षिक कार्ययोजना भी निर्मित किया गया। बैठक के दौरान मुख्य रूप से शिशु वाटिका के आचार्यों का प्रशिक्षण वर्ग 11 अप्रैल 2026 को बेडो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रखने का निर्णय लिया गया। इसके अलावे शारीरिक, योग एवं खेलकूद आचार्यों का कार्यशाला 25 अप्रैल 2026 को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीजूपाड़ा में आयोजित करने की सहमति जताई गई। जबकि वंदना एवं गीत आचार्य प्रशिक्षण वर्ग 16 मई 2026 को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेडो में करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान विज्ञान, वैदिक गणित, संगणक, अँग्रेजी, हिन्दी विषय आचार्य कार्यशाला 4 जुलाई 2026 को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीजूपाड़ा में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। संस्कृति ज्ञान हेतु प्रश्न निर्माण कार्यशाला 25 जुलाई 2026 को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू ग्राम में रखा गया। इस प्रकार घोष आचार्य प्रशिक्षण वर्ग, संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता, बालिका व्यक्तित्व शिविर, विद्वत पारिषद बैठक आदि कार्यक्रम को भी समय अनुसार आयोजित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से संकुल के विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू ग्राम के प्रधानाचार्य मृत्युंजय सिंह, बीजूपाड़ा विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज तिवारी, काठीटांड विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय द्विवेदी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लमकाना के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार तथा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेडो के प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार मुख्य रूप से बैठक में मौजूद रहे। बैठक का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया।

### आठवें दिन भी कलमबंद आंदोलन जारी, कामकाज ठप

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में एसीपी/एमएसीपी भुगतान की मांग को लेकर शिक्षकेतर कर्मचारियों का आंदोलन बुधवार को आठवें दिन भी जारी रहा। शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के आह्वान पर काला बिल्ला बांधकर कलमबंद हड़ताल कर रहे हैं, जिससे विश्वविद्यालय का प्रशासनिक और शैक्षणिक कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। विभिन्न विभागों का दौरा कर समर्थन जुटाया और आरोप लगाया कि प्रशासन समाधान निकालने के बजाय दबाव की नीति अपना रहा है। संघ के नेताओं ने दो टूक कहा है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस और सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।

## अवैध अफीम की खेती पर बड़ी कार्रवाई

# दो एकड़ भूमि में लगी अवैध फसल नष्ट



● दोषियों की पहचान होते ही उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी

नवीन मेल संवाददाता

**बरही/हजारीबाग।** अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चौपारण थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लगभग दो एकड़ में लगी अफीम की अवैध खेती को नष्ट कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार को सूचना मिलने पर चौपारण थाना अंतर्गत देहर पंचायत के खेरीगाड़ा जंगल में वन विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान विभिन्न दुर्गम इलाकों में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती को चिन्हित कर मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। इस के दौरान घटनास्थल से चार डिलीवरी पाइप बरामद किए गए, जिन्हें भी मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार अवैध खेती में संलिप्त व्यक्तियों के नाम-पते का सत्यापन किया जा रहा है। दोषियों की पहचान होते ही उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त अभियान में बरही के एसडीपीओ अजित कुमार बिमल, एसआई सुबिन्दर राम, एसआई दिव्य प्रकाश, सशस्त्र बल के जवान तथा वन विभाग के बनपाल सरवन कुमार एवं जैनेन्द्र कुमार शामिल थे। पुलिस ने बताया कि दुर्गम क्षेत्रों की पहचान के लिए ड्रोन तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा।

## होसिर में यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए उमड़ रही है भीड़

**गिद्दी।** होसिर गांव में श्री श्री 1008 हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र पांच दिवसीय महायज्ञ में परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को होसिर गांव के साथ कनकी, पूरनाडीह, डाड़ी समेत अन्य टोला और गांव के श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं आचार्य हेमंत पांडेय को सचिदानंद, रविंदर पांडेय, बलराम उपाध्याय, अमित पांडेय, राज कुमार शास्त्री, सुजीत शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चार से समुचा गांव गुंजयमान हो रहा है। संध्याकालीन भजन कीर्तन और कथा वृन्दावनधाम से आई पूज्या गंगा मिश्रा की प्रवचन किया जा रहा है। इधर कनकी पंचायत की मुखिया लक्ष्मी देवी, जीतेंद्र महतो, हुकुमनाथ महतो, कार्तिक महतो, मुकेश कुमार सहित अन्य ग्रामीण महायज्ञ को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

## भुरबौनर धौड़ा में शीतला माता की तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा शुरू



**भुरकुंडा।** बौनर धौड़ा भुरकुंडा स्थित शीतला माता मंदिर में गुरुवार से तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुआ। प्रथम दिन सुबह पुरोहित अशोक मिश्रा ने पूरे विधिविधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दशस्नान, प्रायश्चित, मंडप प्रवेश, वेदी पूजन सहित अन्य अनुष्ठान कराया। इसके बाद विधिवत चंडी पाठ का शुभारंभ हुआ। पूजा अनुष्ठान में बतौर यजमान मनोज पाठक सपत्नी नीलू देवी शामिल हुये। संध्या 5 बजे से भव्य आरती का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों महिला पुरूष श्रद्धालु शामिल हुये। इस दौरान जय शीतला माता, जय माँ काली, जय माता दी सहित अन्य आराध्या देवी देवताओं के गगनभेदी उदघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। दूसरे दिन 27 फरवरी को वेदी पूजन और चंडी पाठ के साथ शाम 5 बजे आरती होगी। तीसरे दिन 28 फरवरी को वेदी पूजन के बाद मां शीतला की प्राण प्रतिष्ठा , हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। पूजा समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में अनुष्ठान में शामिल होकर पुण्य के भागी बनने की अपील की है।

## न्यूज बॉक्स

### निशान यात्रा का उत्साह के साथ किया गया स्वागत, लोगों के बीच शीतल पेय का वितरण



**रामगढ़।** रामगढ़ रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ एवम सेंट्रल हार्डवेयर मार्ट द्वारा सेंट्रल हार्डवेयर मार्ट के प्रांगण में श्री श्याम मंदिर समिति द्वारा निकाले गए भव्य निशान यात्रा का हार्दिक स्वागत एवम अभिनंदन किया गया। रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के बीच शीतल पेय का वितरण कर एवं पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं को स्वागत सत्कार किया गया। मौके पर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष एवम समाजसेवी मानिक चंद जैन, क्लब अध्यक्ष संजय अग्रवाल,विजय कुमार,जीवन जैन,सुरेश पी अग्रवाल,अनिल गर्ग, संजय शर्मा, विजय पोद्दार,मदन माहेश्वरी,संजय जैन, राजेंद्र जैन,नरेंद्र जैन,विनोद पहाड़िया,सुनील सेठी, अशोक सेठी, जंबू जैन, राकेश जैन, बबलू मोदी, ओंकार मल्होत्रा, मनजीत साहनी, उत्तम जैन, प्रदीप जैन,अंकित जैन, राहुल जैन,रोहित जैन सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बच्चा चोरी की अफवाह पर महिला पकड़ी गई, ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा



**बरकट्ठा।** प्रखंड के गोरहर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को बच्चा चोरी की अफवाह के बाद ग्रामीणों ने एक संदिग्ध महिला को पकड़ लिया। लोगों का आरोप था कि महिला गांव में घूम-घूमकर बच्चों को बहला-फुसलाने की कोशिश कर रही थी।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और महिला को पकड़कर गोरहर थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महिला को सुरक्षित हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और फिलहाल किसी प्रकार की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बच्चा चोरी जैसी अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस ने यह भी कहा कि बिना सत्यापन किसी के साथ दुर्व्यवहार करना कानूनन अपराध है। मामले की जांच जारी है।

### जानलेवा हमले में घायल हुए ऋतिक दांगी से मिले हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी



**रामगढ़।** विगत मंगलवार को गोला थाना के समीप एक वर्ग विशेष की भीड़ के जानलेवा हमले से घायल हुए ऋतिक दांगी से मिलकर अपना विरोध दर्ज करवाने हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को गोला थाना पहुंचे। हिन्दू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष सत्यजीत चौधरी ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अभी मै पीड़ित से उनके आवास पर मिलकर आया हूं और उसकी स्थिति खतरे से बाहर है,लेकिन भीड़ ने जिस प्रकार हमला किया है उससे वे भयभीत हैं । सत्यजीत चौधरी ने प्रशासन से अपील की है कि इस एक वर्ग विशेष की भीड़ द्वारा एक निरीह युवक पर किया गया हमला निंदनीय है। घटना में शामिल सभी दोषियों पर सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर पीड़ित को न्याय दिलवाने का कार्य किया जाए। वहीं, हिन्दू रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि ऋतिक पर हुए हमले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले जिससे समाज में शांति का वातावरण तैयार हो सके।

### डाक निरीक्षक के निर्देश पर प्रधान डाकघर रामगढ़ में चलाया जा रहा स्पेशल ड्राइव



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में डाक अधीक्षक हजारीबाग निरंजन कुमार और डाक निरीक्षक आशीष पांडे के निर्देश पर जिले भर में सभी डाकघरों में पीओएसबी स्पेशल ड्राइव चलाया जा रहा है । जिसमें अधिक संख्या में डाकघर में बचत खाता,आवर्ती खाता,एमआईएस खाता, पीपीएफ खाता,सुकन्या समृद्धि खाता,किसान विकास पत्र आदि योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने और खाता खोलने के प्रचार प्रसार किया जा रहा है।इसी के तहत रामगढ़ कैंट प्रधान डाकघर में गुरुवार को स्पेशल ड्राइव मार्केटिंग अगजीक्यूटिव रविशंकर राय द्वारा नव दम्पति बीजीआर माइनिंग इंफ्रा लिमिटेड केरेडारी हजारीबाग में कार्यरत रवि कुमार और एकता कुमारी नवदंपति का 1000000/-दस लाख रुपये का डाक जीवन बीमा कर अर्ध वार्षिक प्रीमियम राशि जमा किया गया ।नवदंपति का जॉइंट बचत खाता खोला गया,नवदंपती का दो पीपीएफ खाता भी खोला गया ।

### धनवार पंचायत में 1 मार्च को आयोजित होगा भव्य होली मिलन समारोह



**बरही।** रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर 1 मार्च (रविवार) को धनवार पंचायत में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में कोरियाडीह शिव मंदिर प्रांगण में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक होगा। उक्त कार्यक्रम में पंचायत के सभी नागरिकों, माताओं-बहनों, युवाओं, अभिभावकों एवं गणमान्य व्यक्तियों को सपरिवार उपस्थित होकर प्रेम, भाईचारा और सौहार्द के रंगों को मजबूत करने का आह्वान किया गया है। साथ ही बरही क्षेत्र के पत्रकार बंधुओं से भी कार्यक्रम में शामिल होकर सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का अनुरोध किया गया है। मुखिया श्री प्रसाद ने बताया कि यह समारोह समाज में एकता, सद्भाव और पारस्परिक सहयोग की भावना को प्रगाढ़ करने का माध्यम बनेगा। मुखिया ने कार्यक्रम में अधिकाधिक लोगों से सहभागिता की अपील की है। होली एक ऐसा त्योहार जो भाईचारे को प्रदर्शित करता है। हमलोग आपस में एक दूसरे से मिलकर होली की शुभकामनाएं देते हैं और रंग गुलाल उनका स्वागत करते हैं। होली आने में अभी कुछ रोज बाकी है लेकिन अभी से ही होली का उत्साह और माहौल नजर आने लगा है।

## भगवती मंदिर में शिव-हनुमान प्रतिमा की हुई प्राण-प्रतिष्ठा



**बरही ।** 16वें बरही महोत्सव सह महायज्ञ के मौके पर भगवती मंदिर में नवनिर्मित शिवलिंग और हनुमान जी की प्रतिमा को विधिवत स्थापित किया गया । इस गौरवशाली पल के साक्षी बनने के लिए पूरा नगर उमड़ पड़ा। कार्यक्रम की शुरुआत गाजे-बाजे और जयकारों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाल कर की गई, जिसमें श्रद्धालुओं का अटूट विश्वास और उत्साह देखने को मिला। यह शोभायात्रा बरही के चारों प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंची, जहां मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से प्रतिमाओं की स्थापना की गई। शोभायात्रा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय भजनों और नारों से गुंजायमान रहा। इस धार्मिक आयोजन का सफल संचालन आचार्य वेद पंडित जयनंदन मिश्रा और आचार्य वेदव्यास मिश्रा शास्त्री द्वारा संपन्न कराया गया। वैदिक मंत्रों के बीच न केवल प्रतिमाओं की स्थापना हुई, बल्कि विश्व शांति की मंगल कामना भी की गई। इस महायज्ञ में यजमान के रूप में राकेश रोशन, शंकर साव, विशेश्वर साव, संतोष केशरी, विकास विश्वकर्मा और बबलू विश्वकर्मा सपत्नीक सरीक हुए। मंदिर समिति के संरक्षक सुरेंद्र रजक, रमेश ठाकुर और अध्यक्ष बिपिन सिन्हा सहित आकाश जायसवाल आदि कई गणमान्य सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## विधायक रोशन लाल चौधरी की पहल से छात्रों को मिला मौका

# ई-कल्याण पोर्टल खुला, छात्रों को राहत

● विधायक की त्वरित पहल से अब सैकड़ों छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित नहीं रहेंगे

नवीन मेल संवाददाता



**भुरकुंडा।** रामगढ़ जिला के छात्र-छात्राओं के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। ई-कल्याण पोर्टल पर छात्रवृत्ति आवेदन में आ रही तकनीकी अड़चनों को विधायक रोशन लाल चौधरी के हस्तक्षेप के बाद दूर कर दिया गया है। विधायक की त्वरित पहल से अब सैकड़ों छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित नहीं रहेंगे और नए सिरे से आवेदन कर सकेंगे। वित्तीय वर्ष 2025-26 के छात्रवृत्ति आवेदनों के दौरान कई छात्रों को फ्रेश आवेदन करने में परेशानी हो रही थी। पत्रांक 548 के अनुसार, जिन छात्रों ने वर्ष 2024-25 में पोर्टल पर आवेदन किया था, उन्हें इस वर्ष सुधार या नया आवेदन करने का विकल्प नहीं मिल रहा था। उचित विकल्प के अभाव में छात्र चिंतित थे और उन्होंने जिला कार्यालय में समस्या उठाई थी। छात्रों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा तथा आदिवासी कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी से फोन पर बातचीत की। उन्होंने अधिकारियों को पोर्टल की खामियों से अवगत कराते हुए कहा कि तकनीकी कारणों से किसी भी गरीब व मेधावी छात्र की पढ़ाई प्रभावित नहीं होनी चाहिए। जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा 03 फरवरी को भेजी गई सूची में मो. इरशाद अंसारी, कुंदन कुमार, मो. अबू रेहान, जाहिद अंसारी, राणा बेदिया, आनंद कुमार, वीणा कुमारी, सीमाब हुसैन और संगीता कुमारी सहित अन्य छात्रों की समस्याओं का समाधान किया गया है। पोर्टल पर फ्रेश आवेदन का विकल्प खुलने से छात्रों में खुशी है।

## आदिवासी धर्म कोड की मांग को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से की मुलाकात



● सांसद ने आश्वस्त करते हुए कहा कि वे आदिवासी धर्म कोड के मुद्दे को लेकर पूरी तरह गंभीर हैं

नवीन मेल संवाददाता


**भुरकुंडा।** राष्ट्रीय आदिवासी समन्वय समिति भारत का एक प्रतिनिधिमंडल गुरूवार को दिल्ली में भारत आदिवासी पार्टी, राजस्थान के डूंगरपुर से सांसद राजकुमार रोत से मुलाकात की। दर्शन गंझु के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न आदिवासी समाज की ओर से आदिवासी धर्म कोड लागू करने की मांग पर सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से संसद में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने की मांग करते हुए कहा कि आदिवासी धर्म कोड को लेकर लंबे समय से समाज के लोग आवाज उठा रहे हैं, ऐसे में इस दिशा में ठोस कदम जरूरी है। सांसद राजकुमार रोत ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे आदिवासी धर्म कोड के मुद्दे को लेकर पूरी तरह गंभीर हैं और संसद के भीतर व बाहर मुखरता के साथ इसकी आवाज उठाएंगे।

उन्होंने कहा कि देश के सभी आदिवासी सांसदों के साथ मिलकर इस मांग को लागू कराने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। सांसद से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रेमशाही मुंडा, आशुतोष सिंह चेरो, अजय गंझु, अक्षय कुमार भोगता, विष्णु सिंह मुंडा, रवि भूमिज सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

## कुंडवा का 'लाल घर' बना पहेली, अधिकारी अंजान

# 2010 के पहले बना यह सरकारी आवास किस विभाग का, किसी को पता नहीं

नवीन मेल संवाददाता



**बरही ।** प्रखंड के खोड़ाहर पंचायत के कुंडवा, दौरवा समेत कई स्थानों पर बने तथाकथित "लाल घर" आज भी रहस्य और लापरवाही की मिसाल बने हुए हैं। लाल रंग से पुते ये भवन कभी ग्रामीण विकास और कृषि सशक्तिकरण के सपनों के प्रतीक बताए गए थे, लेकिन आज ये अधूरे ढांचे सरकारी उदासीनता और जवाबदेही की कमी की कहानी कह रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2010 के दशक में जिला स्तर से कुछ अधिकारी आए थे और पंचायत के विभिन्न जगहों पर इन भवनों का निर्माण कराया गया। उस समय कहा गया था कि इनका उपयोग सामुदायिक बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा कृषि उत्पादों के सुरक्षित भंडारण के लिए किया जाएगा। पूर्व मुखिया वीणा उरांव बताते हैं कि योजना 2010 के पहले शुरू हुई थी, पर आज तक इसकी कोई स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है। हालांकि वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव ने भी आधे अधूरी जानकारी देते हुए इस योजना को मत्स्य विभाग का बताते हैं । उनके अनुसार इस लाल घर का उपयोग मतस्यपालकों द्वारा किया जाना था, जो नहीं ही सका। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है।

### रिकॉर्ड गायब, जिम्मेदारी भी गायब

सबसे हैरानी की बात यह है कि योजना से जुड़ा कोई अधिकृत रिकॉर्ड प्रखंड कार्यालय में उपलब्ध नहीं है। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राकेश कुमार ने साफ कहा कि योजना कब और किस विभाग द्वारा शुरू की गई, इसकी कोई जानकारी या दस्तावेज उनके पास नहीं है। बीसीओ संजय यादव ने भी अनभिज्ञता जताई। सवाल उठता है—क्या लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए भवनों का कोई हिसाब-किताब नहीं रखा गया? आखिर कहां से आए पैसे और क्यों बनाए गए यह 'लाल घर। आज कई लाल घर अधूरे हैं या उपयोग में नहीं आ रहे। रखरखाव के अभाव में भवन जर्जर हो रहे हैं। यदि योजना पूरी तरह लागू होती, तो किसानों को फसल भंडारण की सुविधा मिलती और स्वयं सहायता समूहों को स्थायी स्थान मिलता।

## आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ की छात्रा अरोमा ने रचा इतिहास

**रामगढ़।** आर्मी पब्लिक स्कूल, रामगढ़ कैंट की प्रतिभाशाली छात्रा अरोमा कुमारी सिन्हा ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है।

विद्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार रक्षा मंत्रालय एवं विदेश मंत्रालय, भारत सरकार से अनुमोदित फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 में अरोमा कुमारी सिन्हा (कक्षा-8) ने विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

अरोमा कुमारी सिन्हा ने द्वितीय चरण उत्तीर्ण कर तृतीय चरण के लिए चयनित होते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया और चौथा स्थान प्राप्त किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन नई दिल्ली स्थित सी.डी. देशमुख ऑडिटोरियम, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में हुआ। जहां विजेताओं को विशेष योग्यता प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कविंदर गुप्ता (उपराज्यपाल, लद्दाख) उपस्थित रहे।

## किसानों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं, बरही विधायक ने सदन में उठाई आवाज

**बरही।** बजट सत्र के दौरान विधानसभा में कृषि विभाग के कटौती प्रस्ताव के पक्ष में बोलते हुए बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने राज्य सरकार की कृषि नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखण्ड की लगभग 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, फिर भी किसानों को अपेक्षित सुविधा और समर्थन नहीं मिल रहा है। इस संबंध में उन्होंने कई तथ्यपूर्ण बातों से सदन को अवगत कराया । विधायक ने कहा कि हजारीबाग जिला अंतर्गत चौपारण, बरही और पदमा प्रखंडों में सरकारी धान अधिप्राप्ति केंद्रों की स्थिति चिंताजनक है। 15 दिसंबर 2025 से 31 मार्च 2026 तक निर्धारित खरीद अवधि के बावजूद अब तक पंजीकृत किसानों का मात्र 5 प्रतिशत धान ही खरीदा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सुस्ती का लाभ बिचौलिये उठा रहे हैं और किसानों से औने-पौने दाम पर धान खरीद रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि राज्य का अधिकांश भाग छोटानागपुर पठार में होने के कारण खेती वर्षा पर निर्भर है। कोनार नहर, बक्शा नहर और लोटिया जलाशय जैसी परियोजनाओं के खराब रख-रखाव पर उन्होंने चिंता जताई। उन्होंने चेक डैम, तालाब और लिफ्ट इरिगेशन जैसी छोटी योजनाओं को प्राथमिकता देने की मांग की। विधायक ने कहा कि कोल्ड स्टोरेज के अभाव में फल-सब्जियां बर्बाद हो रही हैं। बंद पड़े मिनी कोल्ड स्टोरेज को पुन: चालू कर मड़ुआ जैसी पारंपरिक फसलों के लिए विशेष विपणन व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

**भव्य यात्रा** द्वितीय रंग रंगीला फागुन महोत्सव के पहले दिन शहर में भव्य निशान यात्रा निकाली गई

# 501 से अधिक महिलाएं निशान लेकर हुईं यात्रा में शामिल

● ध्वजा पूजन के बाद सभी कूपन धारी महिलाओं एवं भक्तजनों को निशान प्रदान किया गया

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़ ।** श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा आयोजित द्वितीय रंग रंगीला फागुन महोत्सव गुरुवार को निशान यात्रा के साथ आरंभ हो गया है। गुरुवार को 11:00 बजे छावनी फुटबॉल ग्राउंड से एक विशाल निशान यात्रा का आयोजन किया गया । जिसमें हजारों महिला एवं पुरुष तथा बच्चे बाबा का निशान लेकर शामिल हुए। छावनी फुटबॉल मैदान से निकले गए निशान यात्रा में 501 महिलाएं निशाना के साथ शामिल हुईं । सर्वप्रथम निशान की पूजा छावनी फुटबॉल में की गई । सुबह ध्वजा पूजन के बाद सभी कूपन धारी महिलाओं एवं भक्तजनों को निशान प्रदान किया गया। बाबा की विभिन्न झांकियां एवं बैंड की धून से साथ निशान विराट लग रही थी। स्थानीय कलाकार एवं बाहर से आए हुए कलाकार साथ में भजन गाते हुए भक्तों को झूमाते चल रहे थे । निशान यात्रा फुटबॉल ग्राउंड से आरंभ होकर नेहरू रोड स्थित श्याम मंदिर के सामने से एवं गोला रोड होते हुए थाना चौक, सुभाष चौक होते हुए फिर फुटबॉल ग्राउंड पहुंचकर संपन्न हुई । यहां निशान धारी भक्तों को कूपन लेकर प्रसाद वितरण किया गया। 27 फरवरी को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। भजन संध्या की शुरुआत 6:30 होगी। महोत्सव को लेकर बाबा के मंदिर फूलों की सजावट से अद्वितीय ढंग से सजाया गया है तथा बाबा की ज्योत जगाई जाएगी। सवामणि एवं महाभोग के कूपन भी जारी किए गए हैं। कोई भी श्रद्धालु कमेटी के पास से या मंदिर से कूपन प्राप्त कर सकते हैं। सभी उत्साहित भक्त इस कार्य में तन मन से जुड़े हुए हैं ।रात्रि में फूलों की होली खेली जाएगी तथा धमाल गायन के द्वारा आए हुए कलाकार भक्तों को रिझाएंगे। सुबह-सुबह बाबा के शंखाचार एवं आरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट रामगढ़ द्वारा निकाला गया भव्य और विशाल निशान यात्रा में सांवरमल अग्रवाल, अनिल गोयल, कमल बगड़िया,संजय चौधरी, शंकर लाल अग्रवाल,सुरेश बगड़िया,राजकुमार अग्रवाल, प्रदीप शर्मा, मुरारी अग्रवाल, विकास अग्रवाल,संजय अग्रवाल मथुरा, राजेश अग्रवाल, महावीर अग्रवाल, विनय अग्रवाल, राजेश मोदी, अजय जैन, प्रमोद मोदी, मनोज बंसल, शंभू पटवारी, शिवकुमार अग्रवाल, दीपक मेवाड़, महेश अग्रवाल आदि ने शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

### निशान यात्रा में राधा-कृष्ण और शिव-पार्वती की आकर्षक झांकी थी शामिल

श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट रामगढ़ द्वारा आयोजित द्वितीय रंग रंगीला फागुन महोत्सव के पहले दिन निकल गई निशान यात्रा में घोड़े के रथ पर सवार राधा कृष्ण और शिव पार्वती की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। वही निशान यात्रा में ताशा पार्टी और बैंड पार्टी के धुन पूरे माहौल को भक्ति में बना रहे थे। निशान यात्रा का रामगढ़ शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय सामाजिक संस्थाओं ने स्वागत किया। निशान यात्रा में शामिल पुरुष महिलाओं को शीतल पेय और पानी प्रदान किया गया।।

नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 सिमडेगा कॉलेज में बना है मतगणना केंद्र

# आज मतगणना, प्रशासन ने की पूरी तैयारियां

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के अंतर्गत 27 फरवरी को प्रातः 8:00 बजे से सिमडेगा कॉलेज स्थित मतगणना केंद्र में मतगणना संपन्न कराई जाएगी। इसे लेकर जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतगणना से पूर्व मतगणना कर्मियों, निर्वाची पदाधिकारियों, सहायक निर्वाची पदाधिकारियों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई।उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कंचन सिंह ने ब्रीफिंग के दौरान कहा कि सभी कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। मतगणना कार्य पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता और सजगता के साथ संपन्न किया जाए। उन्होंने कहा कि मतगणना एक अत्यंत संवेदनशील प्रक्रिया है, इसलिए किसी भी प्रकार की शंका की स्थिति में स्वयं निर्णय लेने के बजाय वरीय पदाधिकारियों से मार्गदर्शन लिया जाए। छोटी-सी त्रुटि भी अनावश्यक विवाद या पक्षपात के आरोप का कारण बन सकती है।उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कर्मी प्रातः 6:00 बजे तक मतगणना केंद्र में अनिवार्य रूप से रिपोर्ट करें। प्रवेश से पूर्व सभी की फ्रिस्किंग की जाएगी। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, पर्स सहित किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना कक्ष में आवश्यक सामग्री उपलब्ध रहेगी। गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य होगा तथा मतों से संबंधित अधिकृत सूचना ही सार्वजनिक की जाएगी। स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति के लिए मेडिकल टीम और रिजर्व कर्मियों की व्यवस्था की गई है।पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस खोटरे ने बताया कि मतगणना केंद्र में तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू रहेगी। प्रवेश के लिए वैध पहचान पत्र अनिवार्य होगा। डीएफएमडी, एचएचएमडी तथा मैनुअल जांच के बाद ही किसी को प्रवेश मिलेगा। किसी भी अव्यवस्था की स्थिति में संबंधित पदाधिकारी तत्काल सर्किल इंस्पेक्टर या डीएसपी को सूचित करेंगे। मतगणना के लिए चार काउंटिंग हॉल बनाए गए हैं, प्रत्येक में छह-छह टेबल निर्धारित हैं। अभ्यर्थियों, गणना अभिकर्ताओं एवं मीडियाकर्मियों का प्रवेश पश्चिमी गेट से होगा, जबकि वाहनों की पार्किंग पूर्वी गेट के पास निर्धारित स्थल पर की जाएगी। प्रशासन ने शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित मतगणना के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली हैं।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश



**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह ने जिला मुख्यालय में जनता दरबार का आयोजन कर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। दरबार में पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को उपायुक्त ने गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए।जनता दरबार में जमीन विवाद, जमीन बंटवारा, रोजगार उपलब्ध कराने, विधवा पेंशन स्वीकृति, लापता लड़की की खोज, मारपीट की घटनाएं, आम बागवानी को क्षति पहुंचाने, रैयती भूमि पर लगे फलदार वृक्षों की कटाई, पैतृक जमीन पर उत्तराधिकारियों को दखल दिलाने तथा सामग्री आपूर्ति के भुगतान से जुड़े मामले प्रमुख रूप से सामने आए। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और मामलों का समयबद्ध निष्पादन किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजनों को अनावश्यक परेशानी न हो, इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करें।

## कोलेबिरा में झामुमो की आवश्यक बैठक, संगठन मजबूती पर जोर



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक आवश्यक बैठक कोलेबिरा प्रखंड में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बागे ने की। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली मुख्य रूप से उपस्थित रहे।बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने पर विस्तार से चर्चा की गई। केंद्रीय सदस्य फिरोज अली ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सफलता की कुंजी है।प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बागे ने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा के साथ करने की अपील की। बैठक में प्रखंड सचिव बीरीश डुंग डुंग, उपाध्यक्ष दशरथ नायक, कोषाध्यक्ष सन्नी रिजवान, महेश दास, एल्बिन समद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## होली और मतगणना को लेकर पुलिस की मॉक ड्रिल, उपद्रवियों से निपटने की तैयारी तेज

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** होली पर्व और मतगणना के दौरान संभावित उपद्रव की आशंका को देखते हुए सिमडेगा पुलिस ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में सिमडेगा पुलिस लाइन में व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से पुलिस जवानों ने भीड़ नियंत्रण और उपद्रवियों से निपटने की रणनीति का अभ्यास किया।अभ्यास के दौरान वाटर कैनन का उपयोग, लाठी चार्ज की प्रक्रिया, आंसू गैस के गोले छोड़ने तथा आवश्यक परिस्थिति में फायरिंग की कार्यवाही का प्रदर्शन किया गया। पुलिस बल को अलग-अलग परिस्थितियों में त्वरित और संयमित कार्रवाई के लिए प्रशिक्षित किया गया।एसपी श्रीकांत एस खोटरे ने मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को ब्रीफ करते हुए भीड़ प्रबंधन के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि त्योहार और मतगणना जैसे संवेदनशील अवसरों पर असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं, इसलिए पुलिस को सतर्क और तैयार रहना जरूरी है।एसपी ने स्पष्ट किया कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। हर स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त बल, संसाधन और रणनीति तैयार है। उन्होंने आम नागरिकों से भी शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

## शून्यकाल में गूंजा हाथी आतंक का मुद्दा, कोलेबिरा विधायक ने उठाई समाधान की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने विधानसभा के शून्यकाल में सिमडेगा सहित पूरे झारखंड में बढ़ती हाथी–मानव संघर्ष की घटनाओं को गंभीर मुद्दा बताते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।उन्होंने कहा कि झारखंड के कई जिलों, विशेषकर सिमडेगा में हाथियों द्वारा जान–माल की क्षति की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में भय और अशांति का माहौल बना हुआ है।विधायक श्री कोंगाड़ी ने सदन को बताया कि ग्रामीणों को रातभर जागकर अपने घरों और फसलों की रखवाली करनी पड़ रही है। लगातार 'रात-जग्गा' के कारण लोगों के स्वास्थ्य और कार्यक्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकांश घटनाएं तब होती हैं जब हाथी घरों में रखे अनाज को खाने के प्रयास में प्रवेश करते हैं, जिससे घरों और संपत्ति को नुकसान पहुंचता है तथा कई बार जनहानि भी हो जाती है।विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग करते हुए कहा कि राहत कार्यों में तेजी लाई जाए और क्षतिपूर्ति की मुआवजा राशि में वृद्धि की जाए। साथ ही, प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षित अनाज भंडारण के लिए सरकारी स्तर पर गोदाम निर्माण की व्यवस्था की जाए, ताकि हाथियों के आकर्षण का मुख्य कारण कम किया जा सके। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि मानव–हाथी संघर्ष को रोकने के लिए ठोस और दीर्घकालिक नीति बनाई जाए।

## बोलबा में विभिन्न मांगों को लेकर रसोइया दीदियों का जोरदार धरना-प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में विभिन्न मांगों को लेकर रसोइया दीदियों ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान बोलबा और ठेठईटांगर प्रखंड की बड़ी संख्या में रसोइया दीदियां एकत्रित हुईं और सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शन के दौरान रसोइयों ने आरोप लगाया कि सरकार उनके साथ शोषण और अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा कि पूरे वर्ष कार्य लेने के बावजूद मात्र दस माह का मानदेय 66 रुपये 66 पैसे प्रतिदिन की दर से दिया जा रहा है, जो बेहद कम और अपमानजनक है।रसोइयों ने यह भी आरोप लगाया कि कई स्थानों पर सरकारी कर्मचारियों द्वारा उनके पासबुक अपने पास रख लिए गए हैं। साथ ही खाली चेक पर बिना राशि भरे हस्ताक्षर कराए जाते हैं और कितनी राशि निकाली जाती है, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती। जिला परिषद सदस्य अजय एक्का ने धरना स्थल पर पहुंचकर रसोइयों की मांगों का समर्थन किया। उन्होंने सम्मानजनक मानदेय, सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ और पासबुक तत्काल वापस करने की मांग की। चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। अंत में उपायुक्त के नाम हस्ताक्षरयुक्त आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया। मौके पर भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## होली और रोजे के दौरान प्रशासन अलर्ट, खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** आगामी त्योहारों और रोजे के पवित्र माह को देखते हुए जिले में खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन एवं जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग ने सघन जांच अभियान चलाया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के नेतृत्व में शहर के विभिन्न किराना प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।अभियान के दौरान मेसर्स निखिल इंटरप्राइजेज, मेसर्स कृष्ण कांति इंटरप्राइजेज और मेसर्स मणिराम अग्रवाल दुकान सहित कई प्रतिष्ठानों की जांच की गई। अधिकारियों ने साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था, एक्सपायरी तिथि, पैकेजिंग तथा लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की।जांच के क्रम में मणिराम अग्रवाल से खाद्य तेल, कृष्ण कांति इंटरप्राइजेज से सूजी और निखिल इंटरप्राइजेज से घी का नमूना संग्रहित कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।पदाधिकारी ने फल विक्रेताओं को चेतावनी दी कि फलों को कैल्शियम कार्बाइड से न पकाएं। ऐसा करना खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2006 का उल्लंघन है। त्योहारों के दौरान मिलावट रोकने हेतु अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## केरसई थाना में होली को लेकर शांति समिति की बैठक, सौहार्दपूर्ण पर्व मनाने की अपील

नवीन मेल संवाददाता



**केरसई।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर केरसई थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक पदाधिकारियों, शांति समिति के सदस्यों एवं स्थानीय गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहीअंचलाधिकारी देवकांत सिंह ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का पर्व है। सभी लोग एक-दूसरे के धर्म और आस्था का सम्मान करते हुए शांति एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने अफवाहों से बचने और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की।थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने स्पष्ट कहा कि होली के दौरान शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों, जबरन रंग लगाने वालों एवं तेज रफ्तार में बाइक चलाकर स्टंट करने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से भी युवाओं पर नजर रखने की अपील की।सर्किल इंस्पेक्टर रामानुज वर्मा ने कहा कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। पुलिस टीम लगातार गश्त करेगी और असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि आमजन सुरक्षित माहौल में त्योहार मना सकें।बैठक के अंत में शांति समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारी संघ ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र में शांति बनाए रखने का संकल्प लिया।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञान मनीष एक्का ,एएसआई शंकर सिंह अवधेश प्रसाद प्रणव कुमार रवि गुप्ता गौतम कुमार शशि प्रसाद विष्णु प्रसाद उपेंद्र कुमार राधेश्याम प्रसाद मुन्स खेस बसारत अंसारी अबरार अंसारी अमित कुमार जावेद अंसारी सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**अधिकार** विधानसभा में विधायक भूषण बाड़ा ने की समता जजमेंट लागू करने की मांग, कहा-

# आदिवासियों के अधिकारों पर अब और देरी बर्दाश्त नहीं

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** झारखंड विधानसभा के शून्यकाल में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने एक बार फिर आदिवासी–मूलवासी अधिकारों से जुड़े मुद्दे को जोरदार तरीके से सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1997 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित ऐतिहासिक समता जजमेंट में स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि देश के अनुसूचित क्षेत्रों में खनिज एवं वन संसाधनों पर आदिवासी/मूलवासी समुदायों को पूर्ण अधिकार दिया जाए। लेकिन विधायक बाड़ा के अनुसार राज्य सरकारों द्वारा इस जजमेंट को अब तक जमीनी स्तर पर लागू नहीं किया गया। जिसके कारण आदिवासी समुदाय अपने वैधानिक और प्राकृतिक अधिकारों से लगातार वंचित हो रहा है। उन्होंने कहा समता जजमेंट आदिवासियों के स्वाभाविक हक और संरक्षण की नींव है। सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित क्षेत्रों के संसाधनों पर आदिवासियों की सर्वोच्चता को मान्यता दी थी। लेकिन झारखंड में आज तक इस पर अमल शुरू नहीं हो सका है। यह देरी समुदाय के हितों पर सीधा प्रहार है। विधायक बाड़ा ने आसन के माध्यम से राज्य सरकार से मांग की कि समता जजमेंट को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए और अनुसूचित क्षेत्रों में संसाधनों पर आदिवासियों के अधिकारों की गारंटी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि खनन, भूमि, वन अधिकार और स्थानीय संसाधनों के संरक्षण में इस निर्णय का क्रियान्वयन बेहद जरूरी है। यदि इसे लागू किया जाता है तो आदिवासी स्वशासन, ग्रामसभा की भूमिका और पारंपरिक अधिकारों को मजबूती मिलेगी। इधर विधायक के इस मांग को सामाजिक संगठनों और आदिवासी बुद्धिजीवियों ने सराहते हुए कहा कि सदन में आदिवासी अधिकारों की यह आवाज बेहद महत्वपूर्ण और समयानुकूल है।

## कृषि विभाग की अटकी योजनाओं को लेकर विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र में उठाया सवाल

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कृषि और सहकारिता विभाग की योजनाओं की सुस्त रफ्तार को लेकर सवाल उठाए हैं। विधायक भूषण बाड़ा ने सरकार से पूछा कि क्या यह सच है कि कृषि विभाग की कई महत्वपूर्ण योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह गई हैं? उन्होंने विशेष रूप से तीन बड़ी परियोजनाओं का उल्लेख किया कि मुख्यालय अधिग्रहण, क्षेत्रीय कार्यालय तथा लैम्पस/पैक्स के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए आवंटित 56 करोड़ रुपये, सहकारिता प्रभाग के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय भवन सह कॉन्फ्रेंस हॉल निर्माण के लिए 4.93 करोड़ रुपये। खूंटी स्थित को-ऑपरेटिव ट्रेनिंग सेंटर के लिए 6.41 करोड़ रुपये की योजना शामिल है। इस पर सरकार ने अस्वीकारात्मक बताते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत अधिकांश योजनाएं स्वीकृत हो चुकी हैं और क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि विधायक द्वारा उल्लेखित तीनों विशिष्ट योजनाओं की स्वीकृति की कार्रवाई भी वर्तमान में प्रक्रियाधीन है। सरकार ने इन योजनाओं के कारण विभाग की कार्यक्षमता प्रभावित होने या किसी भी प्रकार की उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता से इनकार किया है।

## न्यूज बॉक्स

### कल्याण निकेतन और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ शिविर

**सिमडेगा।** संस्था छोटानागपुर कल्याण निकेतन और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संयुक्त तत्वावधान में एस्पिरेशनल ब्लॉक बांसजोर में पांच दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुआत बोंगिरा कॉम्बेकेरा पंचायत से की गई तथा समापन कुरकुरा में हुआ। इस अभियान का उद्देश्य वंचित एवं पात्र लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना था। पांच दिनों तक चले इस विशेष अभियान के दौरान लगभग 650 लोगों का आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकरण, राशन कार्ड में नाम जोड़ने हेतु ऑनलाइन आवेदन, श्रम कार्ड निर्माण तथा पेंशन के लिए आवेदन कराया गया। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर रोहित कुमार और गौरव प्रधान ने बताया कि आज भी कई पात्र लोग सरकारी योजनाओं से वंचित हैं। अनेक परिवारों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, जबकि कई बुजुर्ग पात्रता होने के बावजूद पेंशन से नहीं जुड़ पाए हैं। राशन कार्ड में नाम जोड़ने को लेकर भी लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शिविर को सफल बनाने में स्थानीय स्टेकहोल्डर, सहिया, आंगनबाड़ी सेविकाओं तथा अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### तामड़ा गांव में शिव मंदिर वार्षिक महोत्सव पर शुरू हुआ धार्मिक महोत्सव

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा गांव स्थित शिव मंदिर में तीसरे वार्षिक महोत्सव के अवसर पर गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। प्रातः काल भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें गांव की महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। कलश यात्रा के पश्चात 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ हुआ। कीर्तन में आसपास के कई गांवों की मंडलियों ने भाग लेकर "हरे राम, हरे कृष्ण" के जयघोष से पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।विधिवत पूजा-अर्चना में आचार्य विश्वनाथ मिश्र ने मुख्य भूमिका निभाई, जबकि यजमान के रूप में संजय केसरी उपस्थित रहे। पूरे दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। संध्या समय भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के कई गांवों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।शुक्रवार को हवन-पूजन और नगर भ्रमण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक एवं भव्य तरीके से सजाया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव मंदिर पूजा समिति और समस्त ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### होली पर्व को लेकर बानो थाना में शांति समिति की बैठक आज

**बानो।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बानो थाना प्रांगण में 27 फरवरी को अपराह्न 03:00 बजे शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी थाना प्रभारी मानव मयंक ने दी। उन्होंने बताया कि होली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के मद्देनजर क्षेत्र में आपसी भाईचारा, कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बैठक बुलाई गई है। थाना प्रभारी ने सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों, प्रबुद्ध जनों, शांति समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों से उपस्थित होकर सुझाव देने की अपील की है। प्रशासन की प्राथमिकता है कि होली पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो।

### ठेठईटांगर में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर औचक निरीक्षण, कहीं नहीं मिले बाल श्रमिक

**सिमडेगा।** जिले में बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन को लेकर प्रशासन की सक्रियता तेज हो गई है। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार और श्रम अधीक्षक कार्यालय की संयुक्त टीम ने ठेठईटांगर प्रखंड के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और ईंट भट्ठों में औचक निरीक्षण किया। अभियान के दौरान श्रम कानूनों के अनुपालन, कामगारों की आयु, कार्य परिस्थितियों और नियोजन प्रक्रिया की गहन जांच की गई। निरीक्षण में किसी भी स्थल पर बाल या किशोर श्रमिक नहीं पाए गए।प्राधिकार सचिव मरियम हेमरोम ने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन कानूनी ही नहीं, सामाजिक जिम्मेदारी भी है। बच्चों का स्थान विद्यालय में है, न कि श्रम स्थलों पर। उन्होंने बताया कि जिले में लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं और बाल श्रम पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान में श्रम अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, पीएलवी विकास कुमार सहित अन्य कर्मियों की भागीदारी रही।

### श्रम अधीक्षक ने चलाया जागरूकता और बाल श्रमिक विमुक्ति अभियान

**ठेठईटांगर।** मुख्यालय क्षेत्र में सिमडेगा जिला श्रम अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में जागरूकता अभियान एवं बाल श्रमिक विमुक्ति अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ठेठईटांगर बाजार स्थित होटलों, विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा पंडरीपानी स्थित दो ईंट भट्ठों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान किसी भी स्थल पर 14 वर्ष से कम आयु के बाल श्रमिक नहीं पाए गए, जिस पर अधिकारियों ने संतोष जताया। टीम ने प्रतिष्ठानों में पोस्टर चिपकाकर और प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को बाल श्रम निषेध कानून की जानकारी दी।श्रम अधीक्षक ने स्पष्ट रूप से कहा कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का कार्य कराना दंडनीय अपराध है। उन्होंने प्रतिष्ठान संचालकों को कानून का सख्ती से पालन करने तथा बाल श्रम की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की चेतावनी दी।

### बजरंगबली मंदिर में वार्षिकोत्सव पर निकली भव्य कलश यात्रा, अखंड हरिकीर्तन प्रारंभ

**केरसई।** केरसई स्थित बजरंगबली मंदिर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर नगर भ्रमण किया। श्रद्धालु "जय श्री राम" और "बजरंगबली की जय" के उद्घोष लगाते हुए यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा के उपरांत मंदिर प्रांगण में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ अखंड हरिकीर्तन प्रारंभ हुआ। "हरे रामा हरे कृष्णा" मंत्रोच्चार से वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंग गया। स्थानीय कीर्तन मंडलियों ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया, जिससे देर शाम तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।आयोजन समिति ने बताया कि वार्षिकोत्सव के दौरान नाम यज्ञ, भंडारा और विशेष आरती का आयोजन भी किया जाएगा। यजमान के रूप में दिलीप प्रसाद सपत्नीक तथा आचार्य प. अजय शंकर झा और संजय पाठक उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष विकास कुमार, पवन कुमार, आकाश कुमार, सूरज प्रसाद, धीरज साहू सहित सभी ग्रामवासी सक्रिय रहे।

### श्रद्धा के सागर में डूबा बरसलोया: रात्रि रथ यात्रा महोत्सव का दिव्य शुभारंभ



**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत बरसलोया गांव में छह दिवसीय रात्रि रथ यात्रा महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ। भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार कर उन्हें लकड़ी एवं लोहे से निर्मित आकर्षक रथ पर विराजमान कराया गया। रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजा रथ श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा।मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। पुजारी लखेश्वर पंडा ने पारंपरिक रीति से पूजा संपन्न कर गांव की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। रात्रि 8 बजे के बाद भजन-कीर्तन, ढोल-मृदंग और शंखनाद के साथ रथ यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने "राधे-राधे", "जय श्रीकृष्ण" और "हरि बोल" के जयघोष के साथ रथ खींचा। छह दिनों तक विशेष पूजा, कीर्तन और प्रसाद वितरण होगा। आयोजन में दिलीप पंडा, मानस रंजन पंडा, प्रमोद सोनी, दाशरथी सोनी, अविनाश पंडा, अभिषेक कुमार सोनी, राहुल सोनी, सौरभ सोनी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कंटेनर और हाइवा के बीच टक्कर के बाद लगी आग, खलासी की जलकर मौत

नवीन मेल संवाददाता



**दुमका।** रिंग रोड स्थित मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में एएन कॉलेज के समीप लाइटर लोड कंटेनर और गिट्टी लोड हाइवा के बीच टक्कर के बाद आग लग गई। घटना में हाइवा के खलासी की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से झुलस गया। घटना बुधवार रात की है। घायल हाइवा चालक की पहचान बिहार के बांका जिला अंतर्गत बेलहर थाना क्षेत्र के कैलास पहाड़ी निवासी 30 वर्षीय संतोष कुमार यादव (पिता आनन्दी यादव) के रूप में हुई है। उसे गंभीर अवस्था में फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों की देखरेख में इलाज जारी है। मृतक उमेश कुमार बांका जिले के सुईया थाना क्षेत्र के दोना पाथर का निवासी था। जानकारी के अनुसार पाकुड़ के अमड़ापाड़ा स्थित कोल माइंस से गिट्टी लोड हाइवा दुमका रेलवे स्टेशन परिसर स्थित कोल डंपिंग यार्ड की ओर जा रहा था। उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे लाइटर लोड कंटेनर से एएन कॉलेज के समीप मुख्य पथ पर आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर के तुरंत बाद दोनों वाहनों में आग लग गई और लपटें तेजी से फैल गईं। आग इतनी भीषण थी कि पास में खड़े कोयला लदे दो अन्य हाइवा भी उसकी चपेट में आकर जलकर खाक हो गए। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## युवक की भुजाली से गला काटकर हत्या

नवीन मेल संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर में बुधवार देर रात गैंगखोली इलाके में एक युवक की भुजाली से गला काटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे शहर में दहशत का माहौल है। मृतक की पहचान शीतला मंदिर वार्ड संख्या 7 निवासी राज तांती के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार राज तांती गैंगखोली क्षेत्र में कुछ युवकों के साथ मिलकर अवैध धंधा करता था। बताया जा रहा है कि उसने एक युवक से कुछ पैसे उधार लिए थे।

बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे उधार की रकम वापस मांगने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान आरोपित ने भुजाली निकालकर राज तांती के गले और पेट पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में उसका गला बुरी तरह कट गया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद राज तांती किसी तरह जान बचाकर वहां से भागा और कटे हुए गले को हाथ से दबाए हुए अपने घर शीतला मंदिर क्षेत्र तक पहुंच गया। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण वह घर पहुंचते ही जमीन पर गिर पड़ा। परिजन और स्थानीय लोग उसे तत्काल चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद मृतक के पिता मारतुल तांती ने धर्मेंद्र प्रधान के पुत्र सन्नी प्रधान पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उधार के पैसे को लेकर सन्नी ने पहले मारपीट की और फिर भुजाली से गला काटकर उनके बेटे की हत्या कर दी।

## लापता तीन बच्चे हिरणी फॉल के पास से सकुशल बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के बंदगांव प्रखंड अंतर्गत करिका गांव से लापता हुए तीन बच्चों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल बरामद कर लिया। डायल 100 पर सूचना मिलने के बाद पुलिस ने महज ढाई घंटे के भीतर बच्चों को खोज निकाला और सुरक्षित उनके परिजनों के हवाले कर दिया। घटना बुधवार शाम की बताई जा रही है, हालांकि परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को गुरुवार को दी। सूचना मिलते ही पुलिस महकमा सक्रिय हो गया। पुलिस अधीक्षक अमित रेणु के निर्देश पर तुरंत सर्च अभियान शुरू किया गया। गुप्त सूचना तंत्र और जंगली इलाकों में सक्रिय नेटवर्क की मदद से बच्चों की तलाश तेज कर दी गई। जांच के दौरान पता चला कि तीनों बच्चे गांव से बाजार जाने की बात कहकर निकले थे। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजन चिंतित हो उठे। इधर, गुरुवार सुबह हिरणीफॉल के आसपास ग्रामीणों ने तीनों बच्चों को देखा और पूछताछ की।

इसी बीच मामला बंदगांव थाना पहुंचा और पुलिस ने तेजी दिखाते हुए इलाके में दबिश दी। सर्च अभियान के बाद पुलिस ने हिरणीफॉल के समीप से तीनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया। अभियान में बंदगांव थाना प्रभारी मनीष, एएसआई धीरेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रूप से शामिल थे।

### धनबाद प्रशासन अलर्ट: होली पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

## हुड़दंगियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

- चुनाव से संबंधित शहर में लगे झंडे, बैनर और पोस्टर अविलंब हटाए जाने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**धनबाद।** होली पर्व और नगर पालिका चुनाव के नतीजों के मद्देनज़र धनबाद में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। विजय जुलूस निकालने के लिए अब अनुमंडल कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। धनबाद में होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। न्यू टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने स्पष्ट कहा कि नगर पालिका चुनाव में विजयी प्रत्याशियों को विजय जुलूस निकालने से पूर्व अनुमंडल कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति जुलूस निकालने पर कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि चुनाव से संबंधित शहर में लगे झंडे, बैनर और पोस्टर अविलंब हटाए जाएं। उन्होंने कहा कि जैसे नगर पालिका चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, उसी तरह होली भी शांति और भाईचारे के साथ मनाई जाएगी। इसके लिए जिले में फ्लैग मार्च निकाला जाएगा जिसके लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

**किसी भी तरह की हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: एसएसपी**

वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि पर्व के दौरान किसी भी तरह का हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और न ही उनको किसी भी सूरत में बख्शा जाएगा।

उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि संदिग्ध या असामाजिक तत्वों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस होलिका दहन और होली के दौरान हर समय मुस्तैद रहेगी। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि धनबाद ने हमेशा सौहार्दपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की मिसाल कायम की है और इस बार भी यही परंपरा कायम रहेगी। शांति समिति के सदस्यों ने पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने, सड़क पर जल छिड़काव, पर्याप्त रोशनी, जबरन रंग न डालने, मोहल्लों की साफ-सफाई, पर्याप्त जलापूर्ति, 4 मार्च को कोल माइनिंग क्षेत्रों में भारी वाहनों का परिचालन रोकने, स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और बाजार में बिकने वाले रंग-अबीर की गुणवत्ता जांच जैसे कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रशासन ने सभी सुझावों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कुल मिलाकर, होली को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क है, ताकि पर्व शांति, सुरक्षा और भाईचारे के साथ संपन्न हो सके।

## विधायक ने विधानसभा में उठाई तोरपा में कृषि मंडी निर्माण की मांग



**खूंटी।** झारखंड विधानसभा के सत्र के सातवें दिन गुरुवार को तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने सदन में अपने क्षेत्र के किसानों से जुड़े मुद्दों को उठाया। उन्होंने तोरपा विधानसभा क्षेत्र में कृषि मंडी के निर्माण और किसानों को विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की मांग सरकार से की। विधायक ने कहा कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र मुख्य रूप से कृषि आधारित इलाका है, जहां अधिकांश किसान खेती पर निर्भर हैं।

यहां के किसान मेहनत और लगन से अच्छी पैदावार करते हैं, लेकिन उचित बाजार व्यवस्था के अभाव में उन्हें अपनी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कृषि मंडी नहीं होने के कारण किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए दूर-दराज के बाजारों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे समय और परिवहन खर्च बढ़ता है। सुदीप गुड़िया ने यह भी कहा कि भंडारण की समुचित व्यवस्था नहीं होने से किसानों को फसल तत्काल बेचनी पड़ती है, जिससे उन्हें अक्सर कम कीमत पर उपज बेचने की मजबूरी होती है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि किसानों की सुविधा और हितों को ध्यान में रखते हुए जल्द ही तोरपा विधानसभा क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से युक्त कृषि मंडी का निर्माण कराया जाए। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक ने कहा कि किसानों को आधुनिक खेती की तकनीक, उन्नत बीज, फसल संरक्षण, भंडारण और विपणन से संबंधित विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की जरूरत सदन में मामला उठाया। उन्होंने कहा कि यदि किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने और बाजार की जानकारी दी जाए तो उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है।

## सहकारिता विभाग ने किसानों को दो दिनों तक दिया प्रशिक्षण



**बरकट्ठा।** प्रखंड के ग्राम तुईयो पंचायत भवन में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से आयोजित किसानों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हो गया। जिसमें किसानों को फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना के बारे में जानकारी दी गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रखंड उपप्रमुख सूरजी देवी, मुखिया शंकर रविदास, कृषक मित्र उत्तीम महतो मौजूद थे। वही पौधा संरक्षण कर्मी कुन्दन कुमार एवं प्रशिक्षक नागेश्वर साव ने किसानों को रवि फसल और खरीफ फसल के बारे में जानकारी दिया। मौके पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 30 किसानों के बीच प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर रमेश यादव, अमित यादव, मुंशी महतो, अजय राम, सराज मियां, सैबुन खातून, चंपा कुमारी, उर्मिला देवी, मंजू देवी, चंद्रिका देवी, संजय राणा, संजय दास, बीरेंद्र राणा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## मलेरिया उन्मूलन को लेकर चलेगा विशेष अभियान : सिविल सर्जन

नवीन मेल संवाददाता



**खूंटी।** जिले में मलेरिया उन्मूलन अभियान को प्रभावी बनाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के उद्देश्य से गुरुवार को सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में सघन मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम–तृतीय चरण (आईएमपी -III) के तहत जिला स्तरीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग द्वारा चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सीनी) के सहयोग से किया गया। बैठक में जिले में मलेरिया की वर्तमान स्थिति, संक्रमण दर, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान, रोकथाम के उपाय, सक्रिय सर्वेक्षण, जांच एवं उपचार की व्यवस्था, दवा वितरण, मच्छर नियंत्रण गतिविधियों तथा जनजागरूकता कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. रजनी नीलम टोप्पो ने कहा कि आईएमपी -III के तहत अड़की, रनिया और तोरपा प्रखंडों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत घर-घर जाकर बुखार के मामलों की पहचान, मलेरिया जांच, समय पर उपचार तथा मच्छर नियंत्रण गतिविधियों को तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आशा, एएनएम और सामुदायिक स्वास्थ्य स्वयंसेवकों को नियमित प्रशिक्षण देकर जमीनी स्तर पर निगरानी को मजबूत किया जा रहा है। 2030 तक भारत को मलेरिया मुक्त बनाने के लक्ष्य को सफल बनाने की शपथ दिलाई।

सीनी संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक राम राज सिंह ने कहा कि मलेरिया उन्मूलन में समुदाय की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों से साफ-सफाई रखने, पानी का जमाव रोकने, मच्छरदानी के नियमित उपयोग तथा बुखार होने पर तुरंत जांच कराने की अपील की।

## होली से पूर्व नकली शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़

**रामगढ़।** होली से पहले उत्पाद विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार को रामगढ़ और रांची के बॉर्डर पर पतरातू प्रखंड क्षेत्र में संचालित हो रही नकली शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस छापेमारी में रामगढ़ उत्पाद विभाग की टीम के साथ रांची की टीम भी शामिल थी। इस ज्वाइंट ऑपरेशन में नकली शराब का कारोबार करने वाले तस्करों पर लगाम लगाने की कोशिश की गई है। सहायक उत्पाद आयुक्त अरविंद कुजूर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पतरातू प्रखंड क्षेत्र के तालाटांड़ में छापेमारी की गई। छापेमारी में तालाटांड़ श्मशान रोड में दोनों जिलों की सीमा के पास एक निर्माणाधीन एस्बेस्टस शीट वाले मकान से भारी मात्रा में शराब के खाली पीईटी बोतल, कार्टून सील करने वाला टेप और एक पंचिंग मशीन बरामद किया गया। सभी वस्तुओं को जब्त किया गया और मामले में संलिप्त अभियुक्तों की पहचान करते हुए उत्पाद अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## विधायक ने सदन में उठाया बरकट्ठा व इचाक में अंचल अधिकारी नहीं होने का मुद्दा

नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत इचाक एवं बरकट्ठा अंचल में नियमित अंचल अधिकारी की पदस्थापना नहीं होने से आम जनता को हो रही परेशानियों का मुद्दा विधायक अमित कुमार यादव ने सदन के पटल पर उठाया। उन्होंने इस समस्या को गंभीर बताते हुए सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की।विधायक ने सदन को अवगत कराया कि दोनों अंचलों में स्थायी अंचल अधिकारी नहीं रहने के कारण राजस्व से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं।जमीन संबंधी दाखिल-खारिज, लगान, प्रमाण-पत्र निर्गत करने सहित अन्य आवश्यक कार्यों के लिए लोगों को अनावश्यक रूप से भटकना पड़ रहा है। इससे आम नागरिकों को काफी कठिनाइयों और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय में नियमित अधिकारी की अनुपस्थिति से प्रशासनिक व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है और समय पर कार्यों का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। इसका सीधा असर क्षेत्र के किसानों, गरीबों एवं आम जनता पर पड़ रहा है।

विधायक अमित कुमार यादव ने इस स्थिति को चिंताजनक बताते हुए सरकार से आग्रह किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इचाक एवं बरकट्ठा अंचल में जल्द से जल्द नियमित अंचल अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अंचल अधिकारी की पदस्थापना होने से राजस्व कार्यों में तेजी आएगी और लोगों को राहत मिलेगी।

## पदाधिकारियों और कर्मियों को दिया गया मतगणना का प्रशिक्षण

**खूंटी।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के 27 फरवरी को प्रस्तावित मतगणना कार्य के सफल संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आर रॉनिटा के निर्देश पर मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय में गुरुवार को निर्वाची पदाधिकारी (आरओ), सहायक निर्वाची पदाधिकारी (एआरओ), मतगणना कर्मी सहित अन्य प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना से संबंधित कार्य और दायित्वों की जानकारी दी गई। उपस्थित पदाधिकारी और कर्मियों को मतगणना की पूरी प्रक्रिया, राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से कार्य संपन्न करने के विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतदान के बाद पीठासीन पदाधिकारी जमा कराई गई मतपेटियों को नियमानुसार खोलेंगे।

## पलाश हर्बल गुलाल निर्माण के लिए प्रशिक्षण का आयोजन

**धनबाद।** गोविंदपुर के ओएसएफ रतनपुर आजीविका महिला संकुल संगठन के तत्वावधान में गोविंदपुर में तीन दिवसीय पलाश हर्बल गुलाल निर्माण प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में समूह की 10 दीदियों को प्राकृतिक एवं सुरक्षित गुलाल तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान 300 किलो हर्बल ग़ुलाल का निर्माण किया गया है।


**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi),Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE**
**FOR RATE PURPOSE ONLY**
**Quotation Reference No: BCD/Bld. Div. No.- 1 --- 34/2025-26**

Sealed Quotations are invited for the work **Proposed Construction of State Hanger at Hinoo, Ranchi** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers / Suppliers / Retailers / Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**
1.The quotationer shall furnish Pan, GST registration no.
2.The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3.The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 06-03-2026 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
(2) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 07-03-2026 अपराह्न 1:30 बजे।
(3) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची।
(4) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 8527519262
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division No.-1, Ranchi

PR 373664 Building(25-26).D



**अनुमण्डल दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(गोपनीय शाखा)**

**भा0ना0सु0 संहिता 2023 की धारा–163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा**

नगरपालिका (आम) निर्वाचन–2026 के निमित्त XIX खूँटी/17 खूँटी नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत निर्वाचन हेतु मतों की गणना दिनांक 27.02.2026 को प्रातः 08:00 बजे से कृषि उत्पादन बाजार समिति, (गोदाम) कदमा, खूँटी स्थित मतगणना कक्ष में संपन्न होगी। मतगणना की प्रक्रिया स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराया जाना है।

अतः उपर्युक्त परिपेक्ष्य में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना सम्पन्न कराने हेतु मैं **दीपेश कुमारी, भा0प्र0से0 अनुमण्डल दण्डाधिकारी, खूँटी** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा–163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कृषि उत्पादन बाजार समिति, (गोदाम) कदमा, खूँटी स्थित मतगणना स्थल के 100 मीटर के परिधि क्षेत्र में निम्नांकित निषेधाज्ञा आदेश जारी करती हूँ –

1. किसी प्रकार का हरवे–हथियार जैसे लाठी, डण्डा, भाला, गड़ासा, तीर–धनुष आदि लेकर मतगणना परिसर में प्रवेश करना या चलना प्रतिवंधित रहेगा (सरकारी कार्य में लगे पुलिस पदाधिकारी/ पुलिस कर्मी को छोड़कर)
2. मतगणना परिसर में किसी प्रकार का आग्नेयास्त्र, अस्त्र–शस्त्र, विस्फोटक पदार्थ लेकर चलना या प्रवेश करना प्रतिबंधित रहेगा। (सरकारी कार्य में लगे पुलिस पदाधिकारी/पुलिस कर्मी को छोड़कर)
3. मतगणना परिसर में किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग वर्जित है। (निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारी को छोड़कर)
4. कोई भी प्रत्याशी/अभिकर्ता को मतगणना हॉल के अन्दर मोबाईल/पेनड्राईव/डिजिटल उपकरण आदि ले जाना प्रतिबंधित रहेगा।

**उपरोक्त निषेधाज्ञा दिनांक 27.02.2026 के प्रातः 06:00 बजे लेकर मतगणना प्रक्रिया शांतिपूर्ण समाप्ति तक प्रभावी रहेगा।**

यह आदेश मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से आज दिनांक 25.02.2026 को जारी किया जाता है।

ह0/–
(दीपेश कुमारी)
अनुमण्डल दण्डाधिकारी,खूँटी

PR 373691 Election(25-26).D


**समीक्षात्मक बैठक** उपायुक्त ने की राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा, दिए निर्देश

# लंबित मामलों को 90 दिनों के भीतर निपटाएं

- उपायुक्त ने भू-अर्जन से संबंधित आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया

नवीन मेल संवाददाता




**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में राजस्व विभाग का समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पीजी पोर्टल, भू-मापी, म्यूटेशन, दाखिल-खारिज, सो-मोटो म्यूटेशन, ई-रिवेन्यू कोर्ट, आरसीएमएस ऑनलाइन रिपोर्ट, ऑनलाइन लगान, दाखिल खारिज, परिशोधन पोर्टल सहित अन्य संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जनता दरबार में प्राप्त भू-अर्जन से संबंधित आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने तथा ई-रिवेन्यू कोर्ट में लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आए मामलों की जांचोपरांत त्वरित निष्पादन तथा पीजी पोर्टल पर लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे पर विशेष बल दिया। भू-मापी से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने 90 दिनों से अधिक लंबित मामलों के शीघ्र समाधान का निर्देश दिया। साथ ही उच्च न्यायालय से संबंधित मामलों के ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन पर भी बल दिया गया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार एवं सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त राजस्व एवं भू-अर्जन से जुड़ी शिकायतों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। म्यूटेशन मामलों में प्रगति बढ़ाने, परिशोधन मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखने तथा ई-रिवेन्यू कोर्ट में दायर एवं निष्पादित वादों की गहन समीक्षा कर लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया कि अंचल कार्यालय में आने वाले भूमि विवाद एवं सेटलमेंट संबंधित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें। भूमि हस्तांतरण से संबंधित दस्तावेजों की ऑनलाइन एंट्री कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया गया। सदर एवं बरही अनुमंडल पदाधिकारियों को सो-मोटो म्यूटेशन, परिशोधन पोर्टल, म्यूटेशन एवं रिजेक्टेड मामलों की साप्ताहिक समीक्षा अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त के अतिरिक्त सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, सदर एवं बरही डीसीएलआर, सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय नवीन मेल

# आतंकवाद पर प्रहार कितना प्रभावी व कितना जनसहयोग आधारित होगा

भारत सोने की चिड़िया हो या तेजी से विकास की राह पर तेजी से चलने वाला देश इस सबसे बड़े बाजार को खरीददार ही बनाए रखने के लिए बाहरी और अंदरूनी दोनों शक्तियां काम करती रहीं हैं। अघोषित छद्म युद्ध से भारत लंबे समय से लड़ रहा है और ये लड़ाई और भी तेज इसलिए भी हुई है ताकि ब्रांड इंडिया भिखारी और संपेरों की इमेज से बाहर भले निकल जाए विश्व की तीसरी या दूसरी आर्थिक महाशक्ति न बन जाए।इसके लिए उग्रवादी और आतंकी भेजे गए हथियारों से पैसों मदद की गई और जब इनका खात्मा होने वाला है तब गुब्बारे में नोट या नशे का सामान भरकर कश्मीर और पंजाब भेजने का क्रम चालू हुआ है।सीमापार प्रायोजित आतंक, ड्रोन के जरिये हथियारों की तस्करी, साइबर हमले, क्रिप्टोकरेंसी से फंडिंग, डार्क वेब व विदेशी आतंकियों के स्लीपर सेल इत्यादि देश की खुफिया व सुरक्षा एजेंसियों के सामने लगातार जटिल चुनौतियां पेश कर रहे हैं, तब भारत द्वारा पहली बार एक समग्र आतंकवाद रोधी नीति 'प्रहार' का अनावरण महज एक प्रशासनिक पहल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से एक संरचनात्मक बदलाव का संकेत भी है। अब तक भारत आतंकवाद के खिलाफ कानूनी और संस्थागत उपायों के सहारे लड़ता रहा है, जो कुछ हद तक कारगर भी रहे हैं, लेकिन एक स्पष्ट, लिखित और बहु-आयामी नीतिगत ढांचे का अभाव अक्सर विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय तथा रणनीतिक एकरूपता में बाधा बनता था। नई नीति इसी शून्य को भरने का एक प्रयास है। इसकी खासियत है कि यह आतंकवाद को महज कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं, बल्कि बहुस्तरीय चुनौती के रूप में देखती है। इसमें रोकथाम, प्रतिक्रिया, क्षमताओं का एकीकरण, मानवाधिकार व विधि का शासन, आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली स्थितियों को कम करने, अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का समन्वय और हमलों से उबरने व सहनशीलता दिखाने की भी बात शामिल है। आतंकी संगठन जिस तेजी से संगठित कार्रवाइयां कर रहे हैं, उसे देखते हुए यह जरूरी है कि इनसे निपटने की रणनीतियों में भी एक समन्वय हो। यही वजह है कि नीति में आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक प्रयासों में तालमेल बैठाने पर खास जोर दिया गया है। दशकों से भारत आतंकवाद की मार झेलता आया है, पर अब तक की उसकी प्रतिक्रियाएं घटना के बाद ही होती रही हैं, किंतु प्रहार इस नजरिये में क्रांतिकारी बदलाव लाता है, जिसमें खुफिया जानकारियों पर आधारित पूर्व-रोकथाम को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलने की बात कही गई है। नई नीति में खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर और संयुक्त खुफिया कार्यबल के जरिये केंद्रीय एजेंसियों और राज्य पुलिस बलों के बीच सशक्त साझेदारी की बात भी की गई है। नीति का असल परीक्षण क्रियान्वयन में होगा, लेकिन किसी आतंकवाद रोधी नीति की सफलता केवल सख्ती पर निर्भर नहीं करती, इसके लिए लोकतांत्रिक समाज में सुरक्षा और नागरिक स्वतंत्रता के बीच संतुलन का ध्यान रखना होगा। इसके अतिरिक्त, नई नीति महज एक कागजी दस्तावेज बनकर न रह जाए, इसके लिए एनआईए, आईबी, रॉ, राज्य पुलिस, अर्धसैनिक बलों इत्यादि के बीच समन्वय, संसाधनों का उचित आवंटन, तकनीकी क्षमता का विस्तार और राजनीतिक इच्छाशक्ति की निरंतरता जरूरी होगी। ऐसा होने पर ही प्रहार सही मायनों में देश को आतंकवाद-मुक्त बनाने की दिशा में एक ठोस कदम साबित हो सकेगा।पंजाब में गुरदासपुर बॉर्डर चौकी पर दो पुलिसकर्मियों की हत्या के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। एक कम-ज्ञात संगठन तहरीक-ए-तालिबान हिंदुस्तान यानी टीटीएच ने हमले की जिम्मेदारी ली है। सवाल उठ रहा है कि क्या यह सिर्फ एक हमला है या पंजाब को अस्थिर करने की बड़ी साजिश की शुरुआत। खुफिया एजेंसियां इसे टैक्टिकल एस्केलेशन यानी सोची-समझी बढ़ोतरी की रणनीति मान रही हैं। भारत की पहली व्यापक आतंकवाद-रोधी नीति जारी की। इसे 'प्रहार' नाम दिया गया है। इस नीति में सीमा पार से होने वाले आतंकवाद, साइबर हमलों, ड्रोन और उभरती तकनीकों के गलत इस्तेमाल जैसे खतरों का प्रमुखता से जिक्र किया गया है। नीति में यह भी बताया गया है कि केवल सीमा पार से होने वाला आतंकवाद ही खतरा नहीं है, बल्कि आपराधिक हैकर और अन्य राष्ट्र भी भारत को निशाना बना रहे हैं। नीति में कहा गया है कि भारत को जल, थल और वायु मार्गों से आतंकवादी खतरों का सामना करना पड़ता है। इसमें यह भी बतया गया है कि बिजली, रेलवे, विमानन, बंदरगाह, रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु उर्जा जैसे अर्थव्यवस्था के अहम क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए क्षमताएं विकसित की गई हैं। आतंकवाद को किसी धर्म से जोड़कर नहीं देखता भारत नीति है।मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए रणनीति दस्तावेज में कहा गया है कि भारत आतंकवाद को किसी खास धर्म, जाति, राष्ट्रीयता या सभ्यता से जोड़कर नहीं देखता। इसमें यह भी कहा गया है कि देश लंबे समय से सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद का सामना कर रहा है, जिसमें जिहादी आतंकवादी संगठन और उनके मुखौटा संगठन लगातार हमलों की योजना बना रहे हैं। नीति में अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) जैसे वैश्विक आतंकवादी संगठनों के नाम का भी जिक्र किया गया है और कहा गया है कि ये जासूसों (स्लीपर सेल) के जरिए भारत में हिंसा भड़काने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि कई देशों से कट्टरपंथी आतंकवाद को बढ़ावा देने की साजिश रच रहे हैं। नीति में यह भी बताया गया है कि सीमा पार से साजिशकर्ता उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। खासकर पंजाब और जम्मू-कश्मीर में ड्रोन का इस्तेमाल बढ़ा है। आतंकवादी समूह अब संगठित आपराधिक नेटवर्क का इस्तेमाल अपने संचालन और नई भर्ती के लिए कर रहे हैं।दस्तावेज में बताया गया है कि डिजिटल मोर्चे पर आतंकवादी सोशल मीडिया, इंस्टेट मैसेजिंग एप, एन्क्रिप्शन टूल, डार्क वेब और क्रिप्टो वॉलेट का इस्तेमाल कर प्रचार, धन जुटाने और संचालन संबंधी मार्गदर्शन के लिए कर रहे हैं। इससे उनकी गतिविधियां गुमनाम बनी रहती हैं। नीति में कहा गया है कि रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल, परमाणु विस्फोटक, डिजिटल (सीबीआरएनईडी) सामग्री तक आंतकवादियों की पहुंच और उसका उपयोग करने के प्रयासों को रोकना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। ड्रोन और रोबोट का घातक उद्देश्यों के लिए दुरुपयोग करना भी चिंता का विषय है। गृह मंत्रालय ने सुझाव दिया कि प्राथमिकी दर्ज करने से लेकर मुकदमा चलाने तक, जांच के हर चरण में कानूनी विशेषज्ञों को शामिल किया जाए।

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

विचार प्रवाह: मेरे गुरु ने मुझे दिखाया कि ईश्वर के दर्शन करने के लिए स्वयं को एक योग्य मंदिर बनाने हेतु ज्ञान की छेनी का उपयोग कैसे किया जाए। प्रत्येक व्यक्ति ऐसा कर सकता है यदि वह दिव्य-बोध- संपन्न गुरुओं के उपदेशों का पालन करे। - **श्री श्री परमहंस योगानंद, योगदा सत्संग पाठ**

## थोपी गई महत्वाकांक्षा और बुढ़ापे में अकेले छूटते मां-बाप का कड़वा सच

# जब सपने थोपे जाएं, तो रिश्ते टूट जाते हैं

आज की बात



एडवोकेट जयदेव राठी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> माता-पिता को बच्चों के दोस्त बनना होगा, सिर्फ निर्णायक नहीं। जब बच्चा यह महसूस करेगा कि असफल होने पर भी उसे अपनाया जाएगा, तभी वह मानसिक रूप से मजबूत बन पाएगा। स्कूलों और शिक्षण संस्थानों की भूमिका भी यहां महत्वपूर्ण है।

लखनऊ में घटी एक हृदयविदारक और झकझोर देने वाली घटना ने पूरे देश को सोचने पर मजबूर कर दिया है। एक बेटे द्वारा अपने ही पिता की गोली मारकर हत्या और बाद में शव के टुकड़े कर देने की खबर सिर्फ एक अपराध कथा नहीं है, बल्कि उस गहरे सामाजिक और मानसिक संकट का आईना है, जिसमें हमारा समाज चुपचाप डूबता जा रहा है। प्रारंभिक जांच और मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पिता अपने बेटे को डॉक्टर बनाना चाहते थे, जबकि बेटा व्यवसाय के क्षेत्र में जाना चाहता था। यही टकराव धीरे-धीरे तनाव, घुटन और अंततः हिंसा में बदल गया। यह सवाल उठता है कि क्या कोई भी असहमति इतनी भयावह परिणति तक पहुंच सकती है? जवाब साफ है-नहीं। यह घटना उस जहर का नतीजा है, जिसे हम वर्षों से "कामयाबी के जुनून" के नाम पर अपने घरों में घोलते आ रहे हैं। यह ज़हर है-बिना सुने फैसला थोपने का, तुलना करने का, और बच्चों की इच्छाओं को महत्वहीन समझने का।

आज का भारतीय समाज कामयाबी को कुछ सीमित पेशों में कैद कर चुका है। डॉक्टर, इंजीनियर, अफसर-इनके बाहर मानो कोई सम्मानजनक भविष्य है ही नहीं। माता-पिता अक्सर यह भूल जाते हैं कि उनका सपना बच्चे का सपना नहीं भी हो सकता। समस्या तब पैदा होती है जब मार्गदर्शन जबरदस्ती में बदल जाता है और अपेक्षाएं बोझ बन जाती हैं।

हर बच्चा एक स्वतंत्र व्यक्तित्व लेकर पैदा होता है। उसकी रुचि, क्षमता और सोच अलग होती है। लेकिन हमारे घरों में अक्सर यह तय पहले ही कर लिया जाता है कि बच्चा क्या बनेगा। बच्चे से यह नहीं पूछा जाता कि वह क्या बनना चाहता है। उसके भीतर की आवाज को या तो दबा दिया जाता है या "नासमझी" कहकर खारिज कर दिया जाता है। धीरे-धीरे यही उपेक्षा बच्चे के मन में आक्रोश और निराशा पैदा करती है।

आज देश में हज़ारों बच्चे पढ़ाई के दबाव में मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। कोचिंग संस्थानों की भीड़, प्रतियोगी परीक्षाओं की अंधी दौड़ और घर-समाज की अपेक्षाएं-ये सब मिलकर बच्चों के बचपन और मानसिक संतुलन को निगल रही हैं। कई बच्चे इस दबाव को सह नहीं पाते और आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। कुछ भीतर-ही-भीतर टूट जाते हैं और कुछ, दुर्भाग्य से, हिंसा का रास्ता चुन लेते हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि परिवार, जो बच्चे के लिए सबसे सुरक्षित जगह होनी चाहिए, वही उसके लिए सबसे बड़ा दबाव केंद्र बनता जा रहा है। संवाद की जगह आदेश ले रहे हैं। समझाने की जगह तुलना हो रही है-"फलां का बेटा डॉक्टर बन गया", "उसके इतने नंबर आए"-और यही तुलना बच्चे के आत्म-सम्मान को धीरे-धीरे खत्म कर देती है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ रोजगार पाना नहीं है। शिक्षा का असली उद्देश्य है-समझदार, संवेदनशील और जिम्मेदार इंसान बनाना। लेकिन आज शिक्षा को सिर्फ़ अंक, रैंक और पैकेज से मापा जा रहा है। जब शिक्षा से मानवीय मूल्य गायब हो जाते हैं, तब समाज में हिंसा, असहिष्णुता और संवेदनहीनता बढ़ती है।





माता-पिता का यह तर्क कि वे बच्चों का भला चाहते हैं, निस्संदेह सही है। लेकिन भला चाहने और अपनी अधूरी महत्वाकांक्षाएं बच्चों पर थोपने में फर्क होता है। कई बार माता-पिता अपने सपनों को बच्चों के कंधों पर रख देते हैं और यह भूल जाते हैं कि बच्चा कोई परियोजना नहीं, बल्कि एक जीवित, सोचने-समझने वाला इंसान है। यहां एक और पहलू है जिस पर हमारे समाज को गंभीरता से सोचना होगा। माँ-बाप जिंदगी भर अपने बच्चे को कामयाब बनाने के लिए हर तकलीफ उठाते हैं। अपनी इच्छाएं मार लेते हैं, अपना सुख-आराम छोड़ देते हैं, जमीन बेच देते हैं, कर्ज उठा लेते हैं-बस इसलिए कि उनका बेटा या बेटी पढ़-लिखकर बड़ा आदमी बने। और जब वह बच्चा सच में पढ़-लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर या वैज्ञानिक बन जाता है, तो क्या होता है? अक्सर यह होता है कि वह अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया या किसी और देश में जाकर बस जाता है। वहां नौकरी मिल जाती है, बड़ी तनख्वाह मिल जाती है, विदेशी जीवनशैली मिल जाती है-और पीछे रह जाते हैं मां-बाप, अकेले, बूढ़े, बीमार। यह "ब्रेन ड्रेन" यानी प्रतिभा पलायन सिर्फ देश की आर्थिक समस्या नहीं है, यह एक गहरी मानवीय और सामाजिक त्रासदी भी है। देश के छोटे-छोटे कस्बों और गांवों में ऐसे बुजुर्ग मां-बाप मिल जाएंगे जिनके बच्चे विदेश में बसे हैं। साल में एक बार व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल आती है, त्योहारों पर शायद पैसे आ जाते हैं -लेकिन जब बीमारी में एक हाथ थामने की जरूरत होती है, जब रात को बुखार आता है, जब अकेलेपन में एक बात करने की इच्छा होती है-तब वह बेटा या बेटी नहीं होती जिसे पालने-पोसने में पूरी जिंदगी लगा दी।

यह वह पिता है जिसने अपनी सेवानिवृत्ति की जमा पूंजी उजाड़ दी। और आज वही मां-बाप वृद्धाश्रम में हैं या अकेले घर में दिन गिन रहे हैं। जिस कामयाबी के लिए उन्होंने सब कुछ दांव पर लगाया, वह कामयाबी उनसे उनका सब कुछ छीनकर चली गई। यहां यह कहना भी जरूरी है कि हर विदेश जाने वाला बच्चा बुरा नहीं है। कई बच्चे दूर रहकर भी मां-बाप की पूरी देखभाल करते हैं, उनके लिए हर सुविधा जुटाते हैं। लेकिन जो बच्चे मां-बाप को पूरी तरह भुला देते हैं, उनकी इस मानसिकता की जड़ भी कहीं न कहीं उसी टूटे हुए रिश्ते में है जो बचपन में बन नहीं पाया। जब घर में प्यार और संवाद की जगह सिर्फ दबाव और महत्वाकांक्षा होती है, तो बच्चा मां-बाप से भावनात्मक रूप से जुड़ नहीं पाता। वह उन्हें उसी नजर से देखता है जिस नजर से वे उसे देखते थे-एक लक्ष्य की तरह, रिश्ते की तरह नहीं। आज जरूरत इस बात की है कि हम सफलता की परिभाषा पर दोबारा विचार करें। क्या सफलता सिर्फ बड़ी डिग्री और ऊंची कमाई है? या वह भी सफलता है जिसमें इंसान मानसिक रूप से स्वस्थ हो, रिश्तों को निभा सके और समाज के लिए उपयोगी हो? अगर कोई बच्चा व्यवसाय, कला, खेल, पत्रकारिता या किसी अन्य क्षेत्र में जाना चाहता है, तो उसे असफल कहना अन्याय है। संवाद ही हर समस्या का पहला समाधान है। बच्चों को यह भरोसा मिलना चाहिए कि वे अपनी बात खुलकर कह सकते हैं। असहमति को दुश्मनी न समझा जाए। माता-पिता को बच्चों के दोस्त बनना होगा, सिर्फ निर्णायक नहीं। जब बच्चा यह महसूस करेगा कि असफल होने पर भी उसे अपनाया जाएगा, तभी वह मानसिक रूप से मजबूत बन पाएगा। स्कूलों और शिक्षण संस्थानों की भूमिका भी यहां महत्वपूर्ण है। मानसिक स्वास्थ्य को उतनी ही गंभीरता से लिया जाना चाहिए जितनी पढ़ाई को। काउंसलिंग, करियर मार्गदर्शन और भावनात्मक समर्थन को शिक्षा व्यवस्था का हिस्सा बनाना होगा। लखनऊ की यह घटना हमें चेतावनी देती है। यह सिर्फ एक परिवार की त्रासदी नहीं है, बल्कि पूरे समाज के लिए आत्ममंथन का अवसर है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म



# ईश्वर के आशीर्वादों को पहचानना ही सच्ची शांति



स्वामी चिन्मयानंद

जब हम इन रहस्यों को समझने का प्रयास करते हैं, तब हमें स्पष्ट हो जाता है कि प्रत्येक प्राणी एक उच्च शक्ति द्वारा संचालित होता है-चाहे वे इसे स्वीकार करें अथवा नहीं। एक शक्ति है जो हमें नियंत्रित करती है। इसे स्रोत कहें, इसे ईश्वर कहें, परंतु ऐसी शक्ति है जो सम्पूर्ण ब्रह्मांड को गतिशील करती है। सम्पूर्ण ब्रह्मांड एक सुव्यवस्थित संरचना है, अव्यवस्थित नहीं। यहाँ एक मानसिक सामंजस्य है, एक वैज्ञानिक नियम है, एक मानसिक संबंधों की लय है, जिसके अंतर्गत सम्पूर्ण जीव जगत प्रेम के एक जाल में जुड़ा हुआ है। यह सार्वभौमिक शक्ति, जो कि ईश्वर है, के आशीर्वादों को पहचानना ही सच्ची शांति प्रदान करता है। यही सभी पूर्णता का स्रोत है। केवल वही हमें हमारी चिंताओं को त्यागने तथा महत्त्वाकांक्षा व आत्म-संरक्षण के बोझ से मुक्त होने का मार्गदर्शन देते हैं। इस श्लोक में भगवद्गीता सुंदर रूप से तीन ऐसे गुणों को प्रस्तुत करती है, जो हमें इस शांति के मार्ग पर सहायता प्रदान करते हैं।

**क). उद्देश्य की निरंतरता** : किसी भी प्रयास में, यदि कोई व्यक्ति अपनी स्वेच्छित भावना (संकल्प) को लगातार तथा एकाग्रचित्त होकर लगाता है, तो वह अवश्य सफल होगा। किन्तु सामान्य व्यक्ति अपनी विचारधारा को एक ही दिशा में सफलतापूर्वक बनाए रखने में सक्षम नहीं होता। इसलिए उसका लक्ष्य हमेशा दूर होता प्रतीत होता है तथा अस्थिर प्रतीत होता लगता है।

**ख). पूर्ण प्रयास** : इसका आशय है ऐसे संपूर्ण प्रयास जिसमें जीवन की बाधाओं को पार करते हुए किसी भी क्षेत्र में अपनी सफलता सुनिश्चित करने हेतु कोई प्रयास अधूरा न रहे।


*-पुस्तक गीता पंचामृत से साभार)*

# क्या हम कभी 'सभ्य' बन पाएंगे?

जब हम दुनिया के विकसित देशों की बात करते हैं, तो अक्सर हमारी चर्चा उनकी ऊंची इमारतों और जीडीपी पर आकर रुक जाती है, लेकिन असल विकास वहां की सड़कों की चौड़ाई में नहीं, बल्कि उन पर चलने वाले नागरिकों के व्यवहार में झलकता है। जापान जैसे देश को ही देख लीजिए। वहां के फुटबॉल प्रशंसक फीफा वर्ल्ड कप जैसे बड़े आयोजनों में अपनी टीम की हार के बाद भी स्टेडियम का कचरा खुद साफ करके बाहर निकलते हैं। जापान की सड़कों पर आपको डस्टबिन ढूंढने से नहीं मिलेंगे, लेकिन फिर भी वहां धूल का एक कण नहीं दिखता। ऐसा इसलिए नहीं है कि वहां सफाई कर्मचारी बहुत ज्यादा हैं, बल्कि इसलिए है क्योंकि वहां का हर नागरिक खुद को अपने देश का 'सफाई कर्मचारी' मानता है। अब इस तस्वीर के समानांतर भारत को रखकर देखिए। हमारे यहाँ की गलियां, चौराहे और रेलवे ट्रैक कचरे से पटे पड़े हैं। हमारे समाज की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम अपने घर के भीतर तो 'पवित्र' बने रहना चाहते हैं, लेकिन घर की दहलीज लांघते ही पूरी दुनिया हमारे लिए एक बड़ा कूड़ेदान बन जाती है। यह सोचना कि "मैंने एक रैपर ही तो फेंका है, इससे क्या होगा", यही वह सामूहिक पतन है जिसने हमें दुनिया के सबसे गंदे देशों की कतार में खड़ा कर दिया है। इस समस्या की जड़ें हमारे संसाधनों से ज्यादा हमारी दूषित मानसिकता और सामाजिक ढांचे में धंसी हुई हैं। भारत में हमने 'सफाई' को एक काम नहीं, बल्कि एक 'जाति' बना दिया है। सदियों से चले आ रहे जातिवाद ने हमारे दिमाग में यह बात बैठा दी है कि गंदगी साफ करना समाज के एक खास वर्ग का काम है। जब हम सफाईकर्मी को 'कूड़ेवाला' कहते हैं, तो हम अपनी उसी सामंती सोच का परिचय दे रहे होते हैं। हकीकत तो यह है कि कूड़ा हम फैलाते हैं, इसलिए 'कूड़ेवाले' हम हैं; वह व्यक्ति तो समाज का रक्षक है जो हमें बीमारियों से बचा रहा है। जब तक समाज में सफाई के काम को शर्म की नजर से देखा जाएगा और सफाईकर्मी को वह सम्मान नहीं मिलेगा जो एक डॉक्टर या इंजीनियर को मिलता है, तब तक कोई भी 'स्वच्छ भारत अभियान' पूरी तरह सफल नहीं हो सकता। सफाई केवल मानसिकता का खेल नहीं है, यह सरकारी तंत्र की जवाबदेही का भी मुद्दा है। जापान के स्कूलों में बच्चे अपने हाथों से क्लासरूम और टॉयलेट साफ करते हैं, जिसे 'ओसोजी' कहा जाता है। वहां शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है। हमारे यहाँ स्कूलों में बच्चों को यह सिखाया ही नहीं जाता कि सार्वजनिक संपत्ति की देखभाल कैसे की जाए। साथ ही, हमारे शहरों का ढांचा भी हमें नियम तोड़ने पर मजबूर करता है। जब किसी मार्केट में हजारों की भीड़ के लिए एक भी चालू हालत का सार्वजनिक शौचालय नहीं होगा, तो लोग दीवारों के किनारे खड़े होने पर मजबूर होंगे। जब सड़कों पर फुटपाथ ही नहीं होंगे, तो पैदल चलने वाला नागरिक असुरक्षित महसूस करेगा। सरकार को केवल नियम बनाने से पहले वह बुनियादी ढांचा तैयार करना होगा जो नागरिक को सभ्य बनने का मौका दे। अंततः, यह पूरी लड़ाई 'एम्पैथी' यानी सहानुभूति की है। 'सिविक सेंस' का अर्थ केवल नियम मानना नहीं, बल्कि दूसरों के प्रति संवेदनशील होना है। यह सोचना कि मेरे बेवजह हॉर्न बजाने से किसी बीमार व्यक्ति को तकलीफ हो सकती है, या मेरे द्वारा सड़क पर फेंका गया कचरा किसी जानवर की मौत का कारण बन सकता है, यही असली नागरिक बोध है। जिस दिन हम यह समझ लेंगे कि यह देश हमारा 'साझा घर' है और यहां रहने वाला हर व्यक्ति हमारा अपना है, उस दिन हमें किसी दंड या जुर्माने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बदलाव की शुरुआत सरकार या कानून से नहीं, बल्कि उस एक हाथ से होगी जो कचरा बाहर फेंकने के लिए खिड़की खोलने के बजाय उसे अपनी जेब में रखने का फैसला करेगा।

(veenavlogs@gmail.com)

आपकी बात




वीणा देवांगन

फेसबुक वॉल से




एक्स से




### आज का दोहा

कम धरती पर बोझ हो, जल्दी में यमराज।
इसीलिए इस उस जगह, गिरा रहे हैं गाज।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
संपादक

# गौ माता का सम्मान ही राष्ट्र सम्मान

भारतीय संस्कृति के मूल में यदि किसी एक जीव का सर्वाधिक व्यापक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्थान है, तो वह है- गौ माता। वैदिक वाङ्मय से लेकर उपनिषद, पुराण, रामायण, महाभारत और गीता तक गौ का महत्त्व केवल एक पशु के रूप में नहीं, बल्कि 'धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष' के आधार के रूप में प्रतिपादित हुआ है। भारतीय चिंतन में गाय केवल जैविक अस्तित्व नहीं, बल्कि जीवन, पोषण, करुणा, समृद्धि और आध्यात्मिक चेतना की प्रतीक है। ऋग्वेद में अनेक स्थलों पर गाय को "अघ्न्या" (जिसे मारना पाप है) कहा गया है। "अघ्न्या यज्ञियाः" अर्थात गाय पूजनीय है, हिंसा योग्य नहीं। ऋग्वेद (1.164.40) में गौ को समृद्धि और प्रकाश का प्रतीक बताया गया है। अथर्ववेद (11.1.34) में स्पष्ट कहा गया है "गावो विश्वस्य मातरः" गाय समस्त विश्व की माता है। किंतु आधुनिक भारत में एक महत्वपूर्ण प्रश्न समय-समय पर उठता है, जब हमारे संविधान और शासन-व्यवस्था में राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु, राष्ट्रीय फूल, राष्ट्रीय फल, राष्ट्रीय पिता आदि की मान्यता है, तो क्या "राष्ट्रीय माता" जैसी किसी सांस्कृतिक संज्ञा पर विचार नहीं किया जा सकता? यह केवल भावात्मक कथन नहीं, बल्कि उस युग की सामाजिक संरचना का दार्शनिक आधार था। गाय कृषि, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य और यज्ञीय परंपरा का मूल केंद्र थी। भागवत पुराण तथा अन्य पुराणों में कामधेनु का उल्लेख मिलता है, वह दिव्य गाय जो इच्छाओं को पूर्ण करने वाली मानी गई। कामधेनु ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में थीं और समस्त देवताओं का निवास उनके अंगों में माना गया। विष्णु पुराण में वर्णन है कि गौ पृथ्वी का रूप हैं। गाय की सेवा करना पृथ्वी और समस्त देवताओं की सेवा के समान है। पुराणों में यह भी कहा गया है कि गौ के शरीर में 33 कोटि देवताओं का वास है। यह कथन प्रतीकात्मक है, अर्थात गाय जीवन के समस्त पोषक तत्वों का स्रोत है। रामायण में अयोध्या का वर्णन करते हुए गो-संपन्नता को राज्य की समृद्धि का सूचक बताया गया है। राजा दशरथ के राज्य में गौओं की विपुलता सामाजिक और आर्थिक संतुलन का संकेत थी। महाभारत में भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर को बताया कि गौदान सबसे श्रेष्ठ दान है। अनुशासन पर्व में कहा गया "गावः सर्वसुखप्रदाः" गाय सभी सुख देने वाली हैं। महाभारत में गौ रक्षा को राजधर्म का अंग माना गया है। भगवद्गीता (अध्याय 17) में भगवान श्रीकृष्ण सात्त्विक आहार की चर्चा करते हैं "आयुः-सत्त्व-बल-आरोग्य-सुख-प्रिति-विवर्धनाः" जो आहार आयु, बल, आरोग्य और सुख को बढ़ाए, वह सात्त्विक है। गौदुग्ध को भारतीय परंपरा में इसी श्रेणी में रखा गया है। भगवान कृष्ण का संपूर्ण बाल्यकाल गोकुल और वृंदावन की गोचारण संस्कृति से जुड़ा है। उन्हें "गोविंद" और "गोपाल" कहा गया अर्थात गौ (गाय) के रक्षक। वृंदावन की संस्कृति आज भी गौ आधारित भक्ति परंपरा का जीवंत उदाहरण है। श्रीकृष्ण ने केवल गौ पालन नहीं किया, बल्कि यह संदेश दिया कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के साथ समन्वय ही धर्म है। वैदिक कर्मकांडों में गोबर को शुद्धि का माध्यम माना गया। आज आधुनिक विज्ञान भी मानता है कि गोबर में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गोबर ईंधन, खाद और ऊर्जा (बायोगैस) का स्रोत है। गोमूत्र आयुर्वेद में औषधीय माना गया है। "पंचगव्य" (दूध, दही, घी, गोबर, गोमूत्र) का उल्लेख शुद्धिकरण और औषधि के रूप में मिलता है। भारत की कृषि प्रधान व्यवस्था में बैल हल चलाने का आधार रहे। दूध, दही, घी भारतीय आहार का अभिन्न अंग हैं। गाय केवल दूध देने वाली नहीं बल्कि जैविक कृषि, प्राकृतिक जीवनशैली और ग्राम स्वावलंबन की आधारशिला है। महात्मा गांधी ने कहा था "गाय की रक्षा हिंदू धर्म की परीक्षा है।" महात्मा गांधी के अनुसार, गौ रक्षा करुणा और अहिंसा का प्रतीक है। लेकिन आज वर्तमान परिप्रेक्ष्य में और चुनौतियां बढ़ती जा रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



डॉ दीपक प्रसाद

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### कश्मीर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति का आह्वान

# यह हम सबका कश्मीर, महिलाओं के प्रदर्शन सराहा

**एजेंसी। श्रीनगर**

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को श्रीनगर में कश्मीर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। देश के उपराष्ट्रपति के रूप में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की यह उनकी पहली यात्रा थी। उपराष्ट्रपति ने स्नातक छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों को भले ही बुनियादी ढांचे और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए जाना जाता हो। उन्होंने 1948 में स्थापित कश्मीर विश्वविद्यालय की गौरवशाली विरासत और बढ़ते अकादमिक प्रभाव की सराहना की। उन्होंने विश्वविद्यालय की एनएएसी ए(प्लस-प्लस) ग्रेड, एनआईआरएफ विश्वविद्यालय श्रेणी में 34वीं रैंक, 2019 से अब तक 7,700 से अधिक शोध प्रकाशनों और राष्ट्रीय हिमालयी आइस-कोर प्रयोगशाला जैसी अग्रणी पहलों की प्रशंसा की, जो इसकी बढ़ती वैश्विक उपस्थिति को दर्शाती है।



### महिला नेतृत्व और सशक्तिकरण पर उपराष्ट्रपति ने जताई खुशी

उपराष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह की तीन महत्वपूर्ण बातों पर विशेष प्रसन्नता व्यक्त की है जिनमें उच्च शिक्षा मंत्री का महिला होना, विश्वविद्यालय की कुलपति का महिला होना और स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में अधिकतर महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने इसे जम्मू-कश्मीर में महिला सशक्तिकरण और प्रगति का सशक्त प्रमाण बताया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वे तेजी से बदलते विश्व में स्नातक हो रहे हैं और इस समय 'परिवर्तन ही एकमात्र स्थिर कारक है।' उन्होंने छात्रों से निरंतर अनुकूलन करने, नए कौशल हासिल करने और नवाचार को अपनाने का आग्रह किया।

### 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' से बढ़ी राष्ट्रीय एकता

उपराष्ट्रपति ने झारखंड के राज्यपाल के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुए बताया कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत जम्मू-कश्मीर से एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य का दौरा किया था और उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र में दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अपनी भावनाओं का सम्मान करना, और इस तरह के आदान-प्रदान से राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है। उपराष्ट्रपति ने अपने समापन भाषण में युवाओं से नशे से दूर रहने और सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने युवाओं को याद दिलाया कि जीवन में उनकी सहनशीलता, साहस और चरित्र की परीक्षा कक्षा में हासिल ज्ञान से भी परे होगी। एकता और अपनेपन के संदेश के साथ अपना संबोधन समाप्त करते हुए उन्होंने कहा, "यह ना मेरा कश्मीर है, ना तुम्हारा कश्मीर है, यह हम सबका कश्मीर है।" इस दीक्षांत समारोह में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और कश्मीर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मनोज सिन्हा, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और कश्मीर विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर उमर अब्दुल्ला भी उपस्थित रहे।

## मुर्गी पालन की सऊदी अरब में 'नो एन्ट्री', खाद्य सुरक्षा पर उठे सवाल, निर्यात व्यवसाय संकट में



**नई दिल्ली।** भारत के पोल्ट्री बिजनेस के लिए खाड़ी देशों से एक बुरी खबर आई है। सऊदी अरब ने भारत से आने वाले चिकन और अंडों के आयात पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी है। इस फैसले ने न केवल भारतीय निर्यातकों की नींद उड़ा दी है, बल्कि पोल्ट्री फार्म चलाने वाले किसानों के माथे पर भी चिंता की लकीरें खींच दी हैं। सऊदी अरब के अधिकारियों ने इस कड़े कदम के पीछे मुख्य रूप से हेल्थ और सेफ्टी का हवाला दिया है। वहां की सरकार को डर है कि एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) के चलते संक्रमण फैल सकता है। साथ ही सऊदी अरब अपने खाद्य सुरक्षा मानकों को लेकर काफी सख्त हो गया है, और फिलहाल भारतीय पोल्ट्री उत्पाद उन पैमानों पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं। सऊदी अरब भारत के लिए एक बहुत बड़ा मार्केट था। इस अचानक लगे ब्रेक के कई गहरे असर होने वाले हैं कि जो किसान एक्सपोर्ट के भरोसे अपनी आय बढ़ाने का सपना देख रहे थे, उन्हें भारी वित्तीय नुकसान झेलना पड़ सकता है। साथ ही जब माल बाहर नहीं जाएगा, तो वह देश के भीतर ही बिकेगा। इससे घरेलू बाजार में चिकन और अंडों की भरमार हो जाएगी, जिससे इनकी कीमतें काफी नीचे गिर सकती हैं। आम जनता के लिए तो यह अच्छी खबर हो सकती है, लेकिन पोल्ट्री फार्मर्स के लिए यह घाटे का सौदा होगा। इस कारण अब एक्सपोर्टर्स को मजबूरी में नए देशों के दरवाजे खटखटाने होंगे, लेकिन रातों-रात लॉजिस्टिक्स और मार्केटिंग स्ट्रैटेजी बदलना इतना आसान नहीं होता।

## ईओडब्ल्यू ने कोविड काल में मेडिकल सप्लाई से जुड़े धोखाधड़ी केस में दो पर दर्ज किया मुकदमा



**श्रीनगर।** आर्थिक अपराध शाखा कश्मीर (ईओडब्ल्यू) ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में कोविड-19 महामारी के दौरान मेडिकल सप्लाई से जुड़े धोखाधड़ी केस में मुकदमा दर्ज किया है। एक लिखित शिकायत के आधार पर दो लोगों के खिलाफ यह मुकदमा दर्ज हुआ है। इन लोगों पर कोविड-19 महामारी के दौरान जम्मू-कश्मीर में मेडिकल सप्लाई की खरीद से संबंधित धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप है। ईओडब्ल्यू ने यह केस एक लिखित शिकायत के बाद शुरू किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि श्रीनगर के पीरबाग और सनत नगर के रहने वाले आरोपियों ने खुद को जम्मू-कश्मीर मंत्रालय और ओएसडी सप्लाई का डेलीगेट बताया। उन्होंने विभाग और संस्थानों को मेडिकल सामान के पेमेंट असली सप्लायर के नाम पर धोखे से खोले गए बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कराया। आरोपियों ने असली सप्लायर की पहचान गलत बताने के लिए कथित तौर पर नकली ईमेल आईडी भी बनाईं। शुरुआती जांच में पता चला कि आरोपी ने धोखाधड़ी से एक सरकारी कार्यालय से 27 लाख रुपए की रकम ली थी और एक सरकारी मेडिकल संस्थान से धोखाधड़ी से 2.24 करोड़ रुपए निकालने का प्लान बनाया था।

## भारत-इजरायल की बढ़ती दोस्ती से सदमे में पाकिस्तान, सीनेट का इशारा बता रही सच्चाई



**नई दिल्ली।** भारत के पीएम मोदी दो दिवसीय दौरे पर इजरायल में हैं। पीएम मोदी को इस दौरे पर इजरायल का सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान भारत और इजरायल के बीच संबंध और मजबूत हुआ है। वहीं भारत-इजरायल के बीच इस दोस्ती को देखकर पाकिस्तान को झटका लगा है। पाकिस्तान की घबराहट उसके हालिया प्रस्ताव में साफ दिखाई दे रही है। दरअसल, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पीएम मोदी के इस दौरे पर भारत और दूसरे देशों के साथ क्षेत्रीय गठबंधन बनाने के बारे में बताया, जिसका नाम हेक्सागन अलायंस होगा। पाकिस्तान को पीएम नेतन्याहू की ये बात चुभ रही है। तभी तो पाकिस्तान ने इजरायली प्रधानमंत्री के खिलाफ प्रस्ताव पास कर दिया है। भारत और इजरायल रक्षा, व्यापार और सुरक्षा क्षेत्रों में संबंध मजबूत करने पर फोकस कर रहे हैं। भारत और इजरायल ने एक सुरक्षा एमओयू पर भी हस्ताक्षर किया है जो भारत में हथियार की व्यवस्था को एक साथ विकसित करने पर फोकस है। यह समझौता आयरन डोम को भारत में इजरायल के सहयोग से विकसित करने पर हुआ है। जुलाई 2017 में पीएम मोदी के इजरायल के पहले दौरे के दौरान भारत के इजरायल के साथ संबंध रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ गए थे।

## बांग्लादेश के बरिशाल जिले में तीन दिनों से न्यायिक सेवाएं ठप, लोग हैं परेशान

**ढाका।** बांग्लादेश के बारिशाल जिले में कई वादी परेशान हैं। अदालतों के चक्कर लगा रहे हैं। दरअसल, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष समेत 12 वकीलों की गिरफ्तारी के विरोध में तीन दिनों से अदालती कार्यवाही ठप है और शिकायतकर्ता बेहाल हैं। स्थानीय मीडिया ने वादियों की ये परेशानी साझा की है। जिला और सत्र न्यायालय कोर्ट समेत सभी अदालतों में न्यायिक सेवाएं बंद रहीं, इसलिए गुरुवार सुबह कोर्ट पहुंचे कई वादी बैरंग लौट गए। रिपोर्ट्स से पता चलता है कि केस लड़ने वालों में से एक, सबुज हवलदार, दोपहर तक अपने केस के दस्तावेज लेकर एक कोर्टरूम से दूसरे कोर्टरूम जाते देखे गए। बांग्लादेश के जाने-माने अखबार द डेली स्टार के अनुसार, कोर्ट कैंपस में रिपोर्टर्स से बात करते हुए, उन्होंने कहा कि तीन महीने और 10 दिन पहले तीन लोगों के खिलाफ विमेन एंड चिल्ड्रन रिप्रेशन प्रिवेंशन एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था, जिसमें अकबर अली हवलदार भी शामिल था, जो अभी बेल पर है। सबुज ने कहा, "जब हमने बेल के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, तो हमें निचली अदालत में जाने का निर्देश दिया गया। लेकिन पिछले तीन दिनों से कोर्ट का काम रुका हुआ है। मैं बेल पिटीशन फाइल नहीं कर पाया हूं। उन्होंने आगे कहा कि बेल आवेदन जमा करने की अवधि रविवार को खत्म हो रही है।

# देश को घुसपैठियों से मुक्त कराना चुनावी वादा नहीं : अमित शाह

**एजेंसी। अररिया**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि हम एक-एक घुसपैठिए को भारत की भूमि से चुन-चुन कर बाहर कर देंगे। उन्होंने कहा कि यह कोई चुनावी वादा नहीं है, यह केंद्र की मोदी सरकार का संकल्प है। अब यह सिर्फ वादा नहीं है, हम जल्द ही ऐसा करने जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के अररिया में बॉर्डर आउट पोस्ट 'लेटी' व 'इंदरवा' के उद्घाटन और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के विभिन्न कार्यों के ई-लोकार्पण, ई-शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल सीमा सड़क योजना के तहत 556 किलोमीटर बॉर्डर रोड को भी स्वीकृत किया गया है। इसमें 18 खंडों में से 14 खंडों में कार्य पूर्ण किया जा चुका है। चार खंडों में भी कार्य तेज गति से किया जा रहा है। वह भी जल्द पूरा हो जाएगा। इसके पूर्ण हो जाने से जहां निगरानी की क्षमता बढ़ेगी, वहीं नागरिकों की सुविधाएं भी बढ़ जाएंगी। विकास के कार्यक्रम अंतिम सीमा तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आमतौर पर नेताओं के वादे जनता को याद कराने पड़ते हैं, लेकिन आज मैं सीमांचल की जनता को अपना वादा याद दिलाना चाहता हूं, क्योंकि मुझे सीमांचल की जनता का सहयोग चाहिए। घुसपैठिए सिर्फ चुनाव को प्रभावित नहीं करते हैं, वे गरीबों के राशन में भी हिस्सेदारी ले जाते हैं, रोजगार में युवाओं की संभावनाओं को क्षीण करते हैं, और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए भी बहुत बड़ी चुनौती हैं। यह अभियान जल्द सीमांचल में शुरू होगा।



### सीमा सुरक्षा, अतिक्रमण हटाओ और घुसपैठ पर कड़ा प्रहार

एसएसबी की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये सीमा की सुरक्षा का जिम्मा उठा रहे हैं। यह सही है कि हम एक मित्र देश के साथ लगी सीमा की सुरक्षा कर रहे हैं, उस देश के साथ जिसके हमारे देश के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि यह भी जरूरी है कि हमारे देश के दुश्मन और देश को नुकसान पहुंचाने वाले तत्व उस रास्ते का उपयोग कर देश में प्रवेश न करें। इसलिए सशस्त्र सीमा बल को अपनी नजर भी पैनी रखनी पड़ेगी और अपने सूचना के स्रोतों को भी बहुत मजबूत रखना आवश्यक है। इसके लिए जरूरी है कि सीमांत गांवों के अंदर जवानों और अधिकारियों के साथ संवाद और संपर्क भी अच्छे स्तर पर हों। तभी हमें गांवों से सही सूचना मिल सकती है। अमित शाह ने कहा कि सीमा के 10 किलोमीटर के अंदर जितने अवैध अतिक्रमण हैं, उन सभी अतिक्रमणों को इस अभियान के अंतर्गत ध्वस्त किया जाएगा और घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें भारत से बाहर भेजने का कार्य भी शुरू किया जाएगा। जनसांख्यिकीय परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र बंगाल, झारखंड और बिहार हैं। बंगाल में अभी चुनाव है और मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार वहां भाजपा की सरकार बनने वाली है। वहां सरकार का पहला एजेंडा सीमा पर बाड़ का काम समाप्त करना और एक-एक घुसपैठिए को बाहर करना होगा।

## होली से पहले अयोध्या में सफाई व्यवस्था पर संकट

### वेतन न मिलने से नाराज सफाईकर्मियों का प्रदर्शन

**एजेंसी। अयोध्या**



उत्तर प्रदेश के अयोध्या में होली से ठीक पहले सफाई व्यवस्था पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। पिछले तीन महीनों से वेतन न मिलने से नाराज सैकड़ों सफाई कर्मचारियों ने गुरुवार को काम बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। वेतन भुगतान में लगातार हो रही देरी से कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि बकाया राशि मिलने तक हड़ताल जारी रहेगी। सफाई कर्मचारियों ने शहर के कई इलाकों में प्रदर्शन किया। सहादतगंज से लेकर लता मंगेशकर चौक तक कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए वेतन भुगतान की मांग उठाई। आरोप है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अब तक उनके बैंक खातों में वेतन नहीं भेजा गया। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें बार-बार आश्वासन दिया जाता रहा, लेकिन भुगतान अब तक नहीं हुआ। कर्मचारियों के अनुसार अब उन्हें भरोसा दिलाया गया है कि 2 मार्च तक वेतन खाते में जमा कर दिया जाएगा, हालांकि वे सवाल उठा रहे हैं कि यदि बैंक में अवकाश रहेगा तो भुगतान कैसे संभव होगा।

हड़ताल पर बैठे एक सफाई कर्मचारी ने आईएएनएस से कहा, "अगर हमें वेतन नहीं मिलेगा तो हम काम पर वापस नहीं लौटेंगे। तीन महीने से पैसा नहीं मिला है, इसलिए हम हड़ताल पर हैं। अधिकारियों ने कहा है कि वेतन कल मिलेगा। एक अन्य कर्मचारी ने बताया, "दो से तीन महीने हो गए वेतन नहीं मिला।

### होली और रमजान एक साथ

## मुस्लिम धर्मगुरु ने आपसी सम्मान की अपील की, अधिकारियों ने बढ़ाई सुरक्षा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



होली और रमजान महीने के एक साथ पड़ने के मद्देनजर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के प्रमुख मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने सभी समुदायों से आपसी सम्मान और सहयोग बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि शांति, सद्भाव और भाईचारे को बनाए रखना सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। इस वर्ष हिंदू समुदाय 4 मार्च को होली मनाएगा, जबकि मुस्लिम समुदाय रमजान के महीने में रोजा और इबादत कर रहा है। दोनों धार्मिक अवसरों के एक साथ पड़ने को देखते हुए देशभर में प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। मौलाना रजवी ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि ऐसे अवसर आपसी समझ और सहयोग की मांग करते हैं। मुस्लिम समुदाय सभी धर्मों के त्योहारों का सम्मान करता है, और जब भी किसी अन्य धर्म का पर्व रमजान, ईद, जुमे की नमाज, या उर्स के साथ पड़ता है, तो शांति और एकता के लिए लोग स्वयं व्यवस्थाओं में समायोजन करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस वर्ष बेहतर समन्वय देखने को मिलेगा। मौलाना रजवी ने दोनों समुदायों से संयम बरतने की अपील करते हुए कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग होली के दिन दोपहर तक घरों से बाहर न निकलें। साथ ही, उन्होंने हिंदू समुदाय से अनुरोध किया कि वे त्योहार के दौरान मुस्लिम भाइयों पर रंग न डालें, ताकि उत्सव बिना किसी तनाव के शांतिपूर्वक संपन्न हो सके।

# शराब पार्टी की सूचना पर दबिश देने पहुंची टीम पर हमला, कई पुलिसकर्मी घायल



**एजेंसी। भभुआ**

बिहार के कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र में एक शराब पार्टी की सूचना पर पहुंची पुलिस पर ही ग्रामीणों ने हमला बोल दिया। ग्रामीणों की ओर से जमकर पथराव किया गया और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। इस घटना में कई पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं। पुलिस को आत्मरक्षार्थ गोली भी चलानी पड़ी। पुलिस के अनुसार, कझार घाट गांव में जमानत पर जेल से बाहर आए एक व्यक्ति की जेल से छूटने की खुशी में बुधवार की देर रात शराब पार्टी का आयोजन किया गया था। आरोप है कि कार्यक्रम में डीजे, लेडी डांसर और हर्ष फायरिंग के साथ जश्न मनाया जा रहा था। इसी बीच इसकी सूचना कुदरा थाना पुलिस को हुई। थाना प्रभारी अपने अन्य सहयोगियों के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस को देखते ही लोग आक्रोशित हो गए और पुलिस पर हमला बोल दिया। इस क्रम में जमकर पथराव किया गया। इस दौरान पुलिस पर गोली भी चलाई गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पथराव में थाना अध्यक्ष समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस पर फायरिंग के बाद पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की। इस घटना में एक ग्रामीण के गोली लगने से घायल होने की खबर है। उन्होंने बताया कि इस घटना को लेकर कुदरा थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जिसमें 28 लोगों को नामजद और 50 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस ग्रामीण को गोली लगी है, उसका बयान दर्ज किया गया है।

### बिहार में शराबबंदी कानून को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तकरार जारी

**पटना।** बिहार विधानमंडल का बजट सत्र शुक्रवार को समाप्त होने वाला है।



इस बीच, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक भाई वीरेंद्र ने गुरुवार को साफ कहा कि बिहार में शराबबंदी कानून मजाक बनकर रह गई है। राजद के विधायक भाई वीरेंद्र ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बिहार में शराब की होम डिलीवरी हो रही है। जब बॉर्डर पर सुरक्षा है तो शराब की खेप कैसे आ रही है? उन्होंने आशंका जताते हुए कहा कि एनडीए के रसूखदार नेताओं की देखरेख में शराब की खेप आ रही है। सरकार को इस पर सख्ती से काम करना चाहिए। जितनी शराब बैन के पहले नहीं खपत होती थी, उससे ज्यादा आज हो रही है। इधर, राजद के एमएलसी सुनील कुमार के 'विधानसभा में शराब की डिलीवरी' कराने वाले बयान पर जदयू के एमएलसी और प्रवक्ता नीरज कुमार ने पलटवार किया।

### बिहार में शराब की होम डिलीवरी हो रही है : अख्तरुल ईमान

**पटना।** एआईएमआईएम नेता अख्तरुल ईमान ने दावा किया है कि



बिहार में शराबबंदी लागू होने के बावजूद घर-घर में शराब की डिलीवरी हो रही है। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान एआईएमआईएम नेता अख्तरुल ईमान ने कहा कि यह बात तो सच है कि नीतीश कुमार ने जहां बहुत सारे काम गलत किए हैं, वहां एक काम अच्छा किया था कि शराब पर पाबंदी लगाई थी। देश की आजादी के बाद गांधी जी से लोगों ने पूछा कि बापू, स्वतंत्र भारत में शराब की क्या पॉलिसी होगी? लोगों ने कहा, बापू, शराब से जो रेवेन्यू मिलता है, उससे बहुत सारे स्कूल चलते हैं, बहुत सारे अस्पताल चलते हैं, उस पर तो दिक्कत हो जाएगी। तो, बापू के सुंदर शब्द थे कि बच्चा-बच्चा अनपढ़ रह जाए, मैं बर्दाश्त करूंगा, लेकिन अपनी नई नस्ल को हम शराब पीने की इजाजत नहीं देंगे।

## एक नजर

### अजीम प्रेमजी विवि में एबीवीपी के विरोध के बाद एफआईआर दर्ज, छात्रों ने उठाए सवाल

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु स्थित अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट के बाद शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। एबीवीपी कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार की शिकायत पर




सरजापुर पुलिस ने इंस्टाग्राम पेज "स्पार्क रीडिंग सर्कल" के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह विरोध प्रदर्शन स्पार्क रीडिंग सर्कल नामक एक इंस्टाग्राम अकाउंट द्वारा कथित तौर पर साझा किए गए एक सोशल मीडिया पोस्ट के विरोध में शुरू हुआ, जिसमें दावा किया गया था कि कुनान-पोशपोरा घटना पर "फ्री-कश्मीर" शीर्षक के तहत परिसर में चर्चा आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ऋषिकेश ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि इंस्टाग्राम पेज "स्पार्क रीडिंग सर्कल" के पोस्ट ने संस्थान की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया और भ्रम पैदा किया। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया कि ऐसा कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया था और उसका सोशल मीडिया अकाउंट से कोई संबंध नहीं है।

### राहुल गांधी के मनोबल को भाजपा गिरा नहीं सकती, नहीं मिलेगा फायदा : जी. परमेश्वर



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने पीयूष गोयल की ओर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संबंध में दिए बयान पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के संदर्भ में दिया गया बयान पूरी तरह से अनुचित है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमें यह समझना होगा कि यह पहली मर्तबा नहीं है कि जब हमारे नेता राहुल गांधी को लेकर इस तरह का बयान दिया गया हो, बल्कि इससे पहले भी उनके फौलादी हौसलों को पस्त करने के मकसद से इस तरह के बयान दिए जा चुके हैं। मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि बेशक ये लोग जितना चाहें उतना हमारे नेता राहुल गांधी पर बयान दे लें, लेकिन मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि वो हर प्रकार की परिस्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह से सक्षम हैं। उन्हें रोका नहीं जा सकता है। मैं समझ सकता हूं कि इस तरह का बयान उनके मनोबल को गिराने के लिए दिया जा रहा है, लेकिन इससे किसी को भी कुछ प्राप्त होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि जाहिर सी बात है कि पीयूष गोयल हमारे नेता राहुल गांधी को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं कर सकते हैं।

### युवा कांग्रेस ने स्पीकर एएन शमशीर के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत, अफवाह फैलाने का आरोप



**तिरुवनंतपुरम।** केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज पर कथित हमला मामले को लेकर राजनीतिक तूफान गुरुवार को और तेज हो गया, जब यूथ कांग्रेस ने राज्य पुलिस प्रमुख से केरल विधानसभा के सभापति ए.एन. शमशीर के खिलाफ औपचारिक शिकायत की। शिकायत में आरोप लगाया गया कि शमशीर ने यह गलत कहानी फैलाई कि कार्यकर्ताओं ने कन्नूर रेलवे स्टेशन पर मंत्री पर हमला किया था। युवा कांग्रेस के अनुसार, स्पीकर द्वारा रेलवे प्लेटफॉर्म पर वीना जॉर्ज से मिलने और उनसे बातचीत करने के बाद ही हमले के दावे को बल मिला था। विधानसभा में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन ने गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष के आचरण की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि ऐसे संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति को "अपुष्ट दावे फैलाने" का सहारा नहीं लेना चाहिए था। उन्होंने तर्क दिया कि स्पीकर के शुरुआती बयान ने किसी भी आधिकारिक सत्यापन या दस्तावेजी साक्ष्य के सामने आने से पहले ही पूरी कहानी को आकार दे दिया था। विधानसभा में विपक्ष के नेता सतीशन ने कहा, "अभी तक ऐसा कोई दस्तावेजी सबूत नहीं मिला है कि कोई भी युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मंत्री के आसपास भी आया हो।

### एआई समिट को बदनाम करने के लिए कांग्रेस ने दी 40 हजार की सुपारी : शहजाद पूनावाला



**नई दिल्ली।** भारत में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट अब केवल तकनीक और नवाचार का केंद्र नहीं, बल्कि एक बड़े राजनीतिक युद्ध का अखाड़ा बन गई है। यूथ कांग्रेस के सदस्यों द्वारा किए गए 'शर्टलेस प्रोटेस्ट' के बाद अब भारतीय जनता पार्टी ने एक चौंकाने वाला दावा किया है। बीजेपी का आरोप है कि कांग्रेस ने इस अंतरराष्ट्रीय इवेंट की छवि खराब करने के लिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को पैसे देकर एक "नेगेटिव पीआर कैंपेन" चलाया है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहज़ाद पूनावाला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए इसे एक सुनियोजित साजिश करार दिया। पार्टी के मुताबिक, कांग्रेस PR टीम के सदस्यों ने इन्फ्लुएंसर्स से संपर्क किया और समिट को फेल दिखाने वाले कंटेंट के बदले 10,000 रुपये से 40,000 रुपये तक के पेमेंट का प्रस्ताव दिया। भाजपा के नेशनल स्पोक्सपर्सन शहज़ाद पूनावाला ने दावा किया कि कांग्रेस ने एआई समिट और भारत को बदनाम करने के लिए एक कैंपेन चलाया, जिसमें इन्फ्लुएंसर्स को इवेंट की 'बदनामी' करने के लिए पैसे दिए गए।

### जवाहरलाल नेहरू के कार्यालय में सक्रिय थे विदेशी जासूस : संबित पात्रा



**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) समिट को लेकर जारी खींचतान के बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोला है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि नेहरू ने हमेशा "एक ब्रिटिश" की तरह व्यवहार किया और जानबूझकर ऐसी गलतियां कीं जिससे देश की सुरक्षा और हितों के साथ 'समझौता' हुआ। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, पार्टी सांसद संबित पात्रा ने नेहरू काल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि उस समय भारत का सचिवालय विदेशी खुफिया एजेंसियों का अड्डा बन गया था। पात्रा ने आरोप लगाया कि नेहरू के विशेष सहायक एम.ओ. मथाई एक अमेरिकी एजेंट के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने दावा किया कि 1960 के दशक में रूस की खुफिया एजेंसी केजीबी के एजेंट भी नेहरू के कार्यालय में सक्रिय थे।

### सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद शिक्षा मंत्री का कड़ा रुख, दोषियों पर होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** कक्षा 8 की एनसीईआरटी किताब में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' नामक पाठ को लेकर विवाद गहरा गया है। इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त नाराजगी जताई है, जिसके बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का बड़ा बयान सामने आया है।

**शिक्षा मंत्री का रुख :** झारखंड के सरायकेला खरसावां में मीडिया से बात करते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एनसीईआरटी की किताबों में न्यायपालिका के बारे में ऐसी बातें लिखना चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि मामला सामने आते ही किताबों का रिव्यू कराया गया है। शिक्षा मंत्री ने इस घटना पर गहरा अफसोस जताया और भरोसा दिया कि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न हो। सुप्रीम कोर्ट ने इस विवादित कंटेंट पर शिक्षा सचिव और एनसी डायरेक्टर को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया है।

## लिटिल विंग्स स्कूल पर जेके इंटरनेशनल की 5 विकेट से जीत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** ओटीसी ग्राउंड में खेले गए लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीज़न क्रिकेट 2025-26 के मुकाबले में जेके इंटरनेशनल ने आरएसए सीनियर को 5 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरएसए सीनियर ने निर्धारित 30 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 232 रन बनाए। टीम की ओर से ताल्हा ने 47 और देवांश ने 46 रनों की उपयोगी पारी खेली, जबकि क़मर ने 33 रन जोड़े। गेंदबाजी में जेके इंटरनेशनल के सागर ने 3 विकेट लेकर टीम को महत्वपूर्ण सफलता दिलाई।

जवाब में जेके इंटरनेशनल ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 27.2 ओवर में 5 विकेट खोकर 234 रन बना लक्ष्य हासिल कर लिया। कृष ने शानदार 78 रन बनाए, जबकि आलोक (44) और आदर्श (31) ने अहम योगदान दिया। आरएसए सीनियर की ओर से वसीम ने 2 विकेट लिए, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। इस जीत के साथ जेके इंटरनेशनल ने टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

## पूर्व हॉकी खिलाड़ी फारुक मैरिकन का निधन

**सिंगापुर।** सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व हॉकी खिलाड़ी और मैनेजर फारूक मैरिकन अली का निधन हो गया। वह 80 बरस के थे। देश के खेल समुदाय ने अली के निधन पर दुख जताया जो हॉकी को 'जीते थे' और अपने खिलाड़ियों का बहुत ख्याल रखते थे। फारूक के परिवार में 68 साल की पत्नी जैसिंटा एरियोला और 42 साल की बेटी शाईन मैरिकन हैं। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' की एक खबर के मुताबिक उनके परिवार ने मौत का कारण नहीं बताया। दिग्गज पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ फारूक डिफेंडर की भूमिका में खेलते थे और 1968 से 1971 तक राष्ट्रीय टीम के लिए खेले। उन्होंने 1982 से 2000 के दशक तक सिंगापुर की पुरुष टीम के मेनेजर की भूमिका निभाई। इस समाचार पत्र से जुड़े रहे पूर्व पत्रकार हकीकत राय ने कहा कि फारूक हमेशा अपने जानने वाले लोगों के साथ दरियादिल रहते थे और वह अपने खिलाड़ियों की 'बहुत परवाह' करते थे। राय ने कहा, 'फारूक इस खेल के अच्छे जानकार थे। वह क्लब और राष्ट्रीय स्तर पर खेले। उन्हें खेल और नवीनतम ट्रेनिंग तरीकों की गहरी समझ थी। वह जर्मनी में जन्मे मास्टर हॉकी कोच हॉर्स्ट वेन जैसे लोगों के लगातार संपर्क में रहते थे जो हॉकी और फुटबॉल के जाने-माने अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ थे।'

### टी20 विश्व कप: एडेन मार्करम के तूफान में उड़ी वेस्टइंडीज

# सीए ने सेमीफाइनल की ओर बढ़ाए कदम



भारत की बल्ले-बल्ले

**अहमदाबाद।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर 8 मुकाबले में साउथ अफ्रीका की टीम ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराकर सेमीफाइनल की ओर एक और कदम बढ़ा दिया है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की टीम ने 8 विकेट खोकर बोर्ड पर 176 रन रन टांगे थे। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम ने सिर्फ 1 विकेट खोकर इस मैच को 16.1 ओवर में अपने नाम कर लिया। इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका की जीत के हीरो उनके कप्तान एडेन मार्करम रहे, जिन्होंने नाबाद 82 रन की पारी खेली।

#### रोमारियो शेफर्ड और जेसन होल्डर की तगड़ी बल्लेबाजी

इससे पहले वेस्टइंडीज ने शुरुआती झटकों के बाद निचले क्रम के बल्लेबाज रोमारियो शेफर्ड (नाबाद 52 रन) के अर्धशतक और जेसन होल्डर (49 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 89 रन की रिकॉर्ड साझेदारी से वापसी करते हुए साउथ अफ्रीका के खिलाफ 8 विकेट पर 176 रन का स्कोर खड़ा किया। पिछले मैच में टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाली दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज ने 7 ओवर के अंदर 60 रन में पांच विकेट गंवा दिए थे। इसमें दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबाडा (22 रन देकर दो विकेट) और लुंगी एनगिडी (30 रन देकर तीन विकेट) ने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया।

#### 83 रन पर खो दिए थे 7 विकेट

वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय 7 विकेट पर 83 रन था लेकिन शेफर्ड (37 गेंद, तीन चौके, चार छक्के) और होल्डर (31 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) ने मिलकर आठवें विकेट के लिए 57 गेंद में 89 रन की रिकॉर्ड साझेदारी करके टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। साउथ अफ्रीका की जीत से टीम इंडिया को बड़ा फायदा मिला है। भारतीय टीम को साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद टीम का रन रेट माइनस 3 से भी ज्यादा है। वहीं वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को हराकर अपना रन रेट 5 से ज्यादा कर लिया। ऐसे में भारत के सेमीफाइनल की राह में बने रहने के लिए वेस्टइंडीज का इस मैच में जीतना जरूरी था।

## पीएसजी ने मोनाको को हराकर अंतिम-16 में जगह बनाई



2-2 से ड्रॉ

**एजेंसी। पेरिस**

पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) ने यूईएफए चैंपियंस लीग प्ले-ऑफ के दूसरे लेग में एएस मोनाको के साथ 2-2 से ड्रॉ खेलते हुए कुल 5-4 की बढ़त के साथ अंतिम-16 में जगह बना ली। पेरिस के घरेलू मैदान पार्क डेस प्रिंसेस में खेले गए इस मुकाबले में रोमांच आखिरी मिनट तक बना रहा। पहले हाफ में मोनाको ने आक्रामक शुरुआत की और हाफ-टाइम से ठीक पहले मैग्नेस अक्लिउचे के शानदार गोल से बढ़त हासिल कर ली। दूसरे हाफ में मैच का रुख तब बदला जब मोनाको के मामादौ कूलिबली को दूसरी बार पीला कार्ड मिलने के बाद मैदान छोड़ना पड़ा। दस खिलाड़ियों के साथ खेल रही मेहमान टीम पर दबाव बढ़ गया।

इसके बाद पीएसजी के कप्तान मार्क्विनहोस ने डेसिरे डूए के क्रॉस पर गोल कर बराबरी दिलाई। कुछ ही मिनटों में ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने रिबाउंड पर गोल दागकर टीम को बढ़त दिला दी। हालांकि, सब्स्टीट्यूट जॉर्डन टेजे ने अतिरिक्त समय में गोल कर मुकाबले को फिर रोमांचक बना दिया। अंततः पीएसजी ने बढ़त बचाए रखते हुए अगले दौर में प्रवेश कर लिया। पीएसजी के कोच लुइस एनरिक ने कहा, "हम क्वालीफाई करने के लायक थे, लेकिन हमें पूरे समय परेशानी झेलनी पड़ी। अगर कोई एक टीम है जिसे मुश्किलों का सामना करने की आदत है, तो वह हम हैं। हमारा ग्रुप सबसे खराब था। हमें काराबाग या मोनाको के खिलाफ खेलना था, और वह बेशक मोनाको था, और अब चेल्सी और बार्सिलोना के बीच, दोनों ही बेहतरीन टीमें हैं। हम तैयार हैं, और हमें इस तरह के मैच खेलने की आदत है।"

इस बीच, गैलाटसराय ने जुवेंटस की शानदार वापसी को रोक दिया और 7-5 के एग्रीगेट स्कोर से राउंड ऑफ 16 में जगह पक्की कर ली।

गैलाटसराय एस.के. ने जबरदस्त जज्बा दिखाते हुए जुवेंटस एफसी को रोमांचक मुकाबले में एक्स्ट्रा टाइम में हराकर शानदार जीत दर्ज की। पहले लेग के बाद तीन गोल से पिछड़ने के बावजूद मेजबान टीम ने हार नहीं मानी और मुकाबले को अतिरिक्त समय तक खींच लिया। इंटरवल के तीन मिनट बाद जुवेंटस को बड़ा झटका लगा जब लॉयड केली को मैदान छोड़ना पड़ा। हालांकि, इसके बावजूद मैनुअल लोकाटेली ने पेनल्टी पर गोल कर टीम को मुकाबले में बनाए रखा। फेडेरिको गैटी ने भी गोल दागकर बियानकोनेरी की उम्मीदें जिंदा रखीं। केनान यिलडिज का शॉट पोस्ट से टकराया, लेकिन वेस्टन मैककेनी ने मौके का फायदा उठाकर स्कोर 5-5 से बराबर कर दिया, जिससे मुकाबला और रोमांचक हो गया। जेरेमी बोगा के पास इटैलियन टीम को कुल बढ़त दिलाने का बेहतरीन मौका था, लेकिन वे उसे गोल में नहीं बदल सके।

इसका फायदा उठाते हुए गैलाटसराय ने अतिरिक्त समय में दमदार खेल दिखाया।

विक्टर ओसिमेन और बारिस अल्पर यिलमाज ने निर्णायक गोल कर टीम को यादगार जीत दिलाई।

## वूमेन साइकिलिंग ईस्ट जोन लीग का उद्घाटन आज

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भारतीय खेल प्राधिकरण एवं साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिय के निर्देशनुसार खेलो इंडिया अस्मिता साइकलिंग लीग ईस्ट जोन का आयोजन दिनांक 27 एवं 28 फरवरी 2026 को सिद्धू कान्हू वेलोड्रम स्टेडियम खेलगांव रांची मैं आयोजित की जा रही है यह जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में शैलेंद्र पाठक, महासचिव झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन सह संयुक्त सचिव भारतीय साइकलिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया, अभिजीत सेठ अध्यक्ष तकनीकी कमेटी, सुजीत कुमार, उपाध्यक्ष, झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन, रणवीर सिंह, कोषाध्यक्ष झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन सतविंदर कौर पूर्व साईं साइकिलिंग प्रशिक्षका ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि यह दो दिवसीय खेलो इंडिया अस्मिता वूमेन साइकलिंग ईस्ट जोन लीग का उद्घाटन मे मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राजमहल सांसद विजय हंसदा, डुमरी विधायक जयराम महतो समेत कई लोग मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में कुल पांच इवेंट का आयोजन किया जा रहा है।

इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में ईस्ट जोन के बिहार, उत्तर प्रदेश, वेस्ट बेंगल असम, मणिपुर, उड़ीसा राज्य के लगभग 450 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं ! इस प्रतियोगिता के लिए 30 से अधिक टेक्निकल अधिकारियों की नियुक्ति भारतीय साइकलिंग फेडरेशन ऑफ़ के द्वारा की गई है. उन्होंने कहा कि इसका समापन के मौके पर झारखंड के खेल मंत्री सुदीव कुमार सोनू, विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री अनुपमा सिंह समेत कई विशिष्ट लोग मौजूद रहेंगे।

## अंडर-15 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए झारखंड की 22 सदस्यीय टीम सेलम रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अंडर-15 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड राज्य बालक एवं बालिका फ्रीस्टाइल कुश्ती टीम के 22 सदस्यीय दल को सेलम (तमिलनाडु) के लिए रवाना किया गया। यह प्रतियोगिता 27 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक सेलम में आयोजित होगी।

दल में 9 बालिका खिलाड़ी, 9 बालक फ्रीस्टाइल खिलाड़ी तथा 4 प्रशिक्षक शामिल हैं।

#### बालिका फ्रीस्टाइल टीम

रिमझिम कुमारी (33 किग्रा, देवघर), आर्या कुमारी (36 किग्रा, साहिबगंज), सीता कुमारी (39 किग्रा, साहिबगंज), सीमा हेम्ब्रॉम (42 किग्रा, साहिबगंज), छोटी कुमारी (46 किग्रा, साहिबगंज), शालिनी कुमारी (50 किग्रा, कोडरमा), श्रुति कुमारी (54 किग्रा, साहिबगंज), सूर्यमणि सिंकु (58 किग्रा, पश्चिमी सिंहभूम), आरती कुमारी (62 किग्रा, साहिबगंज)।

#### बालक फ्रीस्टाइल टीम

राहुल कुमार गोंड (38 किग्रा, साहिबगंज), दिनेश पहाड़िया (41 किग्रा, पाकुड़), अर्णव कुमार (45 किग्रा, रामगढ़), कृष्ण कुमार यादव (48 किग्रा, साहिबगंज), नीतीश कुमार (52 किग्रा, साहिबगंज), अनमोल कुमार झा (68 किग्रा, देवघर), अमन कुमार (75 किग्रा, रांची)।

## मुझे अब भी लगता है कि वनडे हमारा सबसे मजबूत फॉर्मेट है: एश्ले गार्डनर

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ ब्रिस्बेन में खेले गए पहले वनडे मैच को 6 विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ मेजबान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी शानदार शुरुआती वनडे जीत के मोमेंटम को आगे बढ़ाना चाहती है। मेजबान टीम भारत के खिलाफ कड़े मुकाबले वाली मल्टी-फॉर्मेट सीरीज पर फिर से कंट्रोल करना चाहती है। भारत के खिलाफ टी20 सीरीज 1-2 से गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने शानदार जीत के साथ वनडे सीरीज की शुरुआत की है।



## सस्ते में सोना और चांदी खरीदने का मौका, कीमतें करीब 4,800 रुपए तक गिरीं

**एजेंसी**

**मुंबई।** सोने और चांदी खरीदारों के लिए खुशखबरी है, गुरुवार को दोनों कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसेसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने की कीमत 986 रुपए कम होकर 1,58,022 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 1,59,008 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट सोने का दाम 1,45,651 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 1,44,748 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 18 कैरेट सोने की कीमत घटकर 1,18,517 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 1,19,256 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट हुई है। चांदी का दाम 4,750 रुपए कम होकर 2,60,667 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 2,65,417 रुपए प्रति किलो थी। आईबीजेए की ओर से दिन में दो बार सुबह और शाम कीमतें जारी की जाती हैं। हाजिर के साथ वायदा बाजार में तेजी देखने को मिली है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 2 अप्रैल 2026 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 1.25 प्रतिशत कम होकर 1,59,133 रुपए हो गई है। चांदी के 5 मार्च 2026 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 3.45 प्रतिशत कम होकर 2,59,048 रुपए हो गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। खबर लिखे जाने तक कॉमेक्स पर सोना 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,181 डॉलर प्रति औंस और चांदी 4.71 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 86.70 डॉलर प्रति औंस पर थी। सोने और चांदी की कीमतों में तेजी की वजह अमेरिकी डॉलर का मजबूत होना और अमेरिका एवं ईरान के बीच तनाव कम करने के लिए बातचीत जारी रहना है। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत से जोखिम कम हुआ है और इससे सोने में कमजोरी देखी गई है।

## स्वदेशी सेल स्टील से बना है भारतीय नौसेना बेड़े में शामिल होने जा रहा आईएनएस अंजदीप

**नवीन मेल संवाददाता**



● कुल आठ एडब्ल्यू-एडब्ल्यूब कार्वेट के लिए लगभग 3,500 टन विशेष-ग्रेड स्टील की आपूर्ति की गई

**नई दिल्ली।** देश की सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक और महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित आईएनएस अंजदीप के लिए ज़रूरत की पूरी मात्रा की स्पेशल ग्रेड स्टील की आपूर्ति की है। आईएनएस अंजदीप भारतीय नौसेना में शामिल होने जा रहा तीसरा एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट कार्वेट है। इससे पहले पिछले साल आईएनएस अरनाला और आईएनएस एंड्रोथ भी शामिल किए जा चुके हैं।

नौसेना के पुराने होते 'अभय-श्रेणी' के जहाजों को बदलने के लिए इन कार्वेट का निर्माण स्वदेशी रूप से किया जा रहा है। इस रणनीतिक प्रयास में योगदान देते हुए, सेल ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा बनाए जा रहे आठ एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यू सी कार्वेट के लिए लगभग 3,500 टन विशेष-ग्रेड स्टील की पूरी मात्रा की आपूर्ति की है। इस स्टील की आपूर्ति सेल के बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्थित एकीकृत इस्पात संयंत्रों से की गई है, जो देश की डोमेस्टिक सप्लाई चेन की मजबूती को रेखांकित करता है।

यह उपलब्धि रक्षा विनिर्माण में भारत की आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाने, आयात पर निर्भरता कम करने और 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने के प्रति सेल की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। पिछले कुछ वर्षों में, सेल ने रक्षा स्वदेशीकरण में देश की विशेष-ग्रेड स्टील की जरूरतों को लगातार पूरा किया है और आईएनएस विक्रांत, आईएनएस उदयगिरि, आईएनएस नीलगिरी, आईएनएस सूरत जैसी अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए स्टील की आपूर्ति की है।

## सैमसंग ने भारत में लॉन्च की गैलेक्सी एस26 सीरीज

**एजेंसी। गुरुग्राम**



टेक दिग्गज सैमसंग ने गुरुवार को घोषणा की कि उसकी फ्लैगशिप गैलेक्सी एस26 सीरीज अब भारत में प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध है। इसकी शुरुआती कीमत 87,999 रुपए है, जबकि टॉप मॉडल गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा की कीमत 1,89,999 रुपए तक जाती है।

गैलेक्सी एस26 सीरीज में गैलेक्सी एस26, गैलेक्सी एस26+ और गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा शामिल हैं। कंपनी का कहना है कि यह नई सीरीज अब तक का सबसे उन्नत 'एजेंटिक एआई' मोबाइल अनुभव प्रदान करती है, जो रोजमर्रा के कामों को आसान और समझदार बनाती है। इन स्मार्टफोन्स का उद्देश्य शेड्यूल मैनेज करना, जानकारी खोजना, कंटेंट कैप्चर करना और फोटो-वीडियो एडिट करने जैसे कामों को कम मेहनत में पूरा करना है। गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा की कीमत 12 जीबी + 256 जीबी वेरिएंट के लिए 1,39,999 रुपए है, जबकि 12 जीबी + 512 जीबी मॉडल की कीमत 1,59,999 रुपए है। वहीं, 16 जीबी + 1 टीबी वेरिएंट 1,89,999 रुपए में मिलेगा।

गैलेक्सी एस26+ की कीमत 12 जीबी + 256 जीबी वेरिएंट के लिए 1,19,999 रुपए से शुरू होती है, जबकि 12 जीबी + 512 जीबी मॉडल 1,39,999 रुपए में उपलब्ध होगा। गैलेक्सी एस26 की कीमत 12 जीबी + 256 जीबी वेरिएंट के लिए 87,999 रुपए है, जबकि 12 जीबी + 512 जीबी वर्जन 1,07,999 रुपए में मिलेगा।

# दूल्हा नापसंद, दहेज वापसी के लिए बारातियों को बनाया बंधक

नवीन मेल संवाददाता



पलामू/गढ़वा। गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत हासनदाग गांव में एक शादी समारोह के दौरान विवाद खड़ा हो गया। दुल्हन पक्ष द्वारा दूल्हे को नापसंद करते हुए विवाह से इनकार कर दिया गया और तिलक में दिए गए नगद व सामान की वापसी तक बारातियों को कथित तौर पर करीब 12 घंटे तक रोके रखने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, पलामू जिले के रामगढ़ प्रखंड के सरहुवा निवासी धनंजय चौधरी की शादी हासनदाग गांव निवासी राजेंद्र चौधरी की पुत्री से तय हुई थी। 20 फरवरी को तिलक एवं 24 फरवरी को बारात पहुंची थी। द्वार पूजा और वैवाहिक रस्में सामान्य रूप से संपन्न हुईं, लेकिन विदाई के समय विवाद उत्पन्न हो गया। दूल्हे के पिता दिनेश चौधरी ने बताया कि शादी की रस्मों के दौरान दूल्हा तीन-चार घंटे तक लगातार बैठा रहा, जिससे उसका पैर शिथिल हो गया और उठने में थोड़ी देर हुई। आरोप है कि इसी आधार पर दुल्हन पक्ष ने दूल्हे को दिव्यांग बताते हुए शादी से इनकार कर दिया। दूल्हे पक्ष का कहना है कि बुधवार सुबह करीब 5 बजे से शाम 5 बजे तक बारातियों को वहीं रोके रखा गया। मामले को सुलझाने के लिए पंचायत बुलाई गई, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। अंततः दोनों पक्षों के खर्च को अलग रखते हुए तिलक में दिए गए नगद व सामान की वापसी पर सहमति बनी। इसके बाद बारातियों को जाने दिया गया। दिनेश चौधरी ने बताया कि शादी अक्टूबर 2025 में तय हुई थी और विवाह से पूर्व उनका पुत्र कई बार ससुराल भी गया था। उस दौरान किसी प्रकार की आपत्ति नहीं जताई गई। उन्होंने दावा किया कि विवाह में लगभग साढ़े पांच से छह लाख रुपये खर्च किए गए। बारात में शामिल ग्रामीणों ने भी कहा कि धनंजय दिव्यांग नहीं है और केवल लंबे समय तक बैठे रहने के कारण अस्थायी परेशानी हुई थी। घटना को लेकर दोनों परिवारों की सामाजिक प्रतिष्ठा पर असर पड़ने की चर्चा क्षेत्र में हो रही है।

## आलोक कुमार चौरसिया ने विस में उठाया भंडरिया में पक्की सड़क निर्माण का मुद्दा

नवीन मेल संवाददाता



मेदिनीनगर। मेदिनीनगर-डाल्टनगंज-चैनपुर-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने विधानसभा सत्र के दूसरे दिन भंडरिया प्रखंड में पक्की सड़क निर्माण की मांग जोरदार तरीके से उठाई। उन्होंने कहा कि भंडरिया प्रखंड में बरसात के दिनों में कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्गों से कट जाता है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होता है। आवागमन बाधित होने के कारण व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। विधायक ने विशेष रूप से फकीराडीह से बाथ मोड़, हरसौता होते हुए कुरुन, सिवान, बाघी मोड़ और ललकुडवा तक सड़क निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में पक्की सड़क के अभाव में वर्षा ऋतु के दौरान ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से जनहित में शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर पक्की सड़क निर्माण कराने की मांग की, ताकि आगामी बरसात में क्षेत्रवासियों को आवागमन की समस्या से जूझना न पड़े और विकास कार्यों को गति मिल सके।

## चेचारिया मोड़ पर अवैध चिप्स लदा टिप्पर जब्त



हैदरनगर। थाना क्षेत्र के चेचारिया मोड़ के समीप पुलिस ने अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पत्थर चिप्स से लदा एक टिप्पर जब्त किया है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि नियमित जांच अभियान के दौरान वाहन को रोका गया। जांच में वैध कागजात नहीं मिलने पर टिप्पर को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कर दिया गया है। मामले की सूचना जिला खनन पदाधिकारी को दे दी गई है और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध खनिज परिवहन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में दो महिलाएं समेत तीन घायल दो की हालत गंभीर

मेदिनीनगर। लेसलीगंज थाना क्षेत्र के जुरू गांव स्थित महावीर मोड़ के पास गुरुवार सुबह ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान कोर्टखास गांव निवासी रुपंती देवी (50), उर्मिला कुंवर (60) और सूरज कुमार (25) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, तीनों चैनपुर में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। इसी दौरान ईंट लदे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से तीनों को मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने सूरज कुमार और रुपंती देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रेफर कर दिया। पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है और ट्रैक्टर की तलाश जारी है।

## झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का अलीगढ़ जंक्शन पर होगा ठहराव

- झारखंड सहित पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए बड़ी खुशखबरी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए रेलवे कनेक्टिविटी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है। झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12873/12874) का अब अलीगढ़ जंक्शन पर ठहराव होगा। इस संबंध में रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है और शीघ्र ही आधिकारिक अधिसूचना जारी होने की संभावना है।

विदित हो कि झारखंड सहित पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता लंबे समय से उक्त ट्रेन के अलीगढ़ स्टेशन पर ठहराव की मांग कर रही थी। रांची–हटिया से चलने वाली यह महत्वपूर्ण ट्रेन अलीगढ़ में नहीं रुकने के कारण यात्रियों, विशेषकर छात्र-छात्राओं को काफी असुविधा होती थी। बड़ी संख्या में झारखंड के विद्यार्थी अलीगढ़ में अध्ययन हेतु आते-जाते हैं, जिन्हें अब सीधी सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

इस ठहराव से पलामू, गढ़वा तथा पूरे झारखंड के यात्रियों को आवागमन में बड़ी सहूलियत मिलेगी और क्षेत्र की रेलवे कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति झारखंड सहित पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से हार्दिक आभार एवं बधाई व्यक्त की गई है।

### निरीक्षण में मिलीं खामियां, सुधार के दिए निर्देश

## यूएएम नई मोहल्ला की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर पाई गई



नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने आज यूएएम नई मोहल्ला, पंपू कल, निमिया तथा मदर टेरेसा क्लिनिक (पंपू कल एवं निमिया) का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, दवा उपलब्धता एवं अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

इस दौरान कुछ कमियां सामने आईं, जिनमें सुधार की आवश्यकता बताई गई। सिविल सर्जन ने कहा कि यूएएम नई मोहल्ला की स्थिति अन्य केंद्रों की तुलना में बेहतर पाई गई है, जबकि शेष केंद्रों में आवश्यक सुधार के निर्देश संबंधित कर्मियों को दिए गए हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और सभी केंद्रों पर नियमित निगरानी जारी रहेगी।

## जपला स्टेशन पर मालगाड़ी के डब्बे से यात्रियों को परेशानी




नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड–डेहरी ऑन सोन रेलखंड स्थित जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पिछले पांच दिनों से मालगाड़ी के खाली डब्बे खड़े रहने से यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। यात्रियों का कहना है कि बुजुर्ग और दिव्यांग यात्रियों को प्लेटफॉर्म बदलने में दिक्कत होती है। सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव भी प्लेटफॉर्म नंबर दो पर हो रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्टेशन प्रबंधक ने कहा कि मामले को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाकर डब्बे हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

### मतगणना को लेकर अभ्यर्थियों के साथ प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित

## पारदर्शी व निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देशों की दी गई विस्तृत जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। मतगणना प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को डीआरडीबी सभागार में सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित की गई। बैठक में लातेहार नगर पंचायत क्षेत्र के अध्यक्ष पद हेतु नामांकित सभी अभ्यर्थी तथा सभी वार्ड पार्षद पद के अभ्यर्थी उपस्थित रहे। सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र प्रसाद ने राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि मतगणना कार्य पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से अपील की कि वे निर्धारित नियमों का पालन करते हुए प्रशासन को सहयोग करें, ताकि प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हो सके।

प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अनिल मिंज ने मतगणना कक्ष में प्रवेश की प्रक्रिया, पहचान पत्र की अनिवार्यता, पास निर्गत करने की व्यवस्था, टेबलवार मतगणना प्रणाली तथा आपत्तियों के निवारण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक के दौरान अभ्यर्थियों को मतगणना के समय आचार संहिता का पालन करने, अनावश्यक भीड़-भाड़ से बचने तथा शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की हिदायत दी गई। जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया कि मतगणना कार्य विधि-सम्मत, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाएगा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण राम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डीआईजी किशोर कौशल ने मनिका थाना व पलामू के मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण

## विधि-व्यवस्था सुदृढ़ रखने और निष्पक्ष मतगणना के दिए सख्त निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



मेदिनीनगर। पलामू क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक किशोर कौशल ने गुरुवार को लातेहार जिले के मनिका थाना तथा पलामू जिले के मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया।

मनिका थाना के निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने थाना परिसर, अभिलेख, मालखाना, हाजत, आगंतुक पंजी, लंबित कांडों की स्थिति तथा विधि-व्यवस्था से संबंधित अन्य कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा वारंट/कुर्की की समय पर तामिला सुनिश्चित करने का स्पष्ट निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बेहतर पुलिसिंग के लिए टीमवर्क के साथ कार्य करने, नियमित गश्ती बढ़ाने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए। डीआईजी ने थाना स्तर पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने, पीड़ितों के साथ मानवीय व्यवहार अपनाने तथा अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं पर त्वरित सत्यापन कर अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु जन-जागरूकता बढ़ाने और तकनीकी साक्ष्यों के सुदृढ़ संकलन पर भी बल दिया। साथ ही थाना कर्मियों को अनुशासन, समयपालन और जनता के साथ मित्रवत व्यवहार बनाए रखने की हिदायत दी। निरीक्षण के अवसर पर थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास, पुलिस निरीक्षक श्रीमती दुलार चौड़े सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### मतगणना केंद्र का भी किया निरीक्षण

डीआईजी किशोर कौशल ने नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के अंतर्गत 27 फरवरी को होने वाली मतगणना की तैयारियों का जायजा लेने हेतु पलामू जिले स्थित जीएलए कॉलेज के बहुउद्देश्यीय परीक्षा भवन में बनाए गए मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मेदिनीनगर

# पेज एक के शेष

### भारत ने जिम्बाब्वे...

तक ही पहुंचने में कामयाब हो सकी और उन्हें इस बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ जहां जिम्बाब्वे अब सेमीफाइनल में पहुंचने की रेस से बाहर हो गई है, तो वहीं टीम इंडिया को सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए अब वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले मुकाबले में जीत हासिल करनी होगी, जो एक मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा।

### आज से भगवान...

उन्होंने रथ यात्रा की परंपरा का जिक्र करते हुए कहा कि जब रथ यात्रा निकलती है तो भगवान भक्तों के बीच झूला झूलते, गान और उत्सव के साथ पहुंचते हैं। उनका आगमन प्रतीक्षा और भक्ति का प्रतीक है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और उनकी पत्नी, सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक सरयू राय सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### सामाजिक समरसता और...

करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह केंद्र ओडिशा के पुरी स्थित प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर, पुरी की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। प्रस्तावित केंद्र में आध्यात्मिक अनुष्ठानों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, धार्मिक अध्ययन, सामुदायिक गतिविधियों और सामाजिक सेवा के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे न केवल जमशेदपुर बल्कि पूरे कोल्हान क्षेत्र को एक नई सांस्कृतिक पहचान मिलेगी। कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, जमशेदपुर के सांसद बिद्युत बरन महतो, विधायक सरयू राय और विधायक पूर्णिमा साहू, टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टीवी नरेंद्रन, श्री जगन्नाथ स्पिरिचुअल एंड कल्चरल चैरिटेबल सेंटर ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी एसके बेहरा, ट्रस्टी मनोरंजन दास एवं श्रीधर प्रधान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि पारंपरिक स्थापत्य शैली और आधुनिक सुविधाओं के समन्वय से यह केंद्र आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था और संस्कृति का प्रेरणास्रोत बनेगा।

### 'जवान पोते को...

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन अपने पौत्र को खोने के गम में अत्यंत भावुक दिखे, वहीं वीर के पिता बाबूलाल सोरेन की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें डॉक्टरों की देखरेख में रखना पड़ा।

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साझा किया शोक :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विशेष रूप से अंत्येष्टि में शामिल होने जिलिंगगोड़ा पहुंचे। उन्होंने चंपाई सोरेन और बाबूलाल सोरेन से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। संताली भाषा में पारिवारिक संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने दुख साझा किया और कहा, "जवान बेटे या पोते को खोना किसी भी परिवार के लिए सबसे बड़ी त्रासदी है। वीर एक होनहार युवक थे और उनका असमय जाना अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने वीर सोरेन की अंत्येष्टि पर पारंपरिक रूप से मिट्टी भी अर्पित की।

**जुटे राज्य के दिग्गज नेता :** शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने के लिए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, मधु कोड़ा, सांसद जोबा माझी, पूर्व सांसद गीता कोड़ा और भाजपा नेता रमेश हांसदा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे। सभी ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सरायकेला के उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह और एसपी मुकेश कुमार लूणायत स्वयं तैनात रहे।

### नगर निकाय चुनाव...

अगले दिन रांची नगर निगम सहित नौ नगर निगमों का महापौर, 19 नगर परिषद और 20 नगर पंचायत में अध्यक्ष चुनाव का परिणाम आ सकता है। शुक्रवार को सभी निकायों में कुल 1,309 टेबलों पर वोटों की गिनती शुरू होगी। प्रत्याशियों की संख्या के आधार पर सभी निकायों में राउंड की कुल संख्या अलग-अलग एक से नौ राउंड तक होगी। रांची नगर निगम में पांच राउंड में मतों की गणना होगी तथा यहां 225 टेबल लगाए गए हैं। सभी निकायों में सबसे पहले पार्षद को पड़े वोटों की गणना होगी। इसके बाद महापौर या अध्यक्ष पद के लिए पड़े वोटों की गणना होगी। ऐसे में दो या अधिक दिनों तक मतगणना होने की संभावना है। इस मतगणना से पता चलेगा कि बनने वाली 'नगर की सरकार' में कौन-कौन हिस्सेदार होंगे। मतगणना को लेकर संबंधित जिला प्रशासन ने पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल लगाए हैं। मतगणना प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी होगी।

**नतीजे पर राजनीतिक दलों की भी टिकी होंगी निगाहें :** गैर दलगत चुनाव होने के कारण भले ही राजनीतिक दलों न अपना प्रत्याशी नहीं उतारा है, लेकिन सभी दलों ने अपने-अपने नेताओं व कार्यकर्ताओं को समर्थन दिया है। ऐसे में यह भी पता चलेगा कि निकाय चुनाव में किस दल का पलड़ा भारी रहा। किसे निराशा हाथ लगी। सभी राजनीतिक दलों की निगाहें मतगणना के नतीजों पर टिकी होंगी।

**राज्य भर में बनाए गए 25 मतगणना केंद्र :** मतगणना से नौ नगर निगम, 19 नगर परिषद और 20 नगर पंचायत में हुए चुनाव में मेयर और अध्यक्ष पद के लिए 562 और वार्ड पार्षद व पंचायत सदस्य के 5,562 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला होना है। मतगणना के लिए लिए राज्यभर में 25 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। सभी जिलों में एक-एक मतगणना केंद्र है। सिर्फ देवघर जिले में देवघर के अलावा मधुपुर में भी मतगणना केंद्र बनाया गया है।

**रात आठ बजे के बाद नहीं खुलेगा नया बैलेट बाक्स :** मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू होकर रात आठ बजे तक चलेगी। अगर कोई बैलेट बाक्स खुलेगा और निर्धारित समय पूरा हो जाता है तो वोटों की गिनती होने तक जारी रहेगी। रात आठ बजे के बाद कोई नया बैलेट बाक्स नहीं खुलेगा। वहीं, बचे बाक्स की गिनती अगले दिन सुबह आठ बजे से होगी।

### प्रोटोकॉल तोड़कर आम...

अपने बीच राष्ट्रपति को पाकर लोगों का उत्साह चरम पर था। खासकर महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। कई लोग हाथों में तिरंगा लिए राष्ट्रपति जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। राष्ट्रपति ने भी स्नेहपूर्वक लोगों का अभिवादन किया और भीड़ में मौजूद बच्चों को चॉकलेट बांटी। एक बच्ची ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उसे स्वयं राष्ट्रपति ने चॉकलेट दी। वहीं परविंदर कौर नामक एक महिला ने कहा कि वह कई घंटों से राष्ट्रपति की एक झलक पाने के लिए खड़ी थीं। जब राष्ट्रपति गाड़ी से उतरकर पैदल उनकी ओर आईं, तो यह क्षण उनके लिए अविस्मरणीय बन गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने उनकी बेटी को चॉकलेट देने के साथ आशीर्वाद भी दिया, जिससे परिवार बेहद भावुक और प्रसन्न है।

इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मुस्तैद रही और कहीं भी अफरातफरी की स्थिति नहीं बनी। लोगों को राष्ट्रपति को नजदीक से देखने और उनका अभिवादन करने का अवसर मिला। स्थानीय निवासी एस कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि देश की राष्ट्रपति उनके इलाके में आएंगी। राष्ट्रपति के बारीडीह आगमन से पूरे क्षेत्र में उत्साह और गर्व का माहौल है। गौरतलब है कि कदमा का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद राष्ट्रपति का काफिला मरीन ड्राइव से खरकई लिंक रोड, मानगो गोलचक्कर और भुइयांडीह होते हुए बारीडीह पहुंचा। कॉलेज प्रबंधन ने जानकारी दी कि भविष्य में परिसर में 'द्रौपदी मुर्मू स्पोर्ट्स एंड फूड कैंपस' विकसित करने की दीर्घकालिक योजना है, जो विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक होगा।

### बेकन फैक्ट्री को...

एमएसपी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के बोनस में बढ़ोतरी को तैयार है, लेकिन इसपर केंद्र सरकार का रुख देखना होगा। मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में महिला किसान सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया है। पांच लाख से अधिक किसानों को ऋण स्वीकृत किया गया है। करंज तेल के माध्यम से ग्रीन इकोनॉमी को बढ़ावा दिया जा रहा है। पशुपालन क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग तीन लाख लीटर दूध उत्पादन हो रहा है, जिसे दोगुना करने का लक्ष्य है। इसके बाद स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही शुक्रवार की सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी। उन्होंने कहा कि यह केवल वित्तीय विषय नहीं बल्कि छात्रों के भविष्य से जुड़ा प्रश्न है। एक बार फिर केंद्र से राशि नहीं मिलने के कारण छात्रवृत्ति भुगतान नहीं होने की बात कही।

### भुगतान में देरी...

**मंत्री का जवाब: केंद्र से राशि नहीं मिली :** जवाब में जवाब में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि केंद्र सरकार से केंद्रांश की राशि प्राप्त नहीं होने के कारण राज्यांश की राशि भी जारी नहीं की जा सकी है। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग के एक संकल्प के अनुसार जब तक केंद्रांश की राशि प्राप्त नहीं होती, तब तक राज्यांश की निकासी संभव नहीं है। मंत्री ने कहा कि वित्त विभाग के संकल्प को शिथिल कर राज्यांश की राशि निकाली जा सकती है और राज्य सरकार इसका प्रयास कर रही है। कहा कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री से मिलकर आंकड़ों के साथ केंद्रांश की राशि की मांग की थी, जिसके बाद उन्होंने आश्वासन भी दिया था। राशि नहीं मिलने के बाद उन्होंने विभागीय सचिव को पीत पत्र लिखकर इसकी वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा है। इसपर जयराम महतो ने विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति रहित ब्याज रहित ऋण उपलब्ध कराने का सुझाव देते हुए कहा कि केंद्र से राशि मिलने पर उसकी वसूली की जा सकती है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति नहीं मिलने से विद्यार्थियों की पढ़ाई रुक रही है। सरकार विधायक निधि से यह राशि दे या विधायक आवास निलाम कर, लेकिन विद्यार्थियों को राशि दे। इसपर मंत्री ने कहा कि यह समाधान नहीं है।

समाधान यही हो सकता है कि वित्त विभाग के संकल्प को शिथिल कर राज्यांश की राशि से छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाए।

**राज्य सरकार कर रही वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार :** मंत्री चमरा लिंडा ने सदन को आश्वस्त किया कि सरकार इस समस्या के समाधान के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार कर रही है। वित्त विभाग के उस संकल्प को शिथिल करने पर मंथन चल रहा है, जिसमें केंद्रांश की राशि मिलने से पहले राज्यांश जारी करने पर रोक है। यदि इस संकल्प में ढील दी जाती है, तो राज्यांश की राशि जारी कर छात्रों को जल्द राहत दी जा सकेगी।

**ब्याज रहित ऋण का सुझाव, मंत्री ने किया असंभव :** बहस के दौरान जयराम महतो ने सुझाव दिया कि जब तक छात्रवृत्ति की राशि जारी नहीं होती, तब तक छात्रों को ब्याज रहित ऋण उपलब्ध कराया जाए या विधायक निधि से अस्थायी सहायता दी जाए, ताकि उनकी शिक्षा बाधित न हो। इस पर मंत्री ने स्पष्ट कहा कि यह व्यवस्था संभव नहीं है। उन्होंने दोहराया कि व्यावहारिक समाधान वित्त विभाग के संकल्प में शिथिलता लाने में ही है।

**छात्रों की निगाह सरकार के फैसले पर :** ओबीसी छात्रवृत्ति का मामला राज्यभर के हजारों विद्यार्थियों से जुड़ा है। अब सबकी निगाह इस बात पर टिकी है कि सरकार वित्तीय नियमों में कब और कैसे बदलाव करती है, ताकि लंबित छात्रवृत्ति राशि का भुगतान सुनिश्चित हो सके।

### इजरायल के साथ...

2018 में प्रधानमंत्री नेतन्याहू और मैंने भारत में आईक्रिएट टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर का उद्घाटन किया था। तब से इसने लगभग 900 स्टार्ट-अप्स को समर्थन दिया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछले सप्ताह भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा और व्यापक एआई इम्पैक्ट समिट आयोजित किया, जिसमें 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### डायन बिसाही के...

अंधविश्वास के कारण एक और हत्या, इलाके में दहशत : इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। अंधविश्वास और डायन बिसाही जैसी कुप्रथा के कारण एक और निर्दोष महिला की जान चली गई। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# रेल मंत्री वैष्णव ने रेलवे के डिजिटलीकरण की घोषणा की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को भारतीय रेल की प्रमुख "52 सप्ताह में 52 सुधार" पहल के तहत सुधार संख्या तीन और सुधार संख्या चार के रूप में रेल टेक नीति और रेल दावा न्यायाधिकरण (आरसीटी) के पूर्ण डिजिटिलीकरण की घोषणा की रेल टेक नीति का उद्देश्य भारतीय रेल में इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए इनोवेटर्स, स्टार्टअप्स, उद्योग और संस्थानों को शामिल करना है। रेल मंत्रालय ने बयान में कहा कि नई नीति इनोवेटर्स के चयन को सरल बनाती है और इनोवेटर्स के लिए एक समर्पित 'रेल टेक पोर्टल' की शुरुआत करती है। इस नीति में यूजर के अनुकूल इंटरफेस प्रदान किया गया है, विस्तार अनुदान को तीन गुना से अधिक बढ़ाया गया है और प्रोटोटाइप विकास तथा परीक्षणों के लिए अधिकतम अनुदान को दोगुना कर दिया गया है।



इस नीति के तहत प्रमुख इनोवेशन सेक्टर्स में एआई-आधारित एलीफेंट इंट्रुजन डिटेक्शन सिस्टम (ईआईडीएस), कोचों में एआई-आधारित फायर डिटेक्शन सिस्टम, ड्रोन-आधारित ब्रोकेन रेल डिटेक्शन सिस्टम, रेल स्ट्रेस मॉनिटरिंग सिस्टम, पार्सल वैन (वीपीयू) पर सेंसर-आधारित लोड कैलकुलेशन डिवाइस, कोचों पर सौर पैनल, एआई-आधारित कोच सफाई निगरानी प्रणाली, कोहरे वाले मौसम में बाधा पहचान और एआई-आधारित पेंशन और विवाद समाधान प्रणाली शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने तीसरे सुधार की रूपरेखा बताते हुए कहा कि रेल टेक नीति का उद्देश्य रेलवे में टेक्नोलॉजी का व्यापक और व्यवस्थित समावेश करना है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि स्टार्टअप्स, रिसर्च और इनोवेटर्स को निश्चित रूप से भारतीय रेल से एक संरचित, सार्थक और सरल तरीके से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को, जिसके पास कोई सशक्त टेक्नोलॉजी विचार हों, एक समर्पित रेल टेक पोर्टल के माध्यम से रेल से संपर्क करने की सुविधा मिलनी चाहिए, जो पूरी तरह से डिजिटल और संपूर्ण प्रक्रिया के माध्यम से कार्य करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका उद्देश्य कठोर विनिर्देशों पर आधारित वेंडर चयन की पूर्व जटिल प्रणाली से हटकर, नई टेक्नोलॉजी के परीक्षण और अपनाने पर केंद्रित एक सरल, इनोवेशन-संचालित संरचना तैयार करना है। वैष्णव ने सुधार संख्या चार में रेल दावा न्यायाधिकरण (आरसीटी) के पूर्ण डिजिटलीकरण और एआई-सक्षम रूपांतरण की घोषणा की। ई-आरसीटी प्रणाली रेलवे दावा न्यायाधिकरण के संपूर्ण कम्प्यूटरीकरण और डिजिटलीकरण को सक्षम बनाएगी। यह दावों को दाखिल करने, संसाधित करने और उनका निपटारा करने की प्रक्रिया को तेज, अधिक पारदर्शी और देश में कहीं से भी सुलभ बनाकर उसमें क्रांतिकारी बदलाव लाएगी।

# 7 दिन पहले हवाई यात्रा टिकट बुक करने के 48 घंटे में रद्द करने पर पूरा रिफंड

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हवाई यात्रियों को कुछ राहत देते हुए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने टिकट रद्दीकरण व रिफंड से जुड़े नियमों में थोड़ा संशोधन किया है। संशोधित सिविल एविएशन रिक्वायरमेंट्स (सीएआर) के तहत अब यदि कोई यात्री उड़ान से कम से कम 7 दिन पहले टिकट बुक करता है और बुकिंग के 48 घंटे के भीतर उसे रद्द या संशोधित कर देता है, तो एयरलाइन कोई 'कैंसिलेशन' या 'चेंज' फीस नहीं ले सकेगी। ऐसे मामलों में पूरा किराया लौटाना अनिवार्य होगा। यह निर्णय ऐसे समय आया है जब रिफंड में देरी और शुल्क को लेकर यात्रियों की शिकायतें , दशक पहले अच्छे दिन आने के बाद भी लगातार बढ़ती गईं हैं। दिसंबर 2025 में इंडिगो की उड़ानों में आई परिचालन बाधाओं के दौरान क्या हालत हुई यह तो देश - विदेश में खराब एयर व्यवस्था का वैश्विक उदाहरण बन गया। इस किरकिरी , फ़ज़ीहत व केस होने के इतने समय बाद अब जाकर संबंधित मंत्रालय ने रिफंड प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी व यात्री-हितैषी बनाने की बात कहते हुए फेस सेविंग की यह कोशिश की है।

**7 दिन पहले खरीदा गया शर्त के साथ है 48 घंटे की एक 'फ्री लुक-इन' अवधि -**

नए नियम के तहत 48 घंटे की एक 'फ्री लुक-इन' अवधि दी गई है, लेकिन यह सुविधा सार्वभौमिक नहीं है। इसकी प्रमुख शर्त यह है कि टिकट यात्रा तिथि से कम से कम 7 दिन पहले खरीदा गया हो। यदि टिकट उड़ान से 2–3 दिन पहले बुक किया गया है, तो यह छूट लागू नहीं होगी। ऑनलाइन पोर्टल या ट्रैवल एजेंट के जरिए टिकट लेने पर भी रिफंड की जिम्मेदारी एयरलाइन की ही होगी। नियामक ने स्पष्ट किया है कि एजेंट को एयरलाइन का प्रतिनिधि माना जाएगा; इसलिए एयरलाइन यह नहीं कह सकती कि भुगतान एजेंट के पास अटका है। रिफंड की समय सीमा भी तय कर दी गई है—हर हाल में 14 कार्यदिवस के भीतर पैसा लौटाना होगा। उल्लंघन पर जुर्माने की कार्रवाई संभव है। मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में, यदि यात्री या उसी पीएनआर पर दर्ज पारिवारिक सदस्य अस्पताल में भर्ती हो जाता है, तो एयरलाइन को या तो पूरा रिफंड देना होगा या भविष्य में उपयोग के लिए 'क्रेडिट शेल' उपलब्ध करानी होगी। अन्य स्वास्थ्य मामलों में निर्णय



एयरलाइन के एरोस्पेस मेडिसिन विशेषज्ञ या डीजीसीए पैनल के डॉक्टर की रिपोर्ट पर आधारित होगा।हालांकि, 48 घंटे के भीतर बदलाव करने पर भी यदि नई तारीख का बेस फेयर पहले से अधिक है, तो किराए का अंतर यात्री को देना पड़ेगा। 48 घंटे की अवधि बीतने के बाद सामान्य नियम—यानी संबंधित एयरलाइन की कैंसिलेशन व चेंज पॉलिसी—लागू होगी। भारत का यह कदम कुछ तो सहूलियत वाला होने की संभावना है, लेकिन वैश्विक मानकों से तुलना करें तो कुछ देशों में नियम और अधिक उपभोक्ता-अनुकूल हैं।

उदाहरण के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका में परिवहन विभाग (डाट) के नियम के तहत यदि टिकट उड़ान से 7 दिन पहले खरीदा गया है, तो 24 घंटे के भीतर बिना किसी शुल्क के रद्द किया जा सकता है—यह सुविधा सभी एयरलाइंस पर लागू होती है और बुकिंग चैनल से स्वतंत्र होती है। यूरोपीय संघ में ईयू 261 विनियमन मुख्यतः उड़ान रद्द/देरी पर मुआवजे से जुड़ा है, लेकिन कई यूरोपीय एयरलाइंस स्वेच्छा से 24 घंटे की 'कूलिंग -ऑफ' अवधि देती हैं। साथ ही, उड़ान रद्द होने पर तय मुआवजा संरचना भारत के गुडी -गुडी से बहुत ज्यादा सख्त होती है। कनाडा के एयर पैसेंजर प्रोटेक्शन रेगुलेशंस (एपीपीआर) में देरी/रद्दीकरण पर स्पष्ट मुआवजा प्रावधान हैं।ऑस्ट्रेलिया में हाल में उपभोक्ता अधिकारों को मजबूत करने के लिए एविएशन चार्टर लागू किया गया है, हालांकि वहां 48 घंटे जैसा सार्वभौमिक मुफ्त कैंसिलेशन नियम नहीं है।

**तुलनात्मक चार्ट-**

| देश/क्षेत्र | फ्री कैंसिलेशन विंडो | शर्त | रिफंड समय सीमा | देरी/रद्दीकरण पर मुआवजा व्यवस्था |
|---|---|---|---|---|
| भारत | 48 घंटे | उड़ान से ≥7 दिन पहले बुकिंग | 14 कार्यदिवस | सीमित, केस आधारित |
| संयुक्त राज्य अमेरिका | 24 घंटे | उड़ान से ≥7 दिन पहले बुकिंग | त्वरित/कार्ड नियम अनुसार | स्पष्ट डाट नियम |
| यूरोपीय संघ | आमतौर पर 24 घंटे (एयरलाइन पर निर्भर) | एयरलाइन नीति आधारित | नियत समय सीमा | ईयू 261 के तहत तय मुआवजा |
| कनाडा | एयरलाइन नीति आधारित | भिन्न | निर्धारित श्रेणी अनुसार | एपीपीआर के तहत तय |
| ऑस्ट्रेलिया | सामान्यतः नीति आधारित | भिन्न | उपभोक्ता कानून अनुसार | मजबूत उपभोक्ता कानून |

फिलहाल भारत में 48 घंटे का 'जीरो कैंसिलेशन' प्रावधान यात्रियों के लिए कुछ तो राहत है , विशेषकर तब जब टिकट पहले से योजना बनाकर खरीदा गया हो। एजेंट के माध्यम से बुकिंग पर भी एयरलाइन की जवाबदेही तय करना और 14 कार्यदिवस की समय सीमा निर्धारित करना प्रणाली को देखिए कितना पारदर्शी बना पाता है? हालांकि, अमेरिका व यूरोपीय संघ जैसे क्षेत्रों की तुलना में भारत में मुआवजा और सार्वभौमिक 'कूलिंग-ऑफ' प्रावधान अभी भी सीमित दायरे में हैं। फिर भी, मौजूदा संशोधन भारतीय विमानन क्षेत्र को अधिक जवाबदेह और यात्री-केंद्रित बनाने की दिशा में कुछ तो आगे बढ़ता दिखाने की कोशिश हुई ।

# सिक्किम में 2 बार आया भूकंप, दहशत में लोग

**गंगटोक ।** पूर्वोत्तर के राज्य सिक्किम में गुरुवार को भूकंप के 4.6 और 3.5 तीव्रता वाले दो झटके महसूस किए गए। पूर्वाह्न 11 बजकर 24 मिनट पर 4.6 की तीव्रता वाला पहला भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र ग्यालशिंग जिले के युक्सोम से चार किमी उत्तर-पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई में था। यह झटका काफी तेज था। गंगटोक, नामची, मंगन और पेलिंग जैसे इलाकों में भी महसूस किया गया। घबराए लोग घरों से बाहर निकल आए और कई जगहों पर लोग डर के मारे चीखते हुए सड़कों पर पहुंच गए। इसके बाद मांगन जिले में दोपहर 12 बजकर 17 मिनट पर 3.5 तीव्रता वाला भूकंप का दूसरा झटका महसूस किया गया।

# 1 मार्च से बिना सिम कार्ड नहीं चलेंगे मैसेजिंग ऐप, 6 घंटे में हो जाएंगे लॉगआउट

## वाट्सऐप, टेलिग्राम, सिगनल, स्नैपचैट, शेयरचैट, जियोचैट, जोश प्लेटफॉर्म तभी काम करेंगे जब संबंधित मोबाइल नंबर वाला सिम उसी फोन में हो

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** डिजिटल दुनिया में 1 मार्च 2026 से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। केंद्र सरकार ने 'सिम बाइंडिंग' के नियमों को लागू करने की 28 फरवरी की समय-सीमा बढ़ाने से साफ इनकार कर दिया है। इसके साथ ही साफ हो गया है कि अब मोबाइल में सक्रिय और रजिस्टर्ड सिम कार्ड के बिना मैसेजिंग ऐप्स का इस्तेमाल संभव नहीं होगा। नए प्रावधान के तहत वाट्सऐप,टेलिग्राम,सिगनल,स्नैपचैट,शेयरचैट, जियोचैट,जोश जैसे प्लेटफॉर्म तभी काम करेंगे जब संबंधित मोबाइल नंबर वाला सिम उसी फोन में मौजूद होगा। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि कंप्यूटर या लैपटॉप पर लॉगिन किया गया व्हाट्सऐप वेब अब अधिकतम 6 घंटे में स्वतः लॉगआउट हो जाएगा, यदि सिम आधारित प्रमाणीकरण सक्रिय न हो।




### क्या है 'सिम बाइंडिंग'?

'सिम बाइंडिंग' एक तरह का डिजिटल सुरक्षा कवच है। इसके तहत किसी मैसेजिंग ऐप को उस फोन में लगे फिजिकल सिम कार्ड से जोड़ा (लॉक) जाएगा। मतलब साफ है—अगर सिम कार्ड फोन से निकाला गया या नंबर किसी दूसरे डिवाइस पर इस्तेमाल करने की कोशिश हुई, तो ऐप काम करना बंद कर सकता है।सरकार का तर्क है कि इससे साइबर ठगी, फर्जी कॉल सेंटर और नंबर क्लोनिंग जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। डिजिटल फ्रॉड में अक्सर अपराधी एक नंबर को कई डिवाइस पर चलाकर पहचान छुपाते हैं—नई व्यवस्था इस पर रोक लगाने की कोशिश है।

### डेडलाइन क्यों नहीं बढ़ी?

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्पष्ट किया है कि यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबर धोखाधड़ी पर नियंत्रण के लिए है, इसलिए समय-सीमा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। सरकार ने कंपनियों को 120 दिनों के भीतर अनुपालन रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। नियमों का उल्लंघन होने पर टेलिकम्युनिकेशन्स एक्ट 2023और संबंधित साइबर सुरक्षा नियमों के तहत कार्रवाई हो सकती है।

### उपभोक्ता पर क्या असर?

- **जिस नंबर पर आपका मैसेजिंग अकाउंट है, वही सिम उसी फोन में होना अनिवार्य होगा।**
- **सिम हटाते ही ऐप अस्थायी रूप से बंद हो सकता है।**
- **वेब या डेस्कटॉप लॉगिन 6 घंटे बाद स्वत: समाप्त हो सकता है।**
- **एक अकाउंट को कई लोग मिलकर इस्तेमाल करते हैं, तो उन्हें तकनीकी दिक्कतें आ सकती हैं।**

इंटरनेट उद्योग संगठन ने आशंका जताई है कि 6 घंटे वाला लॉगआउट नियम प्रोफेशनल और कॉरपोरेट यूजर्स के लिए सुविधाजनक हो सकता है।

### दो और बड़े संकेत:

**1. सैटेलाइट इंटरनेट पर :** सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक को भारत में संचालन से पहले सुरक्षा एजेंसियों के समक्ष यह प्रदर्शित करना होगा कि जरूरत पड़ने पर सीमाओं के बाहर इंटरनेट एक्सेस बंद किया जा सकता है और सरकार को नेटवर्क कंट्रोल दिया जा सकता है।

**2. बीएसएनएल प्रकरण :** सरकारी कंपनी बीएसएनएल के एक वरिष्ठ अधिकारी के दौरे को लेकर जारी विशेष इंतजाम वाले आदेश पर विवाद के बाद 'कारण बताओ' नोटिस जारी किया गया है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि 21वीं सदी में इस तरह की व्यवस्था स्वीकार्य नहीं है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि कंपनी फिलहाल बेहतर नकदी प्रवाह की स्थिति में है।

### क्या केवल भारत में है ऐसा नियम?

दुनिया के कई देशों में मैसेजिंग सेवाओं को मोबाइल नंबर से जोड़ना अनिवार्य है, लेकिन फिजिकल सिम की अनिवार्यता और 6 घंटे में वेब लॉगआउट जैसा सख्त प्रावधान कम ही देखने को मिलता है।

**अंतरराष्ट्रीय तुलना -**

| देश | मोबाइल नंबर अनिवार्य | फिजिकल सिम की अनिवार्यता | वेब/डेस्कटॉप ऑटो-लॉगआउट नियम | साइबर ट्रेसबिलिटी प्रावधान |
|---|---|---|---|---|
| भारत | हां | हां (1 मार्च 2026 से) | 6 घंटे (प्रस्तावित नियम) | सख्त, टेलीकॉम व आईटी कानून के तहत |
| इंग्लैंड | अधिकांश ऐप में हां | नहीं | ऐप-आधारित | जांच एजेंसियों को डेटा एक्सेस अधिकार |
| अमेरिका | हां (ओटीपी आधारित) | नहीं | प्लेटफॉर्म पर निर्भर | कोर्ट ऑर्डर पर डेटा उपलब्ध |
| यूएई | हां | आंशिक (सिम के वाई सी सख्त) | प्लेटफॉर्म आधारित | वीओआईपी पर नियंत्रण, सख्त निगरानी |
| चीन | हां | हां (रियल-नेम रजिस्ट्रेशन) | राज्य-नियंत्रित प्लेटफॉर्म | व्यापक सरकारी निगरानी |

1 मार्च से लागू होने जा रहे 'सिम बाइंडिंग' नियम डिजिटल संचार को अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में सरकार का बड़ा कदम बताए जा रहे हैं। हालांकि, इससे यूजर्स की सुविधा, मल्टी-डिवाइस उपयोग और प्रोफेशनल वर्कफ्लो पर असर पड़ना तय है। डिजिटल आजादी और डिजिटल सुरक्षा—दोनों के बीच संतुलन कैसे बनेगा, इसका असली परीक्षण अब 1 मार्च के बाद ही होगा।

# क्यूबा के एक्शन से अमेरिका में हड़कंप

**नई दिल्ली ।** क्यूबा आर्मी के एक एक्शन से अमेरिका में हड़कंप मच गया है। क्यूबा सरकार ने बुधवार को कहा कि क्यूबा के सैनिकों ने फ्लोरिडा-रजिस्टर्ड स्पीडबोट पर सवार 4 लोगों को मार गिराया और 6 अन्य को घायल कर दिया। यह स्पीडबोट क्यूबा के जल क्षेत्र में घुस गई थी और पहले सैनिकों पर गोलीबारी की थी। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पत्रकारों से कहा कि उन्हें क्यूबाई सैनिकों के साथ इस घटना की जानकारी मिली है और अमेरिका अब अपनी जानकारी इकट्ठा कर रहा है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि पीड़ित अमेरिकी नागरिक थे या स्थायी निवासी।

# टैरिफ के बाद ट्रंप की 'थर्ड कंट्री' डिपोर्टेशन पॉलिसी भी हुई गैरकानूनी, कोर्ट ने फैसले को दिया रद्द करने का आदेश

एजेंसी । वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कोर्ट से एक और बड़ा झटका लगा है। ट्रंप के टैरिफ को अवैध ठहराने के बाद अब अदालत ने उनकी 'थर्ड कंट्री' डिपोर्टेशन पॉलिसी को भी गैरकानूनी ठहरा दिया है। कोर्ट ने ट्रंप की डिपोर्टेशन पॉलिसी को अवैध ठहराते हुए इसे रद्द करने का आदेश जारी किया है। एक फेडरल जज ने बुधवार को यह फैसला सुनाया। फेडरल जज द्वारा फैसला देने के बाद ट्रंप प्रशासन में खलबली मच गई है। अब सुप्रीम कोर्ट इसमें आखिरी फैसला करेगा, क्यों यह मामला पहले से ही देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच चुका है। मैसाचुसेट्स के यूएस डिस्ट्रिक्ट जज ब्रायन ई. मर्फी ने अपना फैसला 15 दिनों के लिए स्थगित करने पर सहमति जताई, ताकि सरकार को अपील करने का समय मिल सके। मर्फी ने नोट किया कि पिछले साल यूएस सुप्रीम कोर्ट ने प्रशासन के पक्ष में फैसला दिया था, जिससे मर्फी के पिछले फैसले पर रोक लग गई और कई प्रवासियों को युद्धग्रस्त दक्षिण सूडान भेजने वाली उड़ान पूरी होने की अनुमति मिल गई, जहां उनका कोई संबंध नहीं था। फैसला सुनाने वाले जज मर्फी ने कहा कि होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) की नीति को चुनौती देने वाले प्रवासियों को उन्हें थर्ड कंट्री में भेजे जाने से पहले "अर्थपूर्ण नोटिस" और आपत्ति जताने का अवसर मिलना चाहिए। नीति "वैध चुनौतियों को समाप्त कर देती है, क्योंकि निर्वासन चुनौतियां उठाने से पहले ही लागू कर दिया जाता है। जज ने कहा-ये हमारे कानून हैं, और संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्म लेने की अविश्वसनीय किस्मत के लिए गहन कृतज्ञता के साथ यह अदालत इन कानूनों और हमारे राष्ट्र के मूल सिद्धांत की पुष्टि करती है: कि इस देश में किसी भी 'व्यक्ति' को 'कानून की उचित प्रक्रिया' के बिना जीवन, स्वतंत्रता या संपत्ति से वंचित नहीं किया जा सकता।



# अमेरिका का पूर्व एयरफोर्स पायलट गिरफ्तार चीन के पायलटों को दे रहा था ट्रेनिंग

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका के पूर्व वायुसेना अधिकारी और पायलट जेराल्ड एडी ब्राउन को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने चीनी सैन्य पायलटों को बिना किसी अनुमति के रक्षा संबंधी सेवाएं दीं और ऐसी सेवाएं देने की साजिश रची। बताया जा रहा है कि उन्होंने 2023 से ही चीनी पायलटों को ट्रेनिंग देने का काम शुरू कर दिया था, और इसे गद्दारी करार दिया गया है। न्याय विभाग के नेशनल सिक्योरिटी डिवीजन के सहायक अटॉर्नी जनरल जॉन आइजनबर्ग ने कहा,'संयुक्त राज्य वायुसेना ने मेजर ब्राउन को एक बेहतरीन फाइटर पायलट बनाने के लिए प्रशिक्षित किया था और उन्हें हमारे देश की रक्षा का जिम्मा सौंपा था। अब उन पर चीनी पायलटों को ट्रेनिंग देने का आरोप लगाया गया है।

# पाकिस्तान में बढ़ता आतंकी खतरा, साउथ वजीरिस्तान में धारा-144 लागू, रहेगा कर्फ्यू

**इस्लामाबाद ।** पिछले कुछ महीनों में साउथ वजीरिस्तान इलाके में सुरक्षा की स्थिति खराब होती जा रही है। पूरे प्रांत में आतंकी गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई है। पाकिस्तान के साउथ वजीरिस्तान अपर और साउथ वजीरिस्तान लोअर जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई है। जिला प्रशासन ने बढ़ती सुरक्षा चिंताओं और सामान की आवाजाही को आसान बनाने के लिए यह कदम उठाया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा बलों की परिचालन गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने के लिए लिया गया है। पाकिस्तान की सरवे काई और सरारोगा तहसीलों में सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे (स्थानीय समय) तक धारा 144 लागू रहेगी।

# बेहद सफल रहा सीएम योगी का सिंगापुर-जापान दौरा, 1.5 लाख करोड़ के एमओयू, 2.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए

एजेंसी । नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सिंगापुर और जापान दौरा निवेश, तकनीक और वैश्विक साझेदारी के लिहाज़ से अभूतपूर्व रूप से सफल रहा। दोनों देशों में हुए निवेश संवादों के दौरान कुल 1.5 लाख करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर हुए, जबकि 2.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यह यात्रा वर्ष 2029-30 तक उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। जापान में आयोजित निवेश संवाद के दौरान प्रदेश सरकार को हजारों करोड़ रुपये के एमओयू और निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। जापान में निवेश संवाद के दौरान जिन प्रमुख कंपनियों के साथ एमओयू हस्ताक्षरित हुए, उनमें कुबोटा कॉरपोरेशन, स्पार्क मिंडा (सहयोग में टोयो डेन्सो), जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री और नागासे एंड कंपनी लिमिटेड शामिल हैं। वहीं बी2जी बैठक में सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन, होंडा कार्स इंडिया लि., कोनोइके ट्रांसपोर्ट कंपनी लि., मित्सुई एंड कंपनी लि., रैपिडस कॉरपोरेशन, मारुबेनी कॉरपोरेशन, सुमितोमो रियलिटी एंड डेवलपमेंट कंपनी लि. और एमयूएफजी बैंक जैसी दिग्गज कंपनियों ने सहभागिता की। इन कंपनियों के प्रमुख निवेश क्षेत्र कृषि मशीनरी, ऑटो ओईएम व कंपोनेंट्स, ऑटो आरएंडडी, सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर, ग्रीन हाइड्रोजन, पावर-टू-गैस, कंप्रेस्ड बायो गैस, ईएसडीएम, लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग रहे।



**ग्रीन हाइड्रोजन उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना**

जापान दौरे में हरित ऊर्जा सहयोग को बढ़ावा देते हुए यूनिवर्सिटी ऑफ यामानाशी, यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी, आईआईटी कानपुर, हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी, आईआईटी बीएचयू और मदन मोहन मालवीय यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के सहयोग से ग्रीन हाइड्रोजन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की घोषणा की गई।